आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 255 | उज्जैन, रविवार 27 सितम्बर, 2026 | आश्विन कृष्ण 1 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

आज
* अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस

देश विदेश

उत्तराखंड में बारिश का रेड अलर्ट, चारधाम यात्रा रुकी

नई दिल्ली। उत्तराखंड में चमोली के हेमकुंड साहिब, बद्रीनाथ में शनिवार को बर्फबारी हुई। वहीं, पिथौरागढ़-घाट सड़क पर भूस्खलन के चलते 300 से ज्यादा गाड़ियां फंस गई हैं। चारधाम यात्रा दो दिनों के लिए रोक दी गई है। अर्नब चक्रवात के असर से उत्तर प्रदेश, बिहार समेत 8 राज्यों में तेज बारिश हो रही है। बंगाल की खाड़ी में बना मौसमी सिस्टम अब दक्षिण छत्तीसगढ़ से उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ रहा है। इसके चलते राजस्थान-मध्य प्रदेश समेत 14 राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश में करीब 48 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। 40-50 किमी/घंटे की हवाएं चल रही हैं।

दो सेना प्रमुख समेत 14 लोगों की विमान हादसे में मौत

किंशासा। मध्य अफ्रीकी देश डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआर कांगो) से एक बेहद दर्दनाक विमान हादसे की खबर सामने आई है। सेना का एक विमान तकनीकी खराबी के चलते दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें दो शीर्ष सैन्य जनरलों समेत सवार सभी 14 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में देश की सैन्य अदालत के प्रमुख और सशस्त्र बलों के ऑडिटर जनरल जैसे उच्च पदस्थ अधिकारी शामिल हैं। इस भीषण त्रासदी के बाद कांगो की सेना और रक्षा महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है।

पाकिस्तानी पीएम की धमकी पानी रोकना जंग जैसा

न्यूयॉर्क। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने यूएन में भारत को जंग की धमकी दी। उन्होंने कहा कि भारत सिंधु नदी का पानी न रोके। पानी रोकने की कोशिश को पाकिस्तान युद्ध की कार्रवाई मानेगा। शहबाज शरीफ ने यूएन में कश्मीर का मुद्दा भी उठाया। शहबाज ने कहा कि कश्मीर हमारे लिए गर्दन की नस है। कश्मीर का मुद्दा उठाने पर यूएन में भारत की फर्स्ट सेक्रेटरी पेटल गहलोत ने कहा कि पाकिस्तान को अवैध कब्जे वाले कश्मीर की हालत देखनी चाहिए। शहबाज शरीफ ने अपने भाषण में पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव का भी जिक्र किया।

रीति तिवारी की आपत्तिजनक टिप्पणी पर भड़के सलमान



बोले- किसी का अपमान करने की भी एक सीमा होनी चाहिए, आपको इस पर गर्व क्यों है

मुंबई। सलमान खान ने रीति तिवारी को उदिति सिंह और काजी तौकीर के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर फटकार लगाई। बिग बॉस 20 के इस हफ्ते के वीकेंड का वार के प्रोमो में सलमान ने रीति से पूछा कि वह अपनी बातों पर गर्व क्यों कर रही हैं और कहा कि किसी का अपमान करने की भी एक लिमिट होनी चाहिए। दरअसल, हाल ही में एक डिस बैटल के दौरान रीति तिवारी ने उदिति सिंह और काजी तौकीर को लेकर टिप्पणी की थी। टास्क खत्म होने के बाद भी रीति अपने बयान पर कायम रहीं। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने किए पर गर्व है और उन्हें भरोसा है कि उनके पिता भी उन पर गर्व करेंगे। आने वाले वीकेंड का वार के प्रोमो में सलमान खान रीति के व्यवहार पर सवाल करते नजर आएंगे। सलमान ने कहा कि रीति काजी से जलती हैं और असुरक्षित महसूस करती हैं। इस पर रीति ने कहा कि वह काजी से नहीं जलतीं, बल्कि उन्हें एक व्यक्ति के तौर पर पसंद नहीं करतीं। इसके बाद सलमान ने टास्क के दौरान उदिति और काजी के खिलाफ की गई रीति की टिप्पणियों पर बात की।

नैनो न्यूज

- **नागपुर-मुंबई** दुरंतो एक्सप्रेस पर पथराव, टूटे एसी कोच के शीशे, यात्रियों में मचा हड़कंप, आरपीएफ कर रही जांच।
- **मुंबई** : इंटरनेट पर फ्री टीवी देखना अब नहीं रहेगा मुफ्त, ट्राई की नई तैयारी से टेक कंपनियों में खलबली।
- **लखनऊ** : पाकिस्तान ने गड़बड़ की तो ब्रह्मोस से नेस्तनाबूद कर देंगे, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दी नसीहत।
- **कोलकाता** : टीएमसी विधायक कुणाल घोष की कार पर हमला, ममता की रैली में जाते समय अंडे फेंके, शीशा तोड़ा, 4 महीने में तीसरी बार हमला हुआ।
- **वाशिंगटन** : एआई एजेंट की अमेरिकी सरकारी वेबसाइट्स से छेड़छाड़, डेटा एक्सेस कर इंटरनेट पर डाला, कंपनी बोली- सटीक जानकारी जुटाना मकसद था।
- **नई दिल्ली** : चीन के रूट से हट रहे इंटरनेट केबल, अब ये हिंद महासागर में बिछ रहे, भारत को फायदा; दुनिया का 99% डेटा समुद्र के नीचे चलता है।

देवास रोड पर स्कूल के सामने शराब का कारोबार, इंदौर रोड पर शनि मंदिर के आसपास और तपोभूमि से पहले बड़ा शराब आउटलेट

स्कूल और मंदिरों के रास्ते पर शराब, शराब बन्दी किस दायरे में?

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवास रोड पर निर्मला कॉन्वेंट स्कूल के लगभग सामने बड़ा शराब आउटलेट अलग ही संदेश देता नजर आता है। जिस मार्ग से शहर में प्रवेश होता है, उसी क्षेत्र में शिक्षण संस्थान के सामने शराब की दुकान का होना नागरिकों के लिए सवाल खड़े करता है। दूसरी ओर इंदौर रोड पर नवग्रह शनि मंदिर के आसपास और तपोभूमि से पहले बड़ा शराब आउटलेट धार्मिक नगरी की शराबबंदी की मंशा को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है।

शहर के भीतर बंदी, मुहाने पर शराब- सरकार ने शहर के भीतर शराब कारोबार पर रोक लगाई, लेकिन यदि प्रमुख प्रवेश मार्गों पर बड़े आउटलेट सक्रिय हैं तो यह देखना जरूरी है कि शराबमुक्ति की नीति का वास्तविक असर कितना हुआ। शहर के भीतर दुकान का शटर गिरने के बाद ग्राहक को कुछ किलोमीटर बाहर जाकर वही शराब उपलब्ध हो जाए तो सवाल केवल दुकान के स्थान का नहीं, बल्कि नीति की भावना का भी है। शहर के अंदर शराब नहीं, लेकिन शहर के दरवाजे पर बड़े शराब केंद्र-क्या यही शराबमुक्त धार्मिक नगरी की परिकल्पना है?



तपोभूमि के रास्ते पर शराब का कारोबार

इंदौर रोड का मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी दिशा में नवग्रह शनि मंदिर और आगे तपोभूमि जैसे धार्मिक स्थल हैं। तपोभूमि जैन समाज का महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्र है, जहां देशभर से श्रद्धालु आते हैं और जैन साधु-संतों का भी आगमन होता रहता है।

ऐसे मार्ग पर बड़े शराब आउटलेट की मौजूदगी को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि धार्मिक नगरी को शराबमुक्त करने की नीति में धार्मिक स्थलों की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों और शहर के प्रवेश क्षेत्रों को किस दृष्टि से देखा गया है।

जैन समाज के साथ कैसा व्यवहार?

तपोभूमि की ओर जाने वाले मार्ग पर शराब कारोबार की मौजूदगी को लेकर जैन समाज सहित धार्मिक और सामाजिक संगठनों की भावनाओं को भी प्रशासन को समझना होगा। सवाल किसी व्यक्ति या कारोबारी के खिलाफ नहीं, बल्कि उस सार्वजनिक वातावरण का है जो धार्मिक स्थल की ओर जाने वाले मार्ग पर दिखाई देता है।

यदि सभी नियमों के तहत लाइसेंस जारी हुआ है तो प्रशासन को उसकी प्रक्रिया और नियम सार्वजनिक करने चाहिए। यदि किसी नियम, दूरी या अनुमति का उल्लंघन सामने आता है तो कार्रवाई भी स्पष्ट होनी चाहिए।

और यही सबसे बड़ा सवाल है- अगर स्कूल को शहर का हिस्सा मानने में कागज आड़े आ रहा है और शराब की दुकान को अनुमति देने में वही कागजी सीमा सुविधा बन रही है, तो आखिर यह सीमा किसके लिए है?

महिलाएं और सामाजिक संगठन उठाएं सवाल- यदि उज्जैन को वास्तव में शराब के प्रभाव से मुक्त रखने का उद्देश्य है तो केवल सरकारी आदेश पर्याप्त नहीं होगा। महिलाओं, धार्मिक-सामाजिक संगठनों, जैन समाज, नागरिक मंचों और युवा संगठनों को तथ्यों और दस्तावेजों के साथ शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखनी चाहिए।

कागज पर शहर से बाहर... तो नियम क्या कहेंगे?

- दुर्भाग्य यह है कि प्रमुख स्कूल भी कागजी शहर सीमा के बाहर और शराब की बड़ी दुकान भी वहीं!
- उज्जैन को धार्मिक नगरी और शराबमुक्त शहर बनाने की चर्चा के बीच देवास रोड का दृश्य एक अलग ही सवाल खड़ा करता है। एक ओर प्रमुख शिक्षण संस्थान शहर की कागजी सीमा से बाहर हो जाता है, दूसरी ओर उसी इलाके में शराब का बड़ा आउटलेट नजर आता है।
- तो फिर सरकारी नियम आखिर किस सीमा को मानते हैं-कागज पर खींची गई शहर की सीमा को या जमीन पर मौजूद आबादी, स्कूल और धार्मिक वातावरण को?
- आबकारी नियमों में शराब दुकानों के लिए स्कूल, धार्मिक संस्थानों और कुछ अन्य संवेदनशील स्थानों के संबंध में दूरी तथा स्थान से जुड़ी शर्तें हैं। हाईवे को लेकर भी अलग प्रावधान रहे हैं।
- इसलिए सवाल भावनाओं से ज्यादा मौके की वास्तविक स्थिति और नियमों की जांच का है।
- यदि स्कूल और शराब दुकान दोनों शहर के मुहाने पर हैं तो प्रशासन को सार्वजनिक रूप से बताना चाहिए कि दुकान की दूरी किस बिंदु से मापी गई? सड़क से, प्रवेश द्वार से या लागू वर्तमान नियम के अनुसार किसी अन्य तरीके से? लाइसेंस देते समय किस अधिकारी ने स्थल निरीक्षण किया?
- कागज पर शहर खत्म हो जाता है, लेकिन शहर की जरूरतें, बच्चों का आवागमन और धार्मिक नगरी की पहचान तो सीमा रेखा पर खत्म नहीं होती।

तेलंगाना में गणेश उत्सव के समापन और प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए हादसों में

सब-इंस्पेक्टर समेत 13 लोगों की मौत, 26 गंभीर घायल

एजेंसी ▸▸ हैदराबाद

तेलंगाना में गणेश उत्सव के समापन और प्रतिमा विसर्जन के दौरान कई दर्दनाक हादसों की खबर सामने आई है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में विसर्जन समारोहों के दौरान हुई अलग-अलग दुर्घटनाओं में 13 लोगों की असमय जान चली गई, जबकि 26 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जान गंवाने वालों में ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर भी शामिल हैं। इस दुखद घटनाक्रम की आधिकारिक पुष्टि खुद तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक सीवी आनंद ने की है।

डीजीपी सीवी आनंद ने शनिवार को मीडिया से जानकारी साझा करते हुए बताया कि राज्यभर में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान विभिन्न स्थानों पर अनहोनी घटनाएं सामने आईं। इन त्रासदियों में एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर सहित कुल 13 लोगों ने अपनी जान गंवाई और 26 लोग जख्मी हुए। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। हालांकि, ये हादसे किन परिस्थितियों में हुए-क्या यह पानी में डूबने से हुए या भीड़ और अन्य दुर्घटनाओं के कारण- इसको लेकर विस्तृत प्रशासनिक रिपोर्ट जुटाई जा रही है।



बदनावर में गणेश विसर्जन के दौरान तालाब में डूबने से तीन युवकों की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बदनावर

धार जिले के बदनावर में अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान शुक्रवार शाम हादसा हो गया। डोलची रोड स्थित पोखर में डूबने से तीन युवकों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने तीनों को बाहर निकालकर सीपीआर देने की कोशिश की। इसके बाद तीनों को सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान पवन उर्फ कान्हा राठौड़ (19), राहुल प्रजापत (20) और निहाल भांभी के रूप में हुई है। पवन सुभाष मार्ग, बदनावर का रहने वाला था। राहुल और निहाल सरस्वती कॉलोनी में रहते थे। बताया जा रहा है कि तीनों युवक दोस्तों के साथ गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए डोलची रोड स्थित पोखर पहुंचे थे। प्रतिमा विसर्जन के दौरान वे गहरे पानी में चले गए और डूब गए।

जहरीली शराब पीने से नगालैंड में 19 की मौत, 3 हजार बोतलें जब्त

एजेंसी ▸▸ कोहिमा

नगालैंड में जहरीली शराब पीने से 19 लोगों की मौत हो गई है। राज्य में 1990 से शराब पर पाबंदी लागू है। इसके बावजूद पुलिस ने राज्य में 3 हजार बोतलें जब्त की हैं। पुलिस ने बताया कि पिछले दो दिनों में मोकोकचुंग जिले में आठ और तुएनसांग जिले में 11 लोगों की मौत अवैध शराब पीने से हुई है।

पुलिस ने मिलावटी शराब की सप्लाई चेन का पता लगाने के लिए एक टीम बनाई है। सीनियर सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस वेसुप्रा केजो ने शनिवार को बताया कि इन मौतों की जांच करने और मिलावटी शराब के स्रोत और सप्लाई चेन का पता लगाने के लिए एडिशनल सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (एएसपी आई। बुंगलांग चांग की अगुवाई में एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाई गई है। एसएसपी ने कहा, मौत की वजह का पता लगाने के लिए सैंपल फोरेंसिक जांच के लिए गुवाहाटी भेजे गए हैं। हमें कुछ सुराग मिले हैं, लेकिन अभी जानकारी का खुलासा करना जल्दबाजी होगी। राज्य में जहरीली शराब से लोगों की मौत की घटना सामने आने के बाद पुलिस ने कई जगहों पर छापामारी की। पुलिस ने शराब की करीब 3 हजार बोतलें जब्त की हैं और 19 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लोगों को सलाह दी है कि वे बिना पहचान, बिना लेबल या संदिग्ध अवैध शराब न पिएं। साथ ही, शराब पीने के बाद चक्कर आना, धुंधला दिखना, सांस लेने में तकलीफ या बेहोशी जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत मेडिकल मदद लेने की अपील की है।

एसआईआर में नाम छूटा, अधिकारी घर जाकर दस्तावेज लेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

एसआईआर पर विवाद के बीच शनिवार को दिल्ली में चुनाव आयोग की अहम बैठक हुई। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दोनों चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी मौजूद रहे। बैठक में फैसला लिया गया कि बिहार और पश्चिम बंगाल सहित 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष पुनरीक्षण का काम पूरा हो चुका है। इस दौरान किसी व्यक्ति का नाम छूट गया है, या कोई नया मतदाता है, तो वह लिस्ट में अपना नाम शामिल करवाने के लिए आवेदन कर सकता है।

गया पितृपक्ष मेला आ रही 60 तीर्थयात्री से भरी नेपाली बस धू-धू कर जली

एजेंसी ▸▸ खगड़िया

बिहार के खगड़िया जिले में शनिवार की सुबह एनएच-31 पर बड़ा हादसा बड़ा हादसा हो गया। मानसी थाना क्षेत्र में अनिल होटल के सामने चलती सीएनजी यात्री बस में अचानक आग लग गई। बस में करीब 50 से 60 तीर्थयात्री सवार थे। आग लगते ही बस के अंदर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई।

बस में आग लगने की जानकारी मिलते ही यात्रियों में दहशत फैल गई। जान बचाने के लिए यात्री बस से बाहर निकलने लगे। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी यात्रियों को सुरक्षित बस से बाहर निकाल लिया गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी के मुताबिक, बस नेपाल से आ रही थी और उसमें सवार तीर्थयात्री गया जी में पिंडदान के लिए जा रहे थे।

सुगम परिवहन सेवा पर सवाल- रंग बदला, हाल वही, कांग्रेस ने लिखा

खाटारा बसों को हरी झंडी दिखाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

सुगम परिवहन सेवा में जिन 351 बसों को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरी झंडी दिखाई, उन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर यह मामला चर्चा में है। वहीं, कांग्रेस ने इसे लेकर लिखा कि खाटारा बसों को नितिन गडकरी और मोहन बाबू ने हरी झंडी दिखाई। वाह रे सुगम परिवहन!

बता दें कि 25 सितंबर से मध्य प्रदेश में 21 साल बाद सरकारी बस सेवा फिर शुरू हो गई। केंद्रीय मंत्री गडकरी और सीएम डॉ. यादव ने भेल दशहरा मैदान से बसों के साथ मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा लॉन्च की। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, देवास, कटनी और भिंड में इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसें चलेंगी। इनमें 180 इलेक्ट्रिक बसें हैं, जो एयर कंडिशन होकर हाईटेक हैं।

बाकी 171 बसें वे हैं, जो शहरों में सिटी बस के तौर पर चलाई जा रही हैं। इनमें भोपाल की भी 58 बसें शामिल हैं। अब तक यह बसें लाल रंग में थी और भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड के अंतर्गत आती थी, लेकिन अब इन्हें एक ही एजेंसी एमपी यात्री परिवहन कंपनी चलाएगी। नई व्यवस्था के बाद इन बसों पर रेडियम चस्पाने के साथ ऑरेंज कलर भी किया। ताबड़तोड़ हुए इसी काम को लेकर सवाल उठे हैं।

सरकार ने भले ही पुराने बसों को नए कलेवर में बदला हो, लेकिन जब ये सड़कों पर दौड़ रही है तो उनके हाल बुरे ही है। अधिकांश डीजल बसें 7 से 8 साल पुरानी है। भोपाल में अक्सर बसों में खराब और धुआं निकलने के मामले भी सामने आ चुके हैं, तो कई बार बसें चलते-चलते ही सड़क पर खड़ी हो चुकी है। कई बसों के अंदर सीटें उखड़ रही तो हैंडल तक उखड़ चुके हैं। सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन भी बंद है। यानी, बाहर से बेहतर और अंदर से कबाड़ जैसी स्थिति है।



कांग्रेस ने रेडियम निकलते हुए वीडियो जारी किया

कांग्रेस ने बस की बॉडी पर लगाया गया रेडियम उखड़ते हुए वीडियो जारी किया है। कांग्रेस नेता रविंद्र साहू झूमरवाला ने भी पुरानी बस के हालात बताए। वहीं, अभिनव बारोलिया ने बसों के रंग-रोगन के टेंडर पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मप्र परिवहन विभाग के अंतर्गत आज शुरू हुई बस सेवा के रंगाई-पुताई और रेडियम के द्वारा उसको सुंदर बनाने का ये टेंडर है। जो आज दिनांक तक टेंडर पोर्टल पर फ्लोट है। एजेंसी फाइनल नहीं हुई है। तो क्या बसों का काम भूतों के द्वारा करा लिया गया है? गजब का भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा को पार करता सिस्टम।

जिम्मेदार नहीं बता पाए कि ऐसा क्यों किया?

इस मामले में जिम्मेदार अफसरों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। भोपाल जिला प्रशासन के पास पूरे कार्यक्रम का जिम्मा था, लेकिन वह यह स्पष्ट नहीं कर पाया कि सुगम परिवहन सेवा में नई-पुरानी दोनों तरह की बसें शामिल की गई हैं। इसलिए बसों को एकरूपता देने के लिए ऐसा किया गया। इस सेवा में सभी बसें एक विभाग के अंडर में आ जाएगी। जैसे भोपाल में भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड के साथ पीएम बस सेवा का संचालन किया जा रहा है। ऐसा ही इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर-उज्जैन समेत अन्य शहरों में भी है। स्मार्ट सिटी सीईओ अंजू अरुण कुमार का कहना है कि बसों को एकरूपता देने के लिए संबंधित कंपनी ने ही उन पर कलर किया। निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने बताया कि बसें एमपी यात्री परिवहन कंपनी के अधीन हो गई है।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

एंबुलेंस की नदारदी

स्वास्थ्य को लेकर खर्च किए जाने वाले बजट की स्थिति यह है कि उसके अंक इतने होते हैं कि उसे सामान्य आदमी को इकाई, दहाई, सैंकड़ा, हजार की तरह से गिन कर समझना पड़ता है कि आखिर उसके स्वास्थ्य की चिंता लेकर क्या-क्या किया जा रहा है और उससे उसे कितना लाभ मिलेगा। इस सबके विरूद्ध स्वास्थ्य के मामलों में जो सामने आ रहा है वह बजट और योजना के प्रतिकुल ही बयान कर रहा है। हाल ही में मां बगलामुखी मंदिर वाले स्थल पर दुर्घटना में 8 लोग काल कवलित हुए और दूसरे दिन उनके शव को नाले में गिरी कार से निकाला गया। शवों को निकालने के बाद उन्हें बाहर ठेलों पर रखा गया और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल ले जाने की स्थिति में ट्रेक्टर ट्राली का उपयोग करना सामने आ रहा है। यही नहीं कैक्टस गार्डन वाली तहसील में हाल ही में एक नवजात के मिलने का मामला सामने आया। नवजात को लेकर अस्पताल पहुंचे वर्दीधारियों को मजबूरी में डायल 112 का उपयोग कर उसे रतलाम लेकर जाना पड़ा। इतने बड़े आकार के बजट के बावजूद सामान्य आदमी को एंबुलेंस तक नहीं मिल पा रही है। शवों को ले जाने के वाहनों की स्थिति स्पष्ट नहीं है। इसके अलावा जो योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति है वह भी खराब सामने आ रही है। इसे लेकर संभाग के बड़े अधिकारियों ने खुद ही खुलासा किया है। आखिर स्वास्थ्य के भारी भरकम बजट से लाभ क्या और आमजन जनता को कितना सवाल उठना लाजिमी है। खुसूर-फुसूर है कि एंबुलेंस है तो ड्रायवर नहीं है और ड्रायवर है तो स्थलों पर एंबुलेंस नहीं है। आमजन एंबुलेंस के लिए तरसता है और वीआईपी की व्यवस्था में एंबुलेंस फ्री में दौड़ाई जाती है और उसके साथ एक पूरा स्टाफ भी दौड़ता है। आमजन इतने भारी बजट के बाद भी उपचार के लिए इंतजार करता है और भारी भरकम बजट का इसे दुरूपयोग ही कहा जाएगा कि एंबुलेंस का उपयोग कहीं और होता है। सवाल यह है कि इतने भारी भरकम बजट के बावजूद अगर तहसील स्तरों पर आमजन को एक एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो पा रही है तो इस बजट के मायने क्या है और यह कितना आमजन हितकर है।

नैनो न्यूज

- **अच्छे संस्कारों** के बिना शिक्षा अधूरी, भारत विकास परिषद क्षिप्रा का गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम, 500 विद्यार्थियों ने लिया बाल योगी उमेशनाथ महाराज का आशीर्वाद
- **मंगलनाथ मार्ग** अंकपात चौराहा स्थित शहर के एकमात्र ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में शनिवार को भागवत सप्ताह का विराम हो गया।
- **महिला समूहों** को 55 लाख का ऋण वितरित, जन विश्वास कार्यक्रम में वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने की पहल, जिला पंचायत सीईओ ने किया शुभारंभ
- **देशभर की** लोक संस्कृति से रूबरू कराएगा 20वां संजा लोकोत्सव, आज शिप्रा पूजन से होगा भव्य आगाज
- **चक्रवर्ती सम्राट** अशोक रक्त योद्धा सम्मान से सम्मानित हुए प्रदेश अध्यक्ष रईस खान
- **सिंहस्थ में** 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान, 15 हजार से अधिक प्रशिक्षित स्वयंसेवक संभालेंगे सेवा की जिम्मेदारी
- **माटी से गढ़ी आस्था** और समर्पण की अद्भुत मिसाल, 10 साल की उम्र से प्रतिमाएं बना रही माही ने 8 दिन में तैयार की दो फीट की मनमोहक गणेश मूर्ति
- **हरदेनिया कॉम्प्लेक्स** में बच्चों ने लगाया छप्पन भोग, धूमधाम से दी बप्पा को विदाई, 16 परिवारों ने कृष्णा निवास में की थी स्थापना
- **चल समारोह में** लगा 21 हजार लड्डुओं का भोग, नासिक ढोल की थाप पर थिरके श्रद्धालु
- **पर्यावरण संरक्षण** का संदेश देते हुए जलपात्र में किया श्रीगणेश का विसर्जन
- **विसर्जन के जल** से की सेवा उद्यान के पौधों की सिंचाई, जलस्रोतों को प्रदूषण मुक्त रखने की पहल

ट्रेंडिंग



श्री महाकाल महालोक में पहले 106 प्रतिमा लक्ष्य था अब 92 ही बदलेंगी

एफआरपी के स्थान पर अब 35 पत्थर की और 57 मेटल की लगेंगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकाल महालोक में प्रारंभिक दौर से लगी एफआरपी (फाइबर रीइन्फोर्स्ड प्लास्टिक) 200 से अधिक प्रतिमाओं में से पूर्व में 106 बदलने का लक्ष्य अब 92 पर आ गया है। बदली जाने वाली प्रतिमाओं में सप्त ऋषि की प्रतिमा पत्थर की बनाई गई हैं। इनके साथ ही कुल 35 प्रतिमा पत्थर की और 57 मेटल की प्रतिमाएं शामिल है।

संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह एवं कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शुक्रवार को नियमित निरीक्षण के दौरान श्री महाकालेश्वर महालोक में स्थापित की जाने वाली पत्थर एवं मेटल की प्रतिमाओं के निर्माण कार्य का विक्रम नगर मार्ग स्थित प्रतिमा निर्माण कार्यशाला का निरीक्षण किया।

92 प्रतिमाएं तैयार की जा रही- अधिकारियों ने बताया कि श्री महाकाल महालोक में स्थापित करने के लिए कुल 92 प्रतिमाएं तैयार की जा रही है, जिनमें 35 पत्थर की तथा 57 मेटल की प्रतिमाएं शामिल है।

ऐसे बनाई जा रही प्रतिमा- अधिकारियों के अनुसार प्रतिमा निर्माण से पहले भगवान के स्वरूप का स्केच विशेषज्ञों की समिति के माध्यम से अनुमोदित किया जाता है। इसके बाद स्वीकृत स्केच के अनुरूप प्रतिमाओं को आकार दिया जाता है। कार्यशाला में तैयार की जा रही प्रतिमाएं पुराणों में वर्णित स्वरूप एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर बनाई जा रही है। प्रतिमा निर्माण का कार्य उज्जैन के साथ ही ग्वालियर एवं जयपुर में भी किया जा रहा है।





ये है प्रतिमा का घटनाक्रम

श्री महाकाल महालोक में 2018-2022 के दौरान पहले चरण में 920 मीटर लंबे कॉरिडोर में 200 से अधिक प्रतिमाएं लगाई गईं। इनमें 108 दिव्य स्तंभ, शिव-लीला, सप्तऋषि, नवग्रह की प्रतिमाएं शामिल थीं। सभी प्रतिमाएं फाइबर रीइन्फोर्स्ड प्लास्टिक की थीं। इन्हें गुजरात, राजस्थान और ओडिशा के कलाकारों ने 5 साल में बनाया था। महालोक का लोकार्पण 11 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। 28 मई 2023 को तेज आंधी-तूफान में कॉरिडोर में लगी सप्तऋषि की 6 प्रतिमाएं गिरकर टूट गईं। इसके बाद एफआरपी की मजबूती पर सवाल उठे। मध्यप्रदेश शासन ने तय किया की वर्तमान प्रतिमाओं के स्थान पर राजस्थान के बंसी पहाड़पुर के पत्थर की प्रतिमा लगेगी। अप्रैल 2024 में इस पर हरिफाटक स्थित हाट बाजार में ओडिशा के 10 कलाकारों की टीम ने काम शुरू किया। पहले फेज में सप्तऋषि की 7 प्रतिमा के साथ 1 शिव की प्रतिमा बनाना शुरू हुआ। हर प्रतिमा 15 फीट ऊंची है। सिंहस्थ 2028 से पहले 106 नई स्टोन प्रतिमाए लगाने का लक्ष्य रखा गया। वर्तमान में लगी प्रतिमाओं को शहर के चौराहों पर लगाने की योजना है। नई पत्थर की सप्तऋषि प्रतिमाओं का निर्माण अंतिम चरण में है, जो पत्थर राजस्थान से यहां पहुंचने में देरी के कारण धीमा है। 7 सप्तऋषि प्रतिमाओं को लेकर हाल ही में विक्रमादित्य शोधपीठ से जारी बयान में सामने आया था कि अधिकांश प्रतिमाओं का मुख्य निर्माण पूरा हो चुका है अब सिर्फ पेडस्टल और फिनिशिंग बाकी है। अगले 6 महीने में महालोक में स्थापित कर देंगे।

कारीगरों से आवश्यकता जानी

निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने प्रतिमा निर्माण में लगे कारीगरों की आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यशाला में कारीगरों की आवश्यकता के अनुसार छाया के लिए शेड, पेयजल सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रतिमा निर्माण कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके।

पेट्रोल-डीजल की बचत के संदेश हुए हवा

अब नेताओं के काफिले-रैलियां निकल रहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कुछ समय पहले तक पेट्रोल-डीजल की बचत, अनावश्यक वाहनों के इस्तेमाल से बचने और पर्यावरण संरक्षण के संदेश दिए जा रहे थे। लोगों से अपील की जाती रही कि जरूरी न हो तो निजी वाहनों का उपयोग कम करें और ईंधन की बचत करें। लेकिन अब राजनीतिक कार्यक्रमों, रैलियों और नेताओं के दौरों के साथ सड़कों पर वाहनों के लंबे काफिले नजर आने लगे हैं।

एक नेता के साथ कई वाहन, आगे-पीछे सुरक्षा और कार्यकर्ताओं की गाड़ियां तथा अलग-अलग स्थानों से पहुंचते समर्थकों के वाहन–इन काफिलों से सड़कों पर वाहनों की संख्या अचानक बढ़ जाती है। कई बार कुछ मिनटों के राजनीतिक कार्यक्रम के लिए भी बड़ी संख्या में वाहन सड़कों पर उतर आते हैं।



- **संदेश और व्यवहार में अंतर-** सवाल यह नहीं कि राजनीतिक कार्यक्रम या रैली नहीं होनी चाहिए। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनसभाएं और राजनीतिक गतिविधियां स्वाभाविक हैं। सवाल यह है कि जब आम नागरिकों को ईंधन बचाने की सीख दी जाती है, तब राजनीतिक आयोजनों में वाहनों की संख्या और उनके उपयोग को लेकर भी वही संदेश क्यों दिखाई नहीं देता? विशेषकर ऐसे समय में जब ईंधन की कीमत, प्रदूषण, ट्रैफिक दबाव और पर्यावरण संरक्षण लगातार चर्चा के विषय हैं, राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों के काफिले भी सार्वजनिक संदेश का हिस्सा बनते हैं।
- **बचत का संदेश सिर्फ आम आदमी के लिए क्यों-** ईंधन बचाने का संदेश तभी प्रभावी दिखाई देगा, जब वह केवल भाषणों और सरकारी अभियानों तक सीमित न रहे। राजनीतिक दल चाहें तो बड़े काफिलों के बजाय सीमित वाहनों, साझा परिवहन और सुव्यवस्थित कार्यक्रमों के माध्यम से भी अपनी राजनीतिक गतिविधियां चला सकते हैं।

एक नेता, दर्जनों वाहन और सड़क पर बढ़ता दबाव


रैली या काफिले के दौरान एक साथ बड़ी संख्या में वाहनों के सड़क पर आने से यातायात व्यवस्था पर भी असर पड़ता है। प्रमुख चौराहों पर कुछ समय के लिए जाम, पार्किंग की समस्या और आम वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। वहीं इतने वाहनों में होने वाली ईंधन खपत भी कम नहीं होती। यदि आम नागरिक को छोटी दूरी के लिए भी वाहन कम इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है तो सार्वजनिक जीवन में सक्रिय नेताओं और राजनीतिक संगठनों से भी उदाहरण प्रस्तुत करने की अपेक्षा स्वाभाविक है।

प्रशासन डाल-डाल तो आस्थावान पात-पात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर के गणेश भक्त हर चीज का तोडा निकालने में माहिर हैं। अनंत चौदस पर प्रशासन ने पावन शिप्रा में गणेश प्रतिमा विसर्जन पर सख्ती दिखाते हुए पाबंदी लगा दी तो कुछ गणेश मंडलों ने कल अनंत चौदस पर प्रतिमा विसर्जन रद्द करते हुए उसे चौदस के बाद आज पूरे उत्साह से शिप्रा नदी में ही विसर्जित किया। गणेशजी की बड़ी प्रतिमाएं लेकर भक्त व मंडल के लोग अंधेरा होते ही मंगलनाथ घाट व मौनीतीर्थ घाट पर पहुंचे और बेखौफ होकर गणेश विसर्जन डोंगी के द्वारा बीच नदी में किया।

सबसे मजेदार दृश्य मौनीतीर्थ घाट पर देखने को मिला जहां घाट पर दो डोंगी वाले नदी से नारियल निकालते नजर आए। जैसे ही गणेश मंडल के कुछ गणेश विसर्जन हेतु घाट पहुंचे, डोंगी वाले किनारे पर आए।



पचास से सौ रूपए में सौदा-सबसे बडा रूपया वाली कहावत यहां पूरी तरह प्रासंगिक दिखी जब सौदा होने पर डोंगी वाले पचास रुपए लेकर विघ्नहर्ता को सम्मान से डोंगी में सवार कराके बीच नदी पहुंचे और गणेशजी की प्रतिमा को नदी मे विसर्जित करके नदी को प्रदूषण से बचाने को धता बताते हुए शायद मौन उद्घोष किया कि हम न सुधरेंगे और नदी को प्रदूषित करने मे अपना योगदान देते रहेंगे। प्रशासन यदि डाल डाल है तो बाबा महाकाल की नगरी के भक्त पात पात हैं।

25 हजार स्थानों पर एक साथ गूंजा वंदे मातरम्

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वंदे मातरम् के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में शुक्रवार को देशभर में पहली बार एक साथ सामूहिक गायन का आयोजन किया गया। नमामि भारतम् कार्यक्रम के तहत देश के 25 हजार से अधिक स्थानों पर एक करोड़ से ज्यादा विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने एक समय, एक स्वर और एक लय में संपूर्ण वंदे मातरम् का गायन किया। आयोजन विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के मार्गदर्शन में हुआ। मालवा प्रांत के 522 सरस्वती शिशु मंदिरों में करीब 1 लाख 52 हजार 850 लोग शामिल हुए। उज्जैन में मारुति गंज और ऋषिनगर स्थित सरस्वती स्कूलों में भी सामूहिक गायन हुआ। यहां बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक और प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

16 दिन तक श्रद्धालु करेंगे पितरों का तर्पण-पिंडदान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्राद्ध पक्ष शुक्रवार से शुरू हो रहा है। 16 दिन तक श्रद्धालु पितरों का तर्पण-पिंडदान करेंगे। इस बार श्राद्ध खास है। 1966 के बाद 60 साल में पहली बार सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, बृहस्पति और शनि समेत 6 ग्रहों का पुनरावृत्ति योग बना है। ज्योतिषाचार्य इसे धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से शुभ मान रहे हैं।

उज्जैन के सिद्धवट क्षेत्र में तीर्थ पुरोहितों की 150 साल से अधिक पुरानी पोथियों में परिवारों की पीढ़ी-दर-पीढ़ी वंशावली दर्ज है। श्रद्धालु प्रदेश, शहर, कस्बा, गोत्र और जाति बताते हैं। इसके आधार पर पुरोहित एक मिनट से भी कम समय में पूर्वजों के नाम-पते और परिवार के उज्जैन आने का रिकॉर्ड निकाल लेते हैं।

श्राद्ध पक्ष में देशभर से श्रद्धालु सिद्धवट घाट पहुंचकर पितरों का तर्पण-पिंडदान करते हैं। सिद्धवट मंदिर में प्राचीन वटवृक्ष का पूजन भी किया जाता है।

पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध में कुल और पूर्वजों के नाम का उल्लेख किया जाता है। कई पीढ़ियों के नाम याद रखना मुश्किल होता है। ऐसे में तीर्थ पुरोहितों की पोथियां मददगार होती हैं। इनमें अलग-अलग परिवारों के पूर्वजों के नाम और करीब 150 साल पुराने रिकॉर्ड दर्ज हैं। जजमान शहर, कस्बा, प्रदेश, गोत्र और जाति की जानकारी देकर अपनी वंशावली और पूर्वजों के नाम पता कर सकते हैं।

खजूर वाली मस्जिद से गणेश चौक तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू

नागरिकों ने खुद हटाना शुरू किए चिह्नित हिस्से

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारियों के मद्देनजर शहर के प्रमुख मार्गों के विकास और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम ने खजूर वाली मस्जिद से गणेश चौक तक सड़क चौड़ीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। करीब 730 मीटर लंबे इस मार्ग को 15 मीटर चौड़ा किया जाएगा। मार्ग चौड़ीकरण एवं विकास कार्य पर राज्य शासन से प्राप्त करीब 9.80 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी।

शनिवार से क्षेत्र के कुछ नागरिकों ने स्वयं आगे बढ़कर अपने मकानों के चिह्नित हिस्सों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। नगर निगम के अनुसार प्रस्तावित चौड़ीकरण से कुल 272 भवन प्रभावित होना प्रस्तावित है। निगम की ओर से मार्ग की नपती, सड़क सीमा की मार्किंग और प्रभावित भवन स्वामियों को नियमानुसार नोटिस देने की कार्रवाई पहले ही की जा चुकी है।

प्रस्तावित मार्ग खजूर वाली मस्जिद से शुरू होकर अब्दालपुरा, जीवाजीगंज थाना होते हुए गणेश चौक तक जाएगा। यह क्षेत्र का महत्वपूर्ण और व्यस्त संपर्क मार्ग है। सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं और वाहनों की संख्या बढ़ने की संभावना को देखते हुए सड़क चौड़ीकरण को यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने की योजना का हिस्सा बताया गया है। चौड़ी सड़क से क्षेत्रवासियों, व्यापारियों और आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है।





नागरिकों ने खुद शुरू की चिह्नित हिस्से हटाने की कार्रवाई

चौड़ीकरण की प्रक्रिया में क्षेत्र के नागरिकों की सहभागिता भी सामने आई है। शनिवार को विनोद राठौड़ और रविंद्र कुमार राठौर ने अपने मकानों के चिह्नित हिस्से हटाने की कार्रवाई शुरू की। उन्होंने कहा कि शहर के विकास में सहयोग करना नागरिकों की जिम्मेदारी है और मार्ग चौड़ा होने से क्षेत्रवासियों को सुविधा मिलेगी। नगर निगम के अनुसार नागरिकों द्वारा सहयोग किए जाने से चौड़ीकरण की कार्रवाई को आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है। क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण को लेकर लोगों में विकास कार्य जल्द पूरा होने की उम्मीद भी है।

निगम आयुक्त ने लिया जायजा

नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा ने शनिवार को प्रस्तावित मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण की चल रही कार्रवाई का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रभावित भवन स्वामियों और क्षेत्रवासियों को आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों के सहयोग और समन्वय के साथ कार्रवाई को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए, ताकि सड़क चौड़ीकरण का लाभ क्षेत्रवासियों को जल्द मिल सके।निरीक्षण के दौरान भवन अधिकारी राजकुमार राठौर, सहायक यंत्री डी.एस. परिहार, उपयंत्री शिवम गुप्ता और राजेंद्र रावत सहित नगर निगम के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

गयाकोठा के सरिए कर न दें घायल



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कल देशभर के श्रद्धालु अलसुबह अपने पितरों का श्राद्ध व पिण्डदान की पावन आस लेकर शहर के प्रसिद्ध तीर्थ गयाकोठा पहुंचेंगे। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की भीड को देखते हुए गयाकोठा पर श्रद्धालुओं व पंडितों की सुविधाओं के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं।

शेड लगाए, कूड़ादान रखे पर लोहे के सरिए यथावत- प्रशासन ने धूप को देखते हुए छांव हेतु तंबू लगाए हैं और पूजन सामग्री की पैकिंग आदि कूड़े के लिए जगह जगह डस्टबीन रखे हैं किन्तु गयाकोठा का केन्द्र बिन्दु जलकुंड जिसमे पिण्ड आदि डाले जाते हैं उस तरफ ध्यान नहीं दिया गया। कुण्ड के किनारे जो स्लेब डाले गए उनके सरिए तने हुए नजर आ रहे हैं। कुण्ड की सीढ़ियों की तरफ जाते श्रद्धालुओं के लिए ये लोहे के सरिए खतरे की घंटी ही रहेंगे। थोड़ी सी लापरवाही इतनी भारी पड़ने का अंदेशा बना हुआ है। इन सरियों से पैर मे गहरे घाव हो सकते हैं साथ ही ठोकर लगने पर श्रद्धालु गिर भी सकते हैं।

समय रहते कटवा देना थे- प्रशासन को समय रहते इन सरियों के ऊपर निकले हिस्से को कटवा देना था ताकि कोई भी श्रद्धालु दुर्घटनाग्रस्त न हो पाए।



दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

न्यूज ब्रीफ

सेवाचित्र प्रदर्शनी में दिखी विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा

इंदौर। सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित मेरे सपनों का भारत विषयक चित्रकला प्रतियोगिता के चयनित उत्कृष्ट चित्रों की जिला स्तरीय सेवाचित्र प्रदर्शनी आज सांदीपनि शासकीय अहिल्याश्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 पोलोग्राउंड इंदौर के ऑडिटोरियम में आयोजित हुई। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपने सपनों के भारत की कल्पना को रंगों और रेखाओं के माध्यम से अत्यंत सुंदर एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।


रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 29 को

इंदौर। युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार, इनोवेशन एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा 29 सितम्बर 2026 (मंगलवार) को एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नन्दानगर इन्दौर में प्रातः 10.30 से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मेले में युवाओं को रोजगार के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु ऋण प्रक्रिया एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

विभिन्न व्यापारी संघों ने आभार जताकर किया अभिनन्दन

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का शनिवार को भोपाल विकास योजना- 2047 (मास्टर प्लान) का ड्रॉफ्ट जारी होने पर भोपाल शहर के विभिन्न व्यापारी संघों एवं व्यावसायिक संगठनों ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर आभार व्यक्त किया। मास्टर प्लान के ड्रॉफ्ट रिलीज के लिए मुख्यमंत्री का स्वागत-अभिनन्दन भी किया। मौके पर उपस्थित व्यापारी संघों एवं व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि भोपाल शहर का मास्टर प्लान वर्तमान की एक बड़ी जरूरत थी, जिसे सरकार ने पूरा कर दिया है।

जूनियर डॉक्टर से रैगिंग के मामले में एचओडी समेत कई वरिष्ठ डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस जारी



इंदौर। एमटीएच अस्पताल में पीजी विद्यार्थी डॉ. सिम्मी यादव से रैगिंग और ड्यूटी से जुड़ी शिकायत के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले में विभाग के एचओडी डॉ. नीलेश दलाल सहित शिकायत से जुड़े वरिष्ठ डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। इसके साथ ही विभाग की व्यवस्था और निगरानी के लिए दो वरिष्ठ प्रोफेसरों को ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने डॉक्टरों, पीजी विद्यार्थियों और सीनियर रेजिडेंट्स के साथ बैठक कर पूरे मामले सहित कार्यस्थल के माहौल, ड्यूटी रोस्टर, तनाव प्रबंधन और आपसी संवाद पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि रैगिंग को लेकर अस्पताल की जीरो टॉलरेंस नीति है। वरिष्ठ डॉक्टरों द्वारा कनिष्ठ डॉक्टरों को बुली करना, परेशान करना या किसी भी प्रकार का अनुचित व्यवहार करना रैगिंग की श्रेणी में ही माना जाएगा। तीन अलग-अलग कमेटियां गठित की डीन ने जानकारी दी कि रैगिंग और ड्यूटी आवंटन से जुड़ी शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें पीड़िता के पिता और भाई द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतें भी शामिल हैं।

नैनो न्यूज

- **देवास : पेंशन खातों में पहुंचे 212 करोड़-** देवास से मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 35.42 लाख हितग्राहियों के खातों में 212.57 करोड़ रुपए अंतरित किए।
- **शाजापुर : शिक्षिका की जगह पढ़ा रहा था पति-** मुल्लाखेड़ी के सरकारी स्कूल में शिक्षिका की जगह पति के पढ़ाने का मामला सामने आया। जांच के बाद प्रधानाध्यापक समेत दो निलंबित हुए।
- **सुसनेर : अध्यक्ष उपचुनाव में सरगर्मी बढ़ी-** सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष उपचुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने जनसंपर्क तेज किया। कांग्रेस प्रत्याशी विष्णु पाटीदार के समर्थन में जयवर्धन सिंह पहुंचे।
- **आगर : नलखेड़ा हादसे के बाद जांच-** बगलामुखी मंदिर के पास बरसाती नाले में कार बहने से आठ श्रद्धालुओं की मौत के बाद हादसे को लेकर प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई जारी है।
- **रतलाम : बारिश कम, सिंचाई पर रोक-** रतलाम में सामान्य 35.15 इंच के मुकाबले करीब 23 इंच बारिश हुई। धोलावड़ बांध 45 प्रतिशत भरने से सिंचाई के लिए पानी रोक दिया गया।

संभाग में कोई भी स्कूल जीर्ण-शीर्ण भवन में संचालित नहीं किया जाये—संभागायुक्त

आधा साल बीतने को पूरी किताबें वितरित नहीं हुई

परंपरागत समीक्षा निदेर्शो में उलझी शिक्षा की व्यवस्था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिले में शिक्षा की व्यवस्था परंपरागत समीक्षा निर्देश व्यवस्था में उलझकर रह गई है। आधार साल बीतने को आया है और उज्जैन जिले में पूरी किताबें तक विद्यार्थियों को उपलब्ध नहीं हो सकी है। पाठ्य पुस्तक निगम से जिले के 7 विकासखंडों में इस सत्र के लिए हाईस्कूल कक्षा के लिए 4 लाख 83 हजार 490 किताबें मांगी गई थीं, लेकिन निगम से महज 4 लाख 50 हजार 890 ही पहुंचीं। कागज पर वितरण पूरा 100% सामने आ रहा है जबकि जमीनी हकीकत में 32 हजार 600 किताबें कम हैं।

संभागीय स्तर पर शैक्षणिक व्यवस्था की समीक्षा

शुक्रवार को संभागायुक्त आशीष सिंह ने उज्जैन संभाग के सभी जिलों में स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता परीक्षण एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की मॉनिटरिंग के लिए संभाग स्तर से दल गठित करने के निर्देश दिए हैं। दल में पीजीबीटी, डाइट के शिक्षक एवं अन्य शिक्षा विशेषज्ञों को रखा जाएगा। यह दल संभाग के स्कूलों में जाकर सर्वेक्षण करेगा तथा गुणवत्ता की रिपोर्ट संभागायुक्त को प्रस्तुत करेगा। संभागायुक्त ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को कहा है कि किसी भी जिले में एक भी स्कूल में बच्चों की कक्षाओं का संचालन जीर्ण-शीर्ण भवन में नहीं किया जाये। बैठक में छात्रों के नामांकन, पुस्तक परिवहन एवं पुस्तक वितरण, साइकिल वितरण, स्कूटी वितरण तथा लैपटॉप वितरण योजना की समीक्षा की गई। संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि जिन जिलों में पुस्तक वितरण में पुस्तकों की कमी हुई है, उन्हें समय-सीमा में पूरा करवाया जाए। बैठक में बताया गया कि पुस्तकों के परिवहन का लक्ष्य 100 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है तथा वितरण की प्रगति भी संतोषजनक है। कक्षा 6वीं के बच्चों को साइकिल वितरण योजना में कुल 14,387 बच्चों को साइकिल वितरित की जाना है। साइकिल वितरण की स्वीकृति जारी कर दी गई है। समारोहपूर्वक इनका वितरण होगा। इसी तरह संभाग में कुल 762 छात्र-छात्राओं को स्कूटी वितरण होना है। कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्रों को लैपटॉप वितरण की योजना के तहत 14,116 छात्रों को लैपटॉप की राशि वितरित की जाना है।

जिले में शिक्षा परंपरागत समीक्षा निदेर्शों में उलझकर रह गई है। ऐसे में अगर स्कूल भवनों को आपने अपडेट कर भी दिया और उन्हें तमाम नामों से नवाज भी दिया तो भी पुस्तकों के अभाव में विद्यार्थियों से उच्च प्रदर्शन की उम्मीद बेमानी ही साबित होगी। सबसे खराब हालत महिदपुर की है। यहां 96,882 किताबों की मांग के मुकाबले 75,860 ही आईं, यानी 21.70% पुस्तकें मिली ही नहीं है। प्राप्ति सिर्फ 78.3% सामने आ रही है। इसके बाद बडनगर तहसील में 71,414 में से 62,435 किताबें ही आईं, 12.57 प्रतिशत पुस्तकों के अभाव से ही काम चल रहा है । खाचरौद में मांग से 137 किताब ज्यादा मिली। बाकी 5 ब्लॉकों में स्थिति 97 से 99% तक ठीक है।

- **700 से अधिक स्कूलों की हालत मरम्मत लायक-** उज्जैन जिले में पहली से आठवीं तक के स्कूल भवनों की स्थिति यह है कि 700 से अधिक स्कूल भवनों में कुछ न कुछ मरम्मत की स्थिति बनी हुई है। 42 शालाओं की जीर्ण-शीर्ण अवस्था के काम अधुरे हैं उनके लिए द्वितीय किश्त जारी नहीं होने के कारण यह हाल बन रहे हैं। करीब 80 में मरम्मत के काम जारी हैं।
- **कक्षा 9-12 में सभी भवन ओके-** जिले में भले ही शिक्षा की आधार स्थिति कक्षा1 से 8 तक भवनों की स्थिति खराब हो, लेकिन कक्षा 9 से 12 तक भवनों की स्थिति चकाचक है। कहीं पर बहुत आवश्यक होने पर ही छोटा मोटा रिपेयरिंग का काम हो तो हो अन्यथा वो भी नहीं बताया जा रहा है। हाईस्कूल में जिले में 1300 से अधिक सायकलों का वितरण सत्र शुरू होने के आधा साल बीतने के बाद भी नहीं हो सका हैं।

पुलिस का दावा- 99 प्रतिशत हत्याओं में परिचित या स्वजन ही आरोपी निकले

अपराध घटे, लेकिन हत्या के मामलों ने बढ़ाई चिंता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर कमिश्नरेट में अपराध के ग्राफ में मिलाजुला असर देखने को मिला है। एक ओर लूट, चेन लूट, गृहभेदन और दुष्कर्म जैसे अपराधों में गिरावट दर्ज की गई है, वहीं दूसरी ओर हत्या, वाहन चोरी, अपहरण और छेड़छाड़ की घटनाओं में बढ़ोतरी ने पुलिस की चिंता बढ़ा दी है।

आंकड़े बताते हैं कि संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगा है, लेकिन व्यक्तिगत विवादों और महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में चुनौती बनी हुई है। हत्या के मामलों में सबसे अधिक उछाल आया है। वर्ष 2024 और 2025 में हत्या के 44-44 मामले दर्ज हुए थे, जबकि वर्ष 2026 में यह आंकड़ा बढ़कर 60 तक पहुंच गया यानी पिछले वर्ष की तुलना में हत्या के मामलों में करीब 36 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

छेड़छाड़ के मामले भी बढ़े

महिला संबंधी अपराधों में तस्वीर मिश्रित है। दुष्कर्म के मामले 2025 के 276 से घटकर 2026 में 177 रह गए, जबकि शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के मामले 144 से घटकर 120 हुए। इसके उलट छेड़छाड़ के मामले 326 से बढ़कर 605 हो गए। इस तरह आंकड़े बताते हैं कि एक ओर संपत्ति और कुछ गंभीर अपराधों में कमी आई है, वहीं हत्या, वाहन चोरी, अपहरण और छेड़छाड़ जैसे अपराधों में बढ़ोतरी पुलिस के लिए अलग चुनौती बनकर सामने आई है। एडिशनल पुलिस आयुक्त (कानून) मयंक अवस्थी के मुताबिक हत्या के अधिकांश मामलों में कोई अनजान व्यक्ति नहीं, बल्कि परिचित, रिश्तेदार या परिवार का सदस्य ही आरोपी रहा है। अधिकारियों का दावा है कि करीब 99 प्रतिशत मामलों में हत्या के पीछे अपनों का हाथ सामने आया। इनमें ऐसे मामले भी शामिल हैं, जहां पति ने पत्नी की हत्या की तो कुछ मामलों में पत्नी द्वारा पति की हत्या करवाने के मामले भी सामने आए।

हत्या की कोशिश के मामले आधे से भी कम

आंकड़ों में एक विरोधाभास भी सामने आ रहा है। 2024 में हत्या के प्रयास के 130 मामले दर्ज हुए थे, जो 2025 में बढ़कर 142 हो गए, लेकिन 2026 में यह संख्या घटकर 60 रह गई। बावजूद हत्या के मामले 44 से बढ़कर 60 होना पुलिस के लिए अलग चुनौती है।

लूट-चेन लूट में बड़ी कमी

कमिश्नरेट के आंकड़ों के मुताबिक लूट की घटनाओं में लगातार कमी आई है। 2024 में 101 लूट, 2025 में 38 और 2026 में 17 मामले दर्ज हुए। इसी तरह चेन लूट के मामले 27 से घटकर 19 और फिर 12 रह गए। गृहभेदन भी 330 से घटकर 325 और 2026 में 269 रह गया। साधारण चोरी के मामले भी 355 से घटकर 275 और इस वर्ष 269 दर्ज हुए हैं।



वाहन चोरी और अपहरण में बढ़ोतरी

दूसरी ओर वाहन चोरी पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। 2024 में 1839 वाहन चोरी हुए थे, 2025 में यह आंकड़ा बढ़कर 1936 और 2026 में 2408 पहुंच गया। यानी पिछले वर्ष की तुलना में करीब 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। अपहरण के मामलों में भी लगातार इजाफा हुआ है। 2024 में 379, 2025 में 614 और 2026 में 755 मामले दर्ज हुए।

रेलवे स्टेशन पर ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनों से टिकट लेना आसान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

यात्रियों को अनारक्षित टिकट प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल, सुविधाजनक और कैशलेस बनाने के लिए पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने बड़ा कदम उठाया है। रेलवे ने रेल वन एप और यूटीएस एप के साथ ही स्टेशनों पर एटीवीएम (ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन) की सुविधा उपलब्ध कराई है। एटीवीएम के माध्यम से यात्री लंबी कतार में लगे बिना खुद ही अनारक्षित टिकट ले सकते हैं। इसमें क्यूआर कोड आधारित डिजिटल भुगतान की सुविधा भी दी गई है। यात्री किसी भी यूपीआई सक्षम एप से स्क्रीन पर दिख रहे क्यूआर कोड को स्कैन कर तुरंत भुगतान कर सकते हैं और टिकट प्राप्त कर सकते हैं।

यात्रियों को एटीवीएम के उपयोग में कोई परेशानी न हो, इसके लिए रतलाम मंडल ने तीन प्रमुख स्टेशनों पर एटीवीएम फैसिलिटेटर नियुक्त किए हैं। इंदौर स्टेशन पर दो, उज्जैन पर एक और राजस्थान के चित्तौड़गढ़ स्टेशन पर एक फैसिलिटेटर तैनात किया गया है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि एटीवीएम फैसिलिटेटर उन यात्रियों की मदद करते हैं जिन्हें मशीन चलाना नहीं आती या टिकट निकालने में दिक्कत आ रही है। फैसिलिटेटर यात्रियों की ओर से एटीवीएम के जरिए टिकट निकालकर देते हैं और साथ ही मशीन के उपयोग की प्रक्रिया भी समझाते हैं, ताकि भविष्य में यात्री स्वयं टिकट ले सकें।

प्रदेश के महामंत्री का कद बढ़ने के कारण सियासी हलचल तेज

गौरव रणदिवे की दावेदारी की बातें बढ़ी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष और वर्तमान में प्रदेश के महामंत्री गौरव रणदिवे का कद अचानक बढ़ने के कारण सियासी हलचल तेज हो गई है। विरोधियों के भी होश उड़ गए हैं। गौरव की कार्यशैली हमेशा चर्चाओं में रही है विद्यार्थी परिषद से राजनीति करने वाले गौरव रणदिवे युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का दामन पकड़ कर चुनावी सियासत करने वाले गौरव ने बाद में अपने बल पर सब कुछ हासिल कर लिया।

तीन नंबर से जब आकाश विजय वर्गीय चुनाव लड़े थे तब गौरव ने पूरा माया जाल बिछाया था और कमजोर वार्डों से जीत दिलवाई थी। कैलाश विजयवर्गीय के महू चुनाव में भी उनके उल्लेखनीय योगदान रहा है। पिछले कुछ दिनों से दो नंबर खेमे में से उनकी दूरी हो गई है। नगर अध्यक्ष बनने के बाद गौरव ने इंदौर में धूम मचा दी थी उनके हटने के बाद राह रोकने के लिए विरोधियों ने कई तरह के हथकंडे अपनाए थे। गौरव के साथ सावन सोनकर और एकलव्य गौड की टीम भी शामिल हो गई थी। विधायक मनोज पटेल भी इस टीम का हिस्सा है। हाल ही में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की इंदौर यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने गौरव की खूब तारीफ की थी। बावजूद उसके प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की टीम में उनका जगह मिल गई और प्रदेश महामंत्री जैसा मजबूत पद दिया गया। उसी के बाद से नया सियासी समीकरण देखने को मिल रहा है गौरव के सामने तीन चुनाव है उनमें से किसी एक का मजबूत दवा माना जा सकता है।

इंदौर के महापौर के लिए भी उनका नाम सुर्खियों में है इतना

ही नहीं विधानसभा पांच में गौरव की एंट्री होने वाली है पिछली बार भी उनका नाम उछला था, लेकिन टिकट नहीं मिल पाया था इस बार उन्हें मजबूती के साथ देखा जा रहा है। लोग तो यह भी कह रहे हैं कि लोकसभा का दावेदार भी माना जा सकता है। गौरव ने मध्य प्रदेश में भी अपनी धाक को और मजबूत कर लिया है। इंदौर में तो उन्होंने कई तरह के आयोजनों में अपनी हिस्सेदारी निभाई है और कार्यकर्ताओं को जोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

4 अक्टूबर को उज्जैन में हृदय रोग एवं सुपर स्पेशलिटी परामर्श शिविर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

माधव सेवा न्यास, उज्जैन एवं ईपीक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, अहमदाबाद के संयुक्त आयोजन में 4 अक्टूबर 2026, रविवार को हृदय रोग परीक्षण एवं सुपर स्पेशलिटी परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक नीलगंगा चौराहा स्थित लोकमान्य तिलक विद्यालय में होगा।

शिविर में हृदय रोग, हड्डी, कैंसर, स्त्री रोग, किडनी एवं डायबिटीज सहित विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों को परामर्श देंगे। आयोजन में कार्डियक सर्जन डॉ. अनिल जैन के साथ कार्डियक सर्जन डॉ. अपूर्व पटेल, डॉ. कुणाल जैन एवं डॉ. निखुंज शेखड़ा, हड्डियों के शल्य चिकित्सक डॉ. पार्थ पारिख, कार्डियक/जनरल फिजिशियन डॉ. राजेंद्र बुखर सहित अन्य विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। इसके अलावा कैंसर सर्जन डॉ. भाविन वडोदेरिया, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. चेतसी शाह, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. राज मंडोत और डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ. रिमित शाह मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श देंगे। आयोजकों के अनुसार हृदय रोग विशेषज्ञ टीम पिछले 25 वर्षों से सेवाएं दे रही है और 40 हजार सफल ऑपरेशन का अनुभव होने का दावा किया गया है।

नर्सिंग घोटाला मामले में एमपी हाई कोर्ट ने अपनाया सख्त रुख

मानकों पर खरे नहीं तो नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता क्यों?

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

हाई कोर्ट ने बहुचर्चित नर्सिंग घोटाला मामले में नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता दिए जाने की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि प्रदेश में ऐसे नर्सिंग कालेजों को भी मान्यता दी जा रही है, जो निर्धारित मानकों और आवश्यक आधारभूत सुविधाओं को पूरा नहीं करते। इस पर न्यायमूर्ति आनंद पाठक व न्यायमूर्ति बीपी शर्मा की युगलपीठ ने मध्यप्रदेश नर्सिंग नियामक परिषद से 10 दिन में जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई नौ अक्टूबर को होगी।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से सवाल उठाया गया कि यदि किसी नर्सिंग कालेज में नियमानुसार आवश्यक भवन, प्रयोगशाला, प्रशिक्षण सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं तो उसे मान्यता किस आधार पर दी जा रही है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि कुछ संस्थानों में मूलभूत सुविधाओं के अभाव के बावजूद मान्यता प्रदान की गई। हालांकि ये आरोप फिलहाल याचिकाकर्ता के दावे हैं। हाई कोर्ट ने इन आरोपों पर कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं दिया है और परिषद से स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। कुछ नर्सिंग कालेजों के मान्यता आवेदनों में दर्ज भौगोलिक निदेशांकों को लेकर भी आपत्ति उठाई गई। याचिकाकर्ता का आरोप है कि आवेदन में दर्ज स्थान संबंधी जानकारी और कालेज की वास्तविक स्थिति में अंतर है। इस पर भी परिषद को जवाब देना होगा। परिषद के जवाब से यह स्पष्ट होगा कि मान्यता देने से पहले कालेज के स्थान और उपलब्ध सुविधाओं का किस प्रकार सत्यापन किया गया।

2022 से लंबित है जनहित याचिका

नर्सिंग कालेजों की मान्यता और प्रदेश की नर्सिंग शिक्षा व्यवस्था में कथित अनियमितताओं को लेकर विधि विद्यार्थी संघ ने वर्ष 2022 में जनहित याचिका दायर की थी। याचिका क्रमांक डब्ल्यूपी-1080-2022 में नर्सिंग कालेजों की मान्यता प्रक्रिया सहित विद्यार्थियों की शिक्षा और प्रशिक्षण से जुड़े मुद्दे लगातार न्यायालय के समक्ष आते रहे हैं।

स्थानांतरित विद्यार्थियों के प्रशिक्षण पर भी जोर- सुनवाई के दौरान उन विद्यार्थियों की पढ़ाई और प्रशिक्षण का मुद्दा भी उठा, जिन्हें सुविधाओं की कमी वाले कालेजों से योग्य कालेजों में स्थानांतरित किया गया है। महाधिवक्ता प्रशान्त सिंह ने न्यायालय को बताया कि इन विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रशिक्षण व्यवस्था करना आवश्यक होगा। एएनएम, जीएनएम, बीएससी, एमएससी और पीबीएससी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त कक्षाओं के माध्यम से सैद्धांतिक, प्रयोगात्मक और चिकित्सकीय प्रशिक्षण की व्यवस्था की आवश्यकता बताई गई।

पढ़ाई प्रभावित न हो, बनेगी विशेष रूपरेखा- युगलपीठ ने विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए संबंधित पक्षों को विशेष प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और उसकी रूपरेखा तैयार करने को कहा है। इसका उद्देश्य स्थानांतरित विद्यार्थियों की सैद्धांतिक पढ़ाई के साथ प्रयोगात्मक और चिकित्सकीय प्रशिक्षण में हुई कमी को पूरा करना है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आलोक बगरेचा, राज्य सरकार की ओर से शासकीय अधिवक्ता राजेश तिवारी, मध्य प्रदेश नर्सिंग नियामक परिषद की ओर से महाधिवक्ता प्रशान्त सिंह और उप महाधिवक्ता अभिजीत अवस्थी उपस्थित हुए। मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू तथा भारतीय नर्सिंग परिषद की ओर से अधिवक्ता मोहन सौंसरकर ने पक्ष रखा। हाई कोर्ट ने मान्यता को लेकर लगाए गए आरोपों पर फिलहाल कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं दिया है। परिषद को 10 दिन में जवाब दाखिल करना है। नौ अक्टूबर को होने वाली अगली सुनवाई में परिषद के जवाब के साथ विद्यार्थियों के विशेष प्रशिक्षण की प्रस्तावित रूपरेखा पर भी सुनवाई होगी।

हजारों शिविरार्थियों के अनुशासन और भक्ति ने रचा ऐतिहासिक दृश्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सर सेठ हुकुमचंद जी की धर्म नगरी में पर्युषण महापर्व के पश्चात आज इंदौर की धरती पर सकल जैन समाज का भव्य चल समारोह एवं शोभायात्रा ने ऐसा अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा। हजारों श्रावक संस्कार शिविरार्थी एवं हजारों समाजजन तीर्थ चक्रवर्ती परम पूज्य सुधा सागर जी महाराज संसघ के मंगल सान्निध्य में अनुशासन और धार्मिक भावनाओं के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए।

धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने कहा कि आज सुबह से ही विध्या सुधा देशना मंडप (दलाल बाग) से प्रारंभ हुई यह भव्य ऐतिहासिक शोभायात्रा निर्धारित मार्ग मोदी जी की नसिया, रामाशाह मंदिर, लश्करी मंदिर, राजवाड़ा, शक्कर बाजार 3 मंदिर, काँच मंदिर होते हुए विभिन्न जिनालयों के दर्शन-वंदन करते हुए पुनः तीर्थ स्वरूप आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर पहुँची। इस शोभायात्रा की सबसे बड़ी विशेषता अनुशासन, एकरूपता, धार्मिक उत्साह, तपस्वीयों और हजारों समाज जनो की सहभागिता रही। हजारों शिविरार्थियों का एक साथ शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से चलना इंदौर में पहली बार देखने को मिला। यह दृश्य निश्चित रूप से गुरुदेव की साधना, प्रेरणा और धर्म प्रभावना की शक्ति का परिचायक बना। नवीन गोधा ने कहा कि सड़क के दोनों ओर उमड़ा समाज शोभायात्रा के स्वागत के लिए सुबह से ही समाजजन अपने घरों से निकलकर सड़कों के दोनों ओर खड़े रहे। जगह-जगह मंच बनाए गए, जहाँ शिविरार्थियों का अक्षत-पुष्पों से भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। पूरे मार्ग में धार्मिक वातावरण, जयघोष और भक्ति की भावना दिखाई दी। हर्ष जैन ने कहा कि यह केवल एक शोभायात्रा नहीं, बल्कि जैन समाज की एकता, संस्कार, अनुशासन और धर्म के प्रति समर्पण का जीवंत दर्शन था।

न्यूज कालम



पर्यूषण पर्व के समापन पर जिनालयों के शिखरों पर लहराई नई ध्वजाएं

सनावद। पर्यूषण पर्व के समापन अवसर पर सनावद के विभिन्न जिनालयों में धार्मिक उल्लास का वातावरण रहा। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर, सुपार्श्वनाथ जिनालय एवं आदिनाथ छोटा मंदिर सहित नगर के जिनालयों के उत्तुंग शिखरों पर विधि-विधान के साथ नवीन ध्वजाएं चढ़ाई गईं। सन्मति काका ने बताया कि श्री पार्श्वनाथ बड़ा मंदिर में प्रातः श्रीजी का पंचामृत अभिषेक एवं पूजन हुआ। बाल ब्रह्मचारी संजय भैया जी के निर्देशन में मंत्रोच्चार और जयकारों के बीच ध्वजारोहण संपन्न हुआ। बड़ा मंदिर के प्रमुख शिखर पर ध्वजा चढ़ाने का सौभाग्य हितम एवं सुनील कुमार जैन डीपीएस परिवार को मिला। दाईं ओर के शिखर पर साधना एवं सुनील जैन परिवार तथा बाईं ओर के शिखर पर अक्षय कुमार सराफ परिवार ने ध्वजा चढ़ाई। वहीं सुपार्श्वनाथ जिनालय में संतोष कुमार बाकलीवाल परिवार और आदिनाथ जिनालय में अतिवीर कुमार एवं रजनी भूच परिवार को ध्वजारोहण का सौभाग्य प्राप्त हुआ। ध्वजारोहण के बाद प्रभावना का वितरण किया गया। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

सुवासरा में पोरवाल समाज के तीन वर्ष के अंतराल के बाद निर्वाचन संपन्न होंगे

सुवासरा। स्थानीय पोरवाल समाज की इकाई के तीन वर्ष के अंतराल के बाद आज 27 सितंबर को स्थानीय पोरवाल परिणय रिसोर्ट में चुनाव संपन्न होंगे चुनाव से पूर्व सर्वानुमति का प्रयास किया किंतु बात नहीं होते हुए समाज में चुनाव की प्रक्रिया की गई है जिसमें अध्यक्ष पद – के लिए , श्री रामगोपाल काला श्री दिनेश कुमार फरक्या श्री संदेश गुप्ता श्री गिरजा शंकर दानगढ सचिव पद–श्री श्याम सुंदर मुन्या श्री अशोक मुन्या श्री राजकुमार मुजावदिया कोषाध्यक्ष श्री जुगल किशोर वेद श्री पंकज मुजावदिया श्री राधेश्याम फरक्या कुल मिला के 10 उम्मीदवारों का फैसला पोरवाल समाज के मतदाता द्वारा किया जाएगा पोरवाल समाज के मतदाता को उम्मीदवारों ने अपने-अपने घोषणा पत्र समाज के ग्रुप में डाले हैं समाज को एक जूट , शिक्षित , और आर्थिक विकास, संस्कार, जैसे कहीं वादे किए गए हैं अब देखना है कि पोरवाल समाज इनमें से किन पर भरोसा करता है चुनाव को लेकर समाज में बड़ी उत्सुकता है निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि चुनाव प्रातः 11 से मतदान चालू होगा जो 3 बजे तक चलेगा 3 बजे के बाद 4 बजे से मतगणना होगी और मतगणना के पश्चात परिणाम उससी समय घोषित कर दिया जाएगा।

सनावद में सालों बाद फिर लौटी अनंत चतुर्दशी की रौनक



सनावद। शनिवार रात सनावद की सड़कों पर कुछ देर के लिए शहर की रफ्तार थम गई। वजह थी अनंत चतुर्दशी का झांकी चल समारोह। सड़क किनारे जमा भीड़, झांकियों के आते ही उठते मोबाइल कैमरे और धार्मिक जयकारों ने माहौल को उत्सवी बना दिया। वर्षों बाद दोबारा शुरू हुई झांकियों की परंपरा ने शहर में अनंत चतुर्दशी के उत्साह को फिर से जीवंत कर दिया। चल समारोह में फल एवं सब्जी मंडी से निकली ब्रह्मोस मिसाइल की झांकी खास आकर्षण रही। इसे राजेश कौशल एवं सहयोगियों ने तैयार किया था। वहीं मगरमच्छ पर सवार कमल पर विराजित मां नर्मदा की झांकी ने ओंकारेश्वर की धार्मिक आस्था को दशार्या। भगवान गणेश और अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। नगर भ्रमण के दौरान प्रत्येक झांकी के साथ दर्शकों की भीड़ बढ़ती गई। बच्चे उत्सुकता से झांकियां निहारते रहे तो युवा मोबाइल कैमरों में इन पलों को कैद करते नजर आए। धार्मिक आस्था, संस्कृति और देशभक्ति के संदेशों से सजी झांकियों ने समारोह को खास बना दिया।चल समारोह के दौरान भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था संभाली। पुलिसकर्मियों के सहयोग से झांकियां व्यवस्थित रूप से नगर के विभिन्न मार्गों से निकलीं और समारोह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

लोकसभा सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल ने किया पौधारोपण एवं हितग्राहियों से संवाद



बड़वानी । सेवा संकल्प अभियान' अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग बड़वानी द्वारा 'आँगन मिलन सेवा' के अंतर्गत आज बड़गाव चौपाल फलिया में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल, अन्य जन प्रतिनिधि गण और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के आरंभ में लोकसभा सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल ने प्रांगण में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और पौध संवर्धन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध पर्यावरण मिल सके। पौधा रोपण के पश्चात लोकसभा सांसद द्वारा 'आँगन मिलन सेवा' के तहत स्थानीय ग्रामीणों और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने शासन की कल्याणकारी योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की समीक्षा की और लाभार्थियों से फीडबैक लिया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राहियों का आत्मीय सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि,डीपीओ डब्ल्यूसीडी श्री आर एस गुंडिया और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

नवल सिंह शक्कर कारखाने की बड़ी उपलब्धि :

राष्ट्रीय मंच पर मिला वित्तीय प्रबंधन अवार्ड, प्रशासकीय कार्यकाल में दूसरी बार राष्ट्रीय सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

जिले की सहकारिता की पहचान और किसानों की पवित्र धरोहर कहे जाने वाले नवल सिंह सहकारी शक्कर कारखाना झिरी ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेरी है। गन्ना क्रशिंग सत्र 2025-26 के लिए कारखाने को वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

नेशनल फेडरेशन ऑफ को-ऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज, दिल्ली द्वारा 22 सितंबर को दिल्ली के डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर भवन में आयोजित भव्य समारोह में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यह अवार्ड प्रदान किया। इस दौरान देशभर के 53 सहकारी शक्कर कारखानों को विभिन्न श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए सम्मानित किया गया, जिसमें



बुरहानपुर के नवल सिंह कारखाने ने अपनी जगह बनाई।

तीन साल में दूसरी बार राष्ट्रीय सम्मान

यह प्रशासकीय कार्यकाल में दूसरी बार है जब कारखाने को इतना बड़ा राष्ट्रीय सम्मान मिला है। खास बात यह है कि पिछले कुछ वर्षों में गन्ना उत्पादन में कमी और कम क्रशिंग के बावजूद कारखाने ने घाटे से उबरकर लाभ की स्थिति बनाई है। प्रबंधन का दावा है कि अत्यधिक लाभ के लिए लगातार प्रयास जारी हैं।

प्रशासक की सख्ती से बदली तस्वीर

पिछले तीन वर्षों से कलेक्टर हर्ष सिंह के प्रशासक बनने के बाद कारखाने में अनुशासन और पारदर्शिता लौटी है। प्रबंध संचालक और जॉइंट कमिश्नर इंदौर मकवाना और महाप्रबंधक अजय पाल बिलोदिया के नेतृत्व में कई बड़े सुधार किए गए।

कारखाना प्रबंधन ने यह पुरस्कार जिले के उन असली किसानों को समर्पित किया है जिन्होंने ईमानदारी से नियम अनुसार गन्ना पंजीयन कर कारखाने को गन्ना दिया और इस सहकारी आंदोलन को जीवित रखा।

साथ ही इस उपलब्धि के पीछे वित्तीय विभाग के लेखाधिकारी गौरव पटेल, सहायक लेखा अधिकारी चौधरी, वरिष्ठ मुख्य अभियंता मनोज गुप्ता, चीफ केमिस्ट संजय सूरी, गन्ना विभाग प्रभारी मेहर, सॉफ्टवेयर प्रभारी चंदर चौधरी सहित सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की दिन-रात की मेहनत है। कारखाने से जुड़े किसानों ने इस उपलब्धि को कारखाने के संस्थापक शिवकुमार सिंह को समर्पित करते हुए कहा कि उनके द्वारा बनाए गए इस कारखाना रूपी मंदिर को बचाए रखने के लिए सभी को मिलकर गन्ना उत्पादन बढ़ाने पर काम करना होगा।



सेवा संकल्प अभियान के तहत विद्यार्थियों से संवाद, विकसित भारत पर हुई चर्चा

नेपानगर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल नेपानगर में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला संयोजक मनोज टंडन, मंडल संयोजक राजेश चौहान, भाजपा जिला मंत्री सुनील वाघे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष शंकर चौहान सहित शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान "2047 का भारत कैसा हो?" विषय पर विद्यार्थियों से संवाद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि 2047 का विकसित, स्वच्छ, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत आज के बच्चों के सपनों, संस्कारों और संकल्पों से ही आकार लेगा। देश का भविष्य केवल योजनाओं से नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी और युवा पीढ़ी की सक्रिय सहभागिता से निर्मित होगा। विद्यार्थियों को संस्कार, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, अनुशासन, स्वच्छता और सही निर्णय लेने की क्षमता जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। स्वच्छता बनाए रखने, पॉलीथिन मुक्त वातावरण, स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने का संकल्प दिलाया गया। चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने राष्ट्र के प्रति अपने सपनों को अभिव्यक्त किया।

विधायक ने महेश्वर विधानसभा में विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

महेश्वर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर गुरुवार को विभिन्न ग्रामों में भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किए गए। महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के सनातनी विधायक राजकुमार मेव की उपस्थिति में विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान कुल 2 करोड़ 14 लाख 50 हजार रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया ग्राम बहेगाव में राजपूत मोहल्ला सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 5 लाख रुपए , ग्राम कोगावा में माध्यमिक विद्यालय निर्माण कार्य के लिए 18.25 लाख रुपए ,ताजपुरा में आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य के लिए 11.22 लाख रुपए, ग्राम वणी में टीनशेट निर्माण हनुमान मंदिर के पास निर्माण के लिए 5



लाख रुपए इसी दौरान ग्राम वणी में 65 लाख रुपये की लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण भी किया गया।

ग्राम आखीपुरा में प्राथमिक विद्यालय निर्माण कार्य के लिए 10.61 लाख रुपए जबकि सीसी रोड निर्माण आईटीआई करही से जुड़े विकास कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी प्रस्तावित कार्य की लागत 99.40 लाख रुपये है। कुल लागत राशि 2 करोड़ 14 लाख 50 हजार रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया।विधानसभा क्षेत्र में आयोजित किए जा रहे इन विकास कार्यों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, आंगनवाड़ी, सामुदायिक भवन और ग्रामीण अधोसंरचना से जुड़े कार्य शामिल हैं। कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न ग्रामों में स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की दिशा में कदम उठाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत 7वें शिविर का उदयगढ़ में हुआ आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ अलीराजपुर,

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत ७वें शिविर का आयोजन जनपद पंचायत उदयगढ़ परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

कैबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं धरातल पर संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को सीधे लाभ पहुंचाकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन-



विश्वास अभियान के माध्यम से शासन और प्रशासन ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का निराकरण करने तथा उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य कर रहा है।

उन्होंने ग्रामीणों से स्व-सहायता समूह, आयुष्मान भारत, किसान क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का सही उपयोग कर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के साथ भविष्य को सुरक्षित बनाया जा सकता है। मंत्री श्री चौहान ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि नशे की लत के कारण अनेक परिवार प्रभावित हुए हैं। कम उम्र में विवाह होने से जच्चा और बच्चा दोनों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने शराब के बढ़ते सेवन, बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने का आह्वान किया।

4 अक्टूबर से लोक और जनजातीय संस्कृति उत्सव पर होगा आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

जिले में लोक एवं जनजातीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं को मंच प्रदान करने के लिए च्खेती खेड़ो हरि नाम कीज्र उत्सव का आयोजन किया जाएगा। मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन बड़वानी के सहयोग से दो दिवसीय यह आयोजन 4 एवं 5 अक्टूबर को नगर पालिका परिसर, बड़वानी में होगा। आयोजन के पहले दिन ४ अक्टूबर को भीली गायन, निमाड़ी गम्मत, गणगौर नृत्य, भील जनजातीय भगोरिया नृत्य और दिवास बांसुरी नृत्य की प्रस्तुतियां होंगी। इनमें विभिन्न जिलों से आए कलाकार अपनी पारंपरिक कला और लोक प्रस्तुतियों के माध्यम से सांस्कृतिक विविधता को सामने रखेंगे। 5 अक्टूबर को उत्सव के दूसरे दिन च्खेती खेड़ो हरि नाम की नृत्य-नाट्य का मंचन किया जाएगा। नृत्य-नाट्य के निर्देशक चंद्रमाधव बारिक, भोपाल, लेखक योगेश त्रिपाठी, रीवा और संगीतकार कुलदीप सारवा, दुर्ग हैं।

इसके अलावा बड़वानी जिले के राजपुर क्षेत्र के खजुरी में भी 14 एवं 15 अक्टूबर को संत सिंगाजी मंदिर परिसर में दो दिवसीय आयोजन प्रस्तावित है। यहां 14 अक्टूबर को निमाड़ी गायन, महाकाल नृत्य गायन, गोंड जनजातीय ठाट्या नृत्य और भील जनजातीय भगोरिया नृत्य की प्रस्तुतियां होंगी तथा 15 अक्टूबर को खेती खेड़ो हरि नाम की नृत्य-नाट्य प्रस्तुत किया जाएगा।

बाग नगर में जय बजरंग अखाड़े की शानदार प्रस्तुति, पारंपरिक करतबों ने मोहा दर्शकों का मन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग

धार्मिक उत्साह, उमंग और पारंपरिक शौर्य से सराबोर माहौल में बाग नगर में जय बजरंग अखाड़े द्वारा भव्य अखाड़ा प्रदर्शन किया गया। अखाड़े के कलाकारों ने विभिन्न पारंपरिक करतब, शारीरिक कौशल, संतुलन एवं साहस का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित दर्शकों को रोमांचित कर दिया। देर रात तक चले आयोजन में बड़ी संख्या में नागरिकों ने उपस्थित होकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

अखाड़े की प्रस्तुति के दौरान कलाकारों ने पारंपरिक अखाड़ा उपकरणों के साथ लयबद्ध एवं अनुशासित अंदाज में अपने हुनर का प्रदर्शन किया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और जय श्रीराम के जयकारों से पूरा वातावरण उत्साह एवं उमंग से भर उठा। कलाकारों के हैरतअंगेज करतबों पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल बाग अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया, वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामसुंदर अगाल, सरपंच धर्मेंद्र बामनिया, निरेश सेठिया, डॉ. विवेक राठौर, धर्मेंद्र सोलंकी, संजय देपाले,भेरुलाल धारवाल, रमेश प्रजापत, डॉ. अनिल सिसोदिया, दिनेश खोटे, सुनील शिंदे, शेरू बामनिया एवं राजेश बल्देवा सहित उपस्थित अतिथियों ने जय बजरंग अखाड़े की टीम का पुष्पहार एवं साफा पहनाकर स्वागत-सम्मान किया तथा कलाकारों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर ईश्वर बृजवासी, राजा बृजवासी, रामकिशन बृजवासी, देवीलाल बृजवासी, ललित (कल्लू) बृजवासी, शेखर बृजवासी, मांगीलाल बृजवासी एवं विजय बृजवासी सहित अखाड़े के अन्य सदस्यों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण छोटे बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। बच्चों ने भी पूरे आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ अखाड़े की प्रस्तुतियों में भाग लिया, जिसे देखकर दर्शकों ने तालियों से उनका उत्साह बढ़ाया।अखाड़े की प्रस्तुतियों में परंपरा, अनुशासन, साहस और शारीरिक कौशल का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

46 साल पुराने मामले में स्थाई वारंटी गिरफ्तार

खंडवा। पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री अगम जैन के निर्देशन में स्थाई एवं फरारी वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मोघट रोड थाना पुलिस ने 46 वर्ष पुराने प्रकरण में एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री महेंद्र तारणेकर एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव बारंगे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विकास खींची के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार प्रधान आरक्षक रफीक खान को स्थाई फरारी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया गया था।

आत्मा में रमण करना ही सच्चा ब्रह्मचर्य : संजय भैया जी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

पर्वाधिराज दशलक्षण पर्व के अंतिम दिवस अनंत चतुर्दशी पर सनावद के जिनालयों में धार्मिक आयोजन भक्ति और श्रद्धा के साथ संपन्न हुए। उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की आराधना के साथ श्रद्धालुओं ने अभिषेक, शांतिधारा, पूजन और धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की। आचार्य श्री शांति सागर वर्धमान देशना संत निलय, बड़ा मंदिर में आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के संघस्थ बाल ब्रह्मचारी संजय भैया जी के सान्निध्य में धर्मसभा हुई। सुबह श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर एवं देशना संत निलय में जिनेंद्र देव का पंचामृत अभिषेक, शांतिधारा और संगीतमय पूजन किया गया। इसके बाद वासुपूज्य भगवान को निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। धर्मसभा में संजय भैया जी ने कहा कि ब्रह्म में लीन रहना ही ब्रह्मचर्य है। अपनी आत्मा में रमण करना ही इसका वास्तविक स्वरूप है। मन जब पर-पदार्थों से हटकर आत्मा में स्थिर होता है, तब सच्चा ब्रह्मचर्य प्रकट होता है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मचर्य आत्मा का सच्चा आभूषण है और पांचों इंद्रियों के विषयों से विरक्ति ही इसकी साधना है। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर दोपहर में बड़ा मंदिर से जुलूस निकाला गया, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः मंदिर पहुंचा। आदिनाथ, सुपार्श्वनाथ एवं पार्श्वनाथ जिनालयों में विशेष अभिषेक हुए। पार्श्वनाथ जिनालय में अभिषेक का सौभाग्य वीरेंद्र कुमार, प्रतीक जैन राजू बुक्स परिवार एवं डॉ. राहुल स्वास्तिक परिवार को प्राप्त हुआ।

रात्रि में संगीतमय आरती एवं भक्ति कार्यक्रम हुआ। इसमें प्रदीप पंचोलिया, हर्षिल केके, प्रांशुल पंचोलिया, कमल केके, सुदेश जटाले, संगीता पाटोदी, प्रशांत जैन, तरिशी जैन, सभ्यता जैन, सुरभि जैन, लक्ष्मी जैन, विरक्ति पाटनी एवं श्रुति सर्राफ सहित श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

वर्षों बाद गणेश विसर्जन पर पूरी रात श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता

खंडवा । देश के महानगर मुंबई की तर्ज पर दादाजी की नगरी में खंडवा में अनंत चतुर्थी पर मुंबई बाजार बाजार में ऐतिहासिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भगवान श्री गणेश का विसर्जन हेतु विशाल चल समारोह निकला। वर्षों के बाद श्री गणेश विसर्जन पर ऐतिहासिक श्रद्धालुओं की भीड़ देखने में नजर आई, परिवार सहित लोगों ने बड़ी प्रतिमाओं के दर्शन के साथ आकर्षक झांकियां का आनंद लिया। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि हमारे मीडिया साथी रिस्क के साथ कवरेज कर रहें थे, शांति व्यवस्था की कमान स्वयं जिला कलेक्टर ऋषव गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक अगम जैन के साथ पूरी टीम ने संभाल रखी थी। अष्टमुखी भैरव कुंड स्थल पर इंदौर रात भर चले दिन और रात भर चले प्रतिमा विसर्जन में महापौर अमृता अमर यादव, जल प्रभारी राजेश यादव, आयुक्त प्रियंका राजावत के साथ नगर निगम की पूरी टीम व्यवस्था में लगी हुई थी। पूरी रात हिंदू संगठन के मोहन काशिव, रामचंद्र मौर्य, गिरीश बजाज, विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे, महापौर प्रतिनिधि अमर यादव के साथी हिंदू हिंदू संगठन के कार्यकर्ता एवं सामाजिक संस्थाओं के समाजसेवी नारायण बाहेती सुनील जैन सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित होकर व्यवस्था में लगे हुए थे। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि एक ओर शाम 5 से हिंदू संगठन के प्रयासों से जिला एवं पुलिस प्रशासन की व्यवस्था के बीच खंडवा में विराजमान बड़ी प्रतिमाएं बॉम्बे बाजार से घंटाघर टाउन हॉल होते हुए नवीन अष्टमुखी और पहुंच रही है वहीं दूसरी ओर शहर के हजारों श्रद्धालुओं के बीच शनि मंदिर चौक की शानदार झांकी अपने पहले पडाव बजरंग चौक पर 10.45 पर पहुंची और झाकीयों का, सिलसिला शुरू हुआ।

श्रद्धालुओं ने गणेश प्रतिमाओं का चल समारोह झांकियां के साथ धूमधाम से निकाला

खंडवा। पंधाना-नगर में शुक्रवार 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के मौके पर श्रद्धालुओं ने 13 गणेश प्रतिमाओं,दो झांकियों तथा ढोल ताशो,डीजे वाहनों के साथ चल समारोह रात्रि करीब 7 से देर रात्रि 2 बजे तक शांतिपूर्वक धूमधाम व हर्षोल्लास से निकाला,डीजे वाहनों की भक्तिमय धुन पर भक्तगण थिरकते नजर आए, रंगगुलाल की बौछारों के साथ भक्तों ने बप्पा को विदाई दी माहौल भक्तिमय हो गया था गणपति बप्पा मोरिया-मंगल मूर्ति मोरया के उद्घोष से संमा गूंज उठा था।रात्रि में निकले चलसमारोह का माहौल भक्ति मय हो गया था,जिसे देखने सैकड़ो की भीड़ उमड़ पड़ी थी,बप्पा की विदाई नमआंखों से की गई।

पश्चिम रेलवे

पेंटिंग और मरम्मत कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (WA), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, जी. विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400008 आमंत्रित करते हैं

क्र.सं.	निविदा सूचना संख्या और दिनांक	कार्य और स्थान	कार्य की अनुमानित लागत (₹)	ईएमडी (₹)
1	BCT/26-27/165 दिनांक: 23/09/2026	गोरेगांव – विरार: एसएसई (डब्लू) बोरीवली (बीवीआई) के क्षेत्राधिकार में सेवा भवन और रेवरे-बाई और रेलवे रेलवे कर्मचारी कॉलोनी की वाहरी पेंटिंग।	3,21,99,998.46	6,44,000.00
2	BCT/26-27/166 दिनांक: 23/09/2026	सांताक्रुज़ – विरार अनुभाग: एसएसई(डब्लू-2) बोरीवली (बी–वीआई) के अधिकार क्षेत्र में स्टील स्ट्रक्चर की पेंटिंग।	3,73,85,146.99	7,47,700.00
3	BCT/26-27/167 दिनांक: 23/09/2026	विरार (VR) कारशहद: भांहावत प्रानातिंगु की सिलिरीगुस No - 80, 81, 823, 84 & 85 of विरार (VR) कारशहड माल्व्यय कोलेगी।	2,14,59,680.25	4,29,200.00
4	BCT/26-27/168 दिनांक: 23/09/2026	सांताक्रुज़ – विरार अनुभाग: विभिन्न हिस्सों से रिसाव को रोकने के लिए सेवा भवन की मरम्मत।	71,74,701.10	1,43,500.00

उपरोक्त सभी निविदाएं: जमा करने की तिथि और समय: 19.10.2026 को 15.00 बजे तक। खुलेने की तिथि और समय: 19.10.2026 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वैबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 0636

facebook.com/WesternRly • x.com/WesternRly

न्यूज -कॉलम

हत्या के आरोपियों का पता बताने वालों को मिलेगा इनाम

उज्जैन। एक माह पहले लक्की दरबार ढाबे पर हुये राहुल दरबार और जितेन्द्र पंवार की हत्या 10 से 12 लोगों द्वारा कर दी गई थी। थाना चिमनगंज पुलिस द्वारा मामले में धारा 190, 191(2), 191(3), 103 बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया था और कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन सात आरोपी अभिषेक पिता पर्वत सिंह, विशाल पिता देवनारायण पंवासा, विशाल सांडिया पिता विनोद नानाखेड़ा, बिट्टू उर्फ प्रियांशु पिता सालीगराम तिवारी, शिवेन्द्र पिता बंशीलाल बजरंग कॉलोनी, पंवासा, सोनू पिता मोतीलाल शंकरपुर, मक्सी रोड, उज्जैन और राकेश पिता बद्रीलाल निवासी विश्वकर्मा कॉलोनी पंवासा घटना दिनांक के बाद से फरार चल रहे है। जिनकी गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस द्वारा सभी के खिलाफ 10-10 हजार का इनाम घोषित किया है। फरार आरोपियों का पता बताने वालों को इनाम दिया जायेगा और नाम एवं पहचान पूर्णत-गोपनीय रखा जायेगा।

हाट बाजार में तलवार लेकर घूम रहा था बदमाश

उज्जैन। दिनदहाडे सामुदायिक हाट बाजार में बदमाश तलवार लेकर घूम रहा था। बदमाश को दहशतगर्दी फैलाते कुछ लोगों ने देखा तो नीलगंगा थाना पुलिस को सूचना दी। प्रधान आरक्षक अनिस खान टीम के साथ हाट बाजार पहुंचा और घेराबंदी कर बदमाश को हिरासत में लेकर उसके पास से तलवार बरामद की। पूछताछ में बदमाश का नाम प्रेम पिता संतोष रायकवार निवासी हनुमान नाका अंबर कालोनी सामने आया। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया और न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।

तालाब में डूबने वाले के साथ थी लिव इन पार्टनर



उज्जैन। पंचक्रोशी मार्ग उंडासा तालाब में शुक्रवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान बापूनगर में रहने वाला गोलू उर्फ सागर डूब गया था। होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम ने कुछ घंटे की सर्चिंग के बाद उसका शव बाहर निकाला था। जिसके बाद सामने आया कि युवक लिव इन पार्टनर दीपमाला के साथ आया था। उसका एक दोस्त भी साथ था जो चला गया था, गोलू नहाने का बोलकर तालाब में उतरा था। उसकी पार्टनर मोबाइल से वीडियो बना रही थी। पुलिस ने मर्ग कायम करने के बाद शनिवार को पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान रिश्तेदारों ने बताया कि गोलू उर्फ सागर के माता-पिता का निधन हो चुका है। उसकी 2 बहनें है, गोलू अलग रहता था और मजदूरी करता था। परिवार पंवासा क्षेत्र का रहने वाला है। मृतक के साथ लिव इन पार्टनर के होने पर रिश्तेदारों ने अनभिज्ञता जताई। एएसआई शिवशंकर सकवार ने बताया कि फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। जांच के दौरान सभी के बयान दर्ज किये जायेगें।

रेलवे फाटक पर बाइक सवार को टैंकर ने मारी टक्कर

उज्जैन। रतलाम के बिलपांक स्थित ग्राम रत्तागढ़ का रहने वाला सतपाल पिता मंगलसिंह सिसौदिया बाइक से बडनगर आ रहा था। भाटपचलाना थाना क्षेत्र के सुंदराबाद रेलवे फाटक पर पीछे से आये टैंकर ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में सतपाल घायल हो गया। भाटपचलाना थाना पुलिस ने घायल के चचेरे भाई दरबार पंवार की शिकायत पर टैंकर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। दुर्घटना का दूसरा मामला नीलगंगा थाना क्षेत्र के सिंधी कालोनी में हुआ। चेतन पिता रमेशचंद्र प्रजापत निवासी नागेश्वर नगर को महिन्द्रा थार ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। पुलिस ने महेन्द्र थार का नम्बर सामने आने पर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया।

पेट्रोल पंपकर्मी से मारपीट कर जान से मारने की धमकी

उज्जैन। बडनगर मार्ग धरम बडला में वर्धमान पेट्रोल पंप पर दोपहर में आटो चालक अपने साथियों के साथ पहुंचा था उसने पंप कर्मचारी जितेन्द्र पिता अनुपचंद्र गारी से पहले उनकी आटो में सीएनजी गैस भरने के लिये कहा। पंपकर्मी ने पहले आये वाहन में गैस भरने की बात कहीं तो आटो चालक और उसके साथियों ने जितेन्द्र के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और भाग निकले। चिंतामण गणेश थाना पुलिस ने पंप कर्मचारी की शिकायत पर आटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पेट्रोल पंप पर लगे कैमरों की मदद से आटो का नम्बर ट्रेस किया गया है। जिसके आधार पर चालक और उसके साथियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

दिन	290-1		114-6
मेन बाजार			
कल्याण नाइट			
मिलन डे	379-9		789-4
मिलन नाइट	125-8		230-5
मधुर डे	468-8		460-0
मधुर नाइट	177-5		445-3
शुभांक	7	4	2

यातायात पुलिस ने काटा 3 हजार का चालान.....

करतब दिखाना कार सवार युवकों को पड़ा भारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

चलती कार में कुछ युवकों को करतब (स्टंट) दिखाना भारी पडा गया। वीडियों पुलिस के पास पहुंचा तो नम्बर के आधार पर युवकों को ट्रेस किया गया। चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा में चालानी कार्रवाई की गई।

शहर में बीच सडक पर तेजगति से दौडती कार और उसकी छत पर बैठा स्टंट करता युवक अपने साथ दूसरे वाहन चालकों की जान जोखिम में डाल कर यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहा था। कार सवारों की करतबबाजी का कुछ लोगों ने मोबाइल से वीडियों बनाया और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा दिया। अधिकारियों ने वीडियों पर संज्ञान लिया और यातायात पुलिस को कार्रवाई के लिये निर्देशित किया गया। यातायात पुलिस ने वीडियो का अवलोकन किया और कार नम्बर एमपी 13 एके 5666 को ट्रेस करने के बाद चालक साहिल कृष्णानी तक पहुंच गई। कार को जप्त किया गया और चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई करते हुये 3 हजार का चालान काटा। चालक को हिदासत दी गई कि आगे से इस तरह चलती कार में बीच सडक पर स्टंटबाजी की गई तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। चालक ने माफी मांगी और आगे से इस तरह करतब नहीं करने की बात कहीं। उज्जैन पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि सडक पर किसी भी प्रकार का स्टंट न करें, तेजगति और लापरवाहीपूर्वक वाहन न चलाएं। यातायात नियमों का पालन कर स्वयं के साथ अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करें।

स्टंट का बढ़ रहा क्रेज

चार पहिया और दो पहिया वाहन चलाने वाले युवा वर्ग में स्टंटबाजी के साथ रील बनाने का क्रेज बढ़ता दिखाई दे रहा है। खुद की जान जोखिम में डालने के साथ यह युवा दूसरे की जान को भी खतरे में डाल रहे है। पूर्व में कई बार पुलिस वाहन चालकों के स्टंट वीडियो सामने आने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की चुकी है, बावजूद ऐसी स्टंटबाजी से युवा बाज नहीं आ रहे है। युवाओं के साथ नाबालिग भी ऐसे कृत्य में शामिल है।



सवारी वाहन दौड़ रहे ओवरलोड

जहां चार पहिया वाहन और दो पहिया वाहनों के स्टंट करते वीडियो सामने आ रहे है, वहीं शहर में सवारी वाहन ओवरलोड होकर दौडते दिखाई दे रहे है। सबसे अधिक ई-रिक्शा ओवर लोडिंग में शामिल है। पूर्व में रिक्शा पलटने के कई मामले सामने आ चुके है। जिसमें लोग घायल भी हुये है। पुलिस को ऐसे सवारी वाहनों पर भी एक्शन लेकर चालकों पर कार्रवाई सुनिश्चित करना चाहिये। ई-रिक्शा चालकों में कई नाबालिग भी शामिल है।

कार बेचकर धोखाधड़ी करने वाले को भेजा जेल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



परिचित की कार मांगकर ले जाने के बाद उसे बेचने वाले आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज किया गया था। जिसे एक माह बाद पुलिस ने रतलाम से गिरफ्तार किया और पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया। उसकी निशानदेही पर कार बरामद करने के बाद शनिवार को उसे न्यायालय में पेश किया। जहां से जेल भेजा गया है।

माधवनगर थाना एसआई सालगराम चौहान ने बताया कि अगस्त माह में वल्लभनगर में रहने वाले उदित पिता कृष्णकांत बोहरे की स्कार्पियों कार परिचित फैजान पिता मोहम्मद शाह निवासी इंदौर मांगकर ले गया था। उसने कार मंदसौर में एक व्यक्ति को बेच दी। उदित को जानकारी लगी तो उसने कार लौटाने के लिये कहा। फैजान ने मोबाइल बंद कर लिया और लापता हो गया। 19 अगस्त को उदित ने मामले की शिकायत थाने आकर की। मामले में अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज किया गया। एक माह बाद फैजान को रतलाम से गिरफ्तार किया गया। जिसे 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया और बेच गई कार को मंदसौर से बरामद कर उज्जैन लाया गया। शनिवार को रिमांड खत्म होने पर उसे न्यायालय में पेश किया गया था। जहां न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। आरोपी के गिरफ्त में आने पर उसके पास से फर्जी पुलिस का आईडी कार्ड मिला था। फर्जी कार्ड के संबंध में पूछताछ करने पर सामने आया कि वह उक्त कार्ड का उपयोग टोल नाकों पर करता था और खुद को पुलिसकर्मी बताकर बिना टैक्स चुकाये गाडी निकाल लेता था। फर्जी पुलिस कार्ड से की गई कोई ओर घटना पूछताछ में सामने नहीं आ पाई। नाही कोई शिकायतकर्ता सामने आया।

बागपुरा के राजा के दरबार में महाकाल ग्रुप ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

उज्जैन। शहर के संत नगर बागपुरा में महाकाल ग्रुप गणेश उत्सव समिति द्वारा बागपुरा के राजा के दरबार में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजक पियूष गोलू ललावत ने बताया कि यह आयोजन संरक्षक नारायण यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। भंडारे की व्यवस्थाओं में समिति के सभी लोगों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सेवाएं दीं। आयोजन में मुख्य रूप से रमेशचंद्र हनोतिया, डॉ विपिन पोरवाल, डॉ कात्यान मिश्रा, डॉ राजेंद्र बंसल, डॉ वीरेंद्र पामेचा, डॉ पराग शर्मा, ईआर लकी यादव, महावीर ललावत, अमित कौशल, कपिल बिलावल, अभिषेक कुरील, सनी सेठिया, हर्षित हनोतिया, धीरज बैंडवाल, पिंटू गुरु, हनी बाबा, सोनू ललावत, विक्की ललावत, साहिल जाटव, जतिन सिसोदिया, आशु बैंडवाल, पंकज ठाकुर, जीतू वाडिया, हितेश ललावत, प्रकाश खरे, दीपेश गोम, यश कौशल, हनी बिलावल, भावेश, लकी और गौरव उपस्थित रहे।

पुण्योदय से मिली अनुकूलता को पुरुषार्थ से बनाएँ सार्थक

उज्जैन। अलौकिक चातुर्मास के पावन अवसर पर अरविंद नगर स्थित श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर में चल रही ज्ञानगंगा प्रवचनमाला के अंतर्गत शनिवार को पूज्य गुरुदेव ने मानव जीवन में प्राप्त होने वाली अनुकूल परिस्थितियों, धर्मयोग्य वातावरण और पूर्वभव के पुण्योदय का महत्व समझाते हुए अत्यंत प्रेरणादायी एवं जीवनोपयोगी विवेचन किया। गुरुदेव पंन्यास प्रवर श्री ऋषभरत्नविजयजी महाराजा ने कहाकि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में जो कुछ अनुकूल प्राप्त होता है, वह केवल बाहरी परिस्थितियों का परिणाम नहीं होता, बल्कि इसके पीछे पूर्वभव में किए गए पुण्यकर्मों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पूज्य गुरुदेव ने अत्यंत सुंदर भाव से समझाया कि किसी व्यक्ति को धर्म करने के लिए अनुकूल वातावरण मिल जाए, घर-परिवार में धार्मिक संस्कार हों, जिनालय निकट हो, साधु-साध्वी भगवंतों का सान्निध्य मिले और प्रतिदिन जिनवाणी सुनने का अवसर प्राप्त हो, यह सब अत्यंत बड़ा पुण्योदय है। यदि इन अनुकूलताओं के बीच भी व्यक्ति धर्म के लिए समय न निकाले, आराधना को टालता रहे और आत्मकल्याण के प्रति जागरूक न हो, तो प्राप्त हुआ पुण्य अवसर धीरे-धीरे व्यर्थ चला जाता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं से प्रश्न करना चाहिए मुझे इतना मिला है, अब मैं इसका सदुपयोग कितना कर रहा हूँ?

गुरुदेव ने कहा कि मनुष्य अपने वर्तमान पुरुषार्थ से अपने जीवन की दिशा निर्धारित कर सकता है। पूर्वभव के पुण्य ने आज हमें जो दिया है, वह हमारे हाथ में आया हुआ अवसर है; अब उस अवसर का क्या उपयोग करना है, यह हमारे वर्तमान पुरुषार्थ पर निर्भर करता है। अनुकूलता मिलने के बाद भी यदि प्रमाद किया गया तो पुण्य का अवसर समाप्त हो सकता है। जीवन में यह भावना रहनी चाहिए कि मुझे जो मिला है, वह केवल भोगने के लिए नहीं, बल्कि जीवन को ऊँचा उठाने के लिए मिला है। गंगा के किनारे बैठकर भी यदि कोई जल ग्रहण न करे तो उसकी प्यास नहीं बुझ सकती। इसी प्रकार धर्म का महान वातावरण प्राप्त होने पर भी धर्म को जीवन में उतारने के लिए स्वयं पुरुषार्थ करना ही पड़ता है।

प्लेटफार्म 8 के निकासी द्वार पर मिली लाश

उज्जैन। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 8 के निकासी द्वार से शनिवार को एक व्यक्ति की लाश मिलना सामने आया। मृतक के पास पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला है। जीआरपी मामले की जांच कर रही है।

जीआरपी थाना पुलिस ने बताया कि मृत मिला व्यक्ति 40 साल के लगभग प्रतीत हो रहा है। उसने नीले रंग की पेंट शर्ट पहनी है। उसके हाथ में एक हाथ में कड़ा है। मौत की वजह बीमारी सामने आ रहा है। उसके पास से पहचान को कोई दस्तावेज नहीं मिलने पर शव को चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष में रख मर्ग कायम किया गया है। मृतक के परिजनों का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे है। 24 घंटे में परिजनों का पता नहीं मिला तो पुलिस पोस्टमार्टम कराकर शव को दफना देगी। शहर में पिछले कुछ समय से अज्ञात शव मिलने के मामले लगतार सामने आ रहे है। रेलवे स्टेशन और महाकाल क्षेत्र में लावारिस शवों की संख्या सबसे अधिक है। धार्मिक नगरी होने पर देशभर से भिक्षावृति करने वाले यहां आते है और सडकों के किनारे गुजर बसर करने लगे है। उनकी बीमारी से मौत होने पर उनके परिजनो का पता नहीं चल पाता है। कुछ के परिजनों का ही पुलिस पता लगा पाती है। अधिकांश के शव अब भी दफन है।

रोटी मांगने पर काका को लात-घूंसों से पीटा

उज्जैन। झारडा थाना क्षेत्र की नई आबादी में रहने वाला मुकेश पिता मदनलाल 40 साल संयुक्त परिवार में रहता है। मुकेश दोपहर में खाना खाने घर आया था। उसने भतीजे लखन से रोटी देने के लिये कहा। भतीजे ने काका के साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। दोनों के बीच कहासुनी ब?ने पर भतीजे ने लात घूंसों से काका से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने भतीजे के खिलाफ मारपीट का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

गिरफ्त से दूर एक रात में 10 कार्यालयों के ताले तोड़ने वाला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

19-20 सितंबर की रात एलएम कॉम्प्लेक्स में 10 कार्यालयों ताले तोडकर हजारों की नगद राशि चोरी करने वाला बदमाश पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका है।

माधवनगर थाना क्षेत्र के टॉवर चौक स्थित कॉम्पेलक्स एलएम में गोयल एंड कंपनी के कार्यालय, संजय अग्रवाल के कार्यालय और अतुल नीमा के कार्यालय से हजारों रुपए की नगदी चोरी होना सामने आया था। बदमाश ने गुरू बृहस्पति सहकारी साख संस्था के साथ सिद्धार्थ ट्रांसपोर्ट, कोचिंग सेंटर, इंवेस्टमेंट कंपनी, श्रीनिधी फायनेंस कंपनी और अन्य कार्यालयों के ताले भी तोडे थे। पुलिस ने कॉम्पलेक्स में हुई चोरी की विवेचना के बाद वहां लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे थे। जिसमें एक बदमाश दिखाई था। जिसने हाथों में ग्लब्स पहने थे और चेहरा नकाब से छुपा रखा था। उसका चेहरा स्पष्ट नहीं हो पाया था। पुलिस ने कॉम्पलेक्स के आसपास लगे कैमरे भी खंगाले थे और पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। लेकिन उसका 6 दिन बाद भी सुराग नहीं मिल पाया है। बदमाश के कॉम्पलेक्स बंद होने से पहले अंदर घुसने की और सुबह खुलने पर निकलने की आशंका जताई गई थी लेकिन उसका भी पता पुलिस को नहीं मिल पाया है।



सुप्रीम कोर्ट ने नई आईसीयू की गाईडलाइंस लागू करने का सख्त आदेश दिया.....

अस्पतालों में आईसीयू के नाम के गौरखधंधे पर अब लेगगी लगाम

सरकारी निजी सभी दायरे में,3 से 9 महीने में तीनों लेबल की आईसीयू में पूर्ण करना होगी गाईड लाईन की व्यवस्था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आम आदमी से आईसीयू के नाम पर जमकर जेब झटकने वाले अस्पतालों के गौरखधंधे पर अब लगाम कसने वाली है। इन्हें अपनी आईसीयू को सुप्रीम कोर्ट की गाईड लाईन के अनुसार अगले 3 से 9 माह में अपडेट करना होगा। देश के सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि जो अस्पताल खुद को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस / स्पेशलिटी अस्पताल कहते हैं, उन्हें स्तर I के साथ स्तर III की सभी जरूरतें पूरी करनी होंगी। कोर्ट ने कहा - गाइडलाइंस लागू करने में कोई भी ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और सभी राज्यों को 2026 की नई गहन चिकित्सा ईकाई गाइडलाइंस लागू करने का सख्त आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट की 20 मई 2026 को मंजूर गाइडलाइंस में 3 स्तर की रूपरेखा दी है। स्तर-1 अनिवार्य है। बिना इसके किसी भी अस्पताल को ड्डष्ट कहने की इजाजत नहीं रहेगी।

हाल ही में जारी आदेश की मुख्य बातें- 21 सितंबर को जारी आदेश उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने दिया। उन्होंने 2016 से जारी मामला में जो कि देश में गहन चिकित्सा ईकाई के लिए एक जैसे स्टैंडर्ड न होने पर कोर्ट ने खुद संज्ञान लिया था। 20 मई 2026 को कोर्ट ने 3-स्तरीय गहन चिकित्सा ईकाई रूपरेखा को मंजूरी दी थी। इसमें स्तर-1,स्तर-2,स्तर-तय किए गए थे।- इसमें आईसीयू का इंफ्रास्ट्रक्चर, उपकरण, स्टाफ, इन्फेक्शन कंट्रोल, इमरजेंसी सर्विस सब तय किया गया है।


कोर्ट ने 12 की बजाय 9 माह किया- इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए कमेटी ने न्यायालय के समक्ष 12 महीने मांगे थे। कोर्ट ने घटाकर इसे 9 महीने कर दिया। इसके साथ ही स्टाफ भर्ती 6 महीने के अंदर हर हाल में पूरी करनी होगी। भर्ती तुरंत शुरू करने का आदेश दिया गया है। बेडसाइड यूटिलिटी / लैब 3 महीने में, इंफेक्शन कंट्रोल तुरंत, बाकी इंफ्रा 9 महीने में और स्टाफ भर्ती 6 महीने में पूरी करनी है।

कोर्ट के आदेश पर किस स्तर में क्या सुविधा

स्तर -1 ICU - **बेसिक** ICU/ **स्टेबिलाइजेशन यूनिट**- इसका काम मरीज को संभालना, शॉर्ट-टर्म मॉनिटरिंग, सिंगल ऑर्गन सपोर्ट (जैसे सिर्फ बीपी लो या सांस की तकलीफ)। यह हर जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बड़े अस्पताल में अनिवार्य की गई है। इसमें MD/DNB स्तर के चिकित्सा अधिकारी एनेस्थीसिया, मेडिसिन, पल्मोनरी, पीडियाट्रिक्स या इमरजेंसी मेडिसिन रखे जाएंगे। नर्स-मरीज अनुपात 1-2 से 1-1 तक रहेगा। इसके उपकरण में हर बेड पर ऑक्सीजन, सक्शन, मॉनिटर, वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटर, क्रैश कार्ट, इन्फ्यूजन पंप, श्वष्टत्र रहेगा।

स्तर-2 ICU - **हाई डिपेंडेंसी / मल्टी-ऑर्गन** IC- इसका काम लगातार इनवेसिव मॉनिटरिंग, एक साथ 2 या ज्यादा ऑर्गन का सपोर्ट, जो बीमारी ठीक हो सकती है।स्तर-1 से बिगड़ा मरीज यहां शिफ्ट होगा। इनकी स्थापना मेडिकल कॉलेज, बड़े प्राइवेट मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल में रहेगी। यहां 24×7 ट्रेंड इंटेंसिविस्ट + रेजिडेंट, नर्स 1-2, स्टेप-डाउन सुविधा भी होगी। इसके उपकरण में स्तर-1 के सब उपकरण के साथ + एडवांस वेंटिलेटर, हेमोडायनामिक मॉनिटरिंग, स्त्र, पोर्टेबल X-ra 4, लैब- 3 महीने में ICU के पास रहेगी।

स्तर-3ICU- **सेंटर ऑफ एक्सीलेंस / एडवांस** ICU- इसका काम सबसे गंभीर मरीज - मल्टी ऑर्गन फेलियर, CRRT (लगातार डायलिसिस), ECMO, एडवांस वेंटिलेशन रहेगा। टर्शियरी / क्वाटरनरी सेंटर, जो खुद को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कहते हैं, उनके लिए स्तर -3 अनिवार्य किया गया है। इनके स्टाफ में इंटेंसिविस्ट-लेड, 24×7 मल्टीडिसिप्लिनरी टीम, वेंटिलेटर वाले मरीज के लिए नर्स-मरीज 1=1 रहेंगी। इसके साथ यहां स्तर-1 की सारी सुविधा के साथ स्तर-3 की अलग गाईडलाइंस में टेली-ICU, GPS बेस्ड बेड मैपिंग सिस्टम से जुड़ना होगा।



अब्राहम लिंकन ने अपने पूर्वजों के बारे में जानने पर कहीं ये बातें



अब्राहम लिंकन का पूरा जीवन प्रेरणादायक है। लिंकन को जीवन में कुछ भी आसानी से नहीं मिला है और उसके लिए उन्होंने कड़ी मेहनत भी की है। ऐसा ही एक प्रेरणादायक किस्सा मिलता है, जब वह अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए चुन लिए गए थे और फिर लोगों ने उनके पूर्वजों के बारे में जानकारी जुटाना शुरू किया.... घटना तब की है जब अब्राहम लिंकन अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर चुने गए थे। उनके इस सर्वोच्च पद पर आते ही लोगों ने उनके पूर्वजों तक के बारे में खंगालना आरंभ कर दिया था। जब यह बात लिंकन को पता चली तो उन्होंने सभी से करबद्ध निवेदन करते हुए कहा, यदि आप मेरे विगत जीवन को केवल इसलिए खंगालने का प्रयत्न कर रहे हैं कि मैं अब राष्ट्रपति हूं तो यह मूर्खता के अलावा कुछ नहीं है। राष्ट्रपति तो मैं अब बना हूं, इसलिए कृपया आप मेरे पुराने जीवन के प्रसंगों को खोज-खोजकर उनमें से महानता ढूंढने का प्रयास न करें।

अपनी जिम्मेदारियों की ओर इशारा करते हुए लिंकन ने कहा, मेरा सारा ध्यान अब इस बात पर है कि मैं अपने पद पर रहते हुए ऐसा क्या खास करूं कि अमेरिका पूरे विश्व में एक महान और विकसित राष्ट्र के रूप में समृद्ध हो। यदि मैं अपने देश के लिए कल्याण के कार्य करुंगा तो किसी को भी मेरी महानता बताने के प्रयास नहीं करने पड़ेंगे। मैं चाहता हूं कि मुझे इन बातों से कतई न पहचाना जाए कि मैं गरीब था, मेहनती था, बल्कि इन बातों से पहचाना जाए कि मैंने अपने राष्ट्र के लिए ऐसे कार्य किए जिनसे एक नए युग का सूत्रपात हुआ। मैं चाहता हूं कि आप और हम मिलकर एक ऐसे देश का निर्माण करें जहां पर हर वर्ग समान हो, जहां पर किसी को व्यर्थ ही सताया न जाए। उनकी ऐसी बातों पर वहां उपस्थित लोग देर तक तालियां बजाते रहे। किसी व्यक्ति ने वहां ऊंचे स्वर में कहा, देखना, राष्ट्रपति महोदय की यही बातें एक दिन पूरी दुनिया में प्रसिद्ध होंगी और प्रत्येक व्यक्ति के अंदर प्रेरणा भरेंगी। उस व्यक्ति की बातें सत्य साबित हुईं। आज लिंकन के कार्य और शब्द प्रत्येक व्यक्ति को असफलता के क्षणों में नवजीवन प्रदान करते हैं।

सम्पादकीय

तकनीक में छाप छोड़ता भारत

इक्कीसवीं सदी के वैश्वीकृत और प्रौद्योगिकी-संचालित संसार में जिस वस्तु को आधुनिक सभ्यता का अदृश्य हृदय कहा जा सकता है, वह अति-सूक्ष्म सेमीकंडक्टर चिप है। जिस प्रकार बीसवीं सदी के वैश्विक भू-राजनीतिक एवं आर्थिक समीकरणों को कच्चे तेल की उपलब्धता और नियंत्रण ने आकार दिया था, ठीक उसी प्रकार आज की डिजिटल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता चालित दुनिया में सेमीकंडक्टर चिप्स वैश्विक शक्ति का नया केंद्र बन चुके हैं। स्मार्टफोन, इलेक्ट्रानिक उपकरणों से लेकर आटोमोबाइल, रक्षा प्रणालियों, एयरोस्पेस, चिकित्सा उपकरणों, संचार और उन्नत सुपरकंप्यूटिंग तक, आधुनिक जीवन का शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र बचा हो, जो इन सूक्ष्म सिलिकान चिप्स पर निर्भर न हो। ऐसे निर्णायक दौर में भारत ने केवल एक उपभोक्ता राष्ट्र बने रहने के बजाय स्वयं को सेमीकंडक्टर निर्माण के वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने का जो संकल्प लिया है, उसे 'सेमीकान इंडिया' पहल के नाम से जाना जाता है।

भारत सरकार ने देश को सेमीकंडक्टर निर्माण का एक मजबूत वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रारंभिक वित्तीय परिव्यय के साथ 'राष्ट्रीय सेमीकंडक्टर मिशन' और सेमीकान इंडिया कार्यक्रम की आधारशिला रखी है। वैश्विक सेमीकंडक्टर सम्मेलन 'सेमीकान इंडिया 2026' के मंच से प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन ने भारत के इस परिवर्तनकारी संकल्प को वैश्विक विश्वसनीयता प्रदान की। सेमीकंडक्टर विनिर्माण प्रक्रिया को मुख्य रूप से तीन चरणों में विभाजित किया जाता है- डिजाइनिंग, फैब्रिकेशन और संयोजन एवं पैकेजिंग। भारत की रणनीतिक योजना इन तीनों चरणों को समानांतर रूप से मजबूत करने की है। भारत के पास पहले से ही चिप डिजाइनिंग की क्षमता मौजूद है। दुनिया की लगभग सभी प्रमुख चिप डिजाइन कंपनियों के बड़े अनुसंधान और विकास केंद्र भारत में स्थित हैं। सेमीकान इंडिया के अंतर्गत शुरू की गई 'डिजाइन-संबद्ध प्रोत्साहन' योजना का उद्देश्य घरेलू स्तर पर भारतीय स्टार्टअप्स और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को अपनी बौद्धिक संपदा विकसित करने और स्वदेशी चिप्स डिजाइन करने के लिए वित्तीय और तकनीकी संसाधन प्रदान करना है।

ब्रह्माण्ड के अंश से आत्मा की उत्पत्ति

पितृपक्ष या श्राद्ध कर्म का विज्ञान

जीवन का अंतिम संस्कार अंत्येष्टि है। इसी के साथ जीवन का समापन हो जाता है। तदुपरांत भी अपने वंश के सदस्य की स्मृति और पूर्वजन्म की सनातन हिंदू धर्म से जुड़ी मान्यताओं के चलते, कुछ परंपराओं के निर्वहन की निरंतरता बनी रहती है। इसमें पितृपक्ष के समय श्राद्ध क्रिया प्रतवर्ष की जाती है। इस क्रिया को हम अपने दिवंगतों के प्रति आदर का भाव प्रकट करने का माध्यम मानते हैं। वैसे मृत्यु से लेकर श्राद्ध कर्म तक जो भी क्रियाएं अस्तित्व में हैं,,उनके पीछे शरीर और प्रकृति का विज्ञान जुड़ा है,जिसे नकारा नहीं जा सकता। श्राद्ध की मान्यता आत्मा के गमन से जुड़ी है। चूड़ामणि उपनिषद् में कहा है कि ब्रह्म अर्थात ब्रह्मांड के अंश से ही प्रकाशमयी आत्मा की उत्पत्ति हुई है। इस आत्मा से आकाश,,आकाश से वायु, वायु से अग्नि,अग्नि से जल,जल से पृथ्वी की उत्पत्ति हुई। इन्हीं पांच तत्वों के समन्वित रूप से मानव व समस्त प्राणी जगत और ब्रह्मांड के सभी आयाम अस्तित्व में हैं। अतएव हिंदुओं के अंत्येष्टि संस्कार में मृत शरीर को अग्नि में समर्पित करके पांचों तत्वों में विलीन करने की परंपरा है।



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

आत्मा या शरीर के अंशों के इस विलय को संस्कृत में 'प्रैती' कहा है। इसे ही बोलचाल की भाषा में प्रेत कहा जाने लगा। इसे ही धन के लालचियों ने भूत-प्रेत या अतीन्द्रीय शक्तियों की हानि पहुंचाने वाली मानसिक व्याधियों से जोड़ दिया। जबकि शरीर में आत्मा के साथ-साथ मन व प्राण भी होते हैं। आत्मा के अजर-अमर रहने वाले अस्तित्व को अब विज्ञान ने भी स्वीकार लिया है। मन और प्राण जब शरीर से मुक्त होते हैं,,तब भी शरीर में इनका असर बना रहता है। इस कारण ये शरीर के चहूंओर भ्रमण करते रहते हैं। मन चंद्रमा का प्रतीक माना है। भारतीय दर्शन में इसीलिए स्थूल व सूक्ष्म शरीर की कल्पना कर विवेचना की गई है। पितृपक्ष की अवधि में ऐसी धारणा है कि मृतकों के सूक्ष्म अंश श्राद्ध की अवधि में परिजनों के इर्द-गिर्द मंडराते रहते हैं और श्राद्ध क्रिया से संतुष्ट होकर लौट जाते हैं। हालांकि संपूर्ण शरीर में सत्रह सूक्ष्म इंद्रियों का आवास होता है। इनमें पांच कर्मेन्द्रियां, पांच ज्ञानेंद्रियां, पांच प्राणेंद्रियां, एक मन और एक बुद्धि हैं। यही इंद्रियां छह धातुओं त्वचा, रक्त, मांस, मेदा, मज्जा और अस्थि निर्मित स्थूल शरीर में प्रवेश कर उसे संपूर्ण बनाती हैं। अतएव स्थूल शरीर से जब ये सूक्ष्म इंद्रियां निकलती हैं,,तब सूक्ष्म शरीर की रक्षा के लिए वायवीय अर्थात वायुचालित या काल्पनिक शरीर धारण कर लेती हैं। इसे ही प्रेत-संज्ञा दी गई है। वायु तत्व की प्रमुखता से शरीर माया-मोह से मुक्त नहीं होने के कारण परिजनों के निकट भटकता रहता है। इसी प्रेतत्व से छुटकारे का उपाय दशगात्र एवं श्राद्ध आदि क्रियाएं हैं।

हिंदुओं में दाहक्रिया के समय कपाल क्रिया प्रचलन में है। गरुड़.पुराण के अनुसार शवदाह के समय मृतक की खोपड़ी को डंडे से प्रहार करके फोड़ कर घी की आहुति दी जाती है। चूंकि खोपड़ी का अस्थिरूपी कवच इतना मजबूत होता है कि सामान्य आग में वह आसानी से भस्मीभूत नहीं हो पाता है। इसलिए उसे घी डालकर टुकड़े-टुकड़े कर दिया जाता है,जिससे यह भाग पूर्णरूप से पंचतत्वों में विलय हो जाए। इस क्रिया के प्रचलन से मान्यता जुड़ी है कि कपाल का भेदन हो जाने से प्राण तत्व पूरी तरह मुक्त हो जाते हैं और पुनर्जन्म की प्रक्रिया का हिस्सा बन जाते हैं। इस विषयक एक मान्यता यह भी है कि यदि मष्तिस्क का भाग अधजला रहेगा तो अगले जन्म में शरीर पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो पाएगा। मस्तिष्क में ब्रह्मा का निवास माना गया है, जो ब्रह्मरंध्र में प्राण के रूप में स्थिर रहता है। ऐसा माना जाता है कि शिशु जब गर्भ में जीवन ग्रहण करता है तो वह इसी रंध्र से होकर भ्रूण के शरीर में प्रवेश पाता है। यह बिंदु सिर के सबसे ऊपरी भाग में होता है। इसी भाग पर चोटी रखने का विधान है। यह भाग अत्यंत मुलायम होता है। चूंकि जीवन इस छिद्र से होकर शरीर में प्रवेश करता है,इसलिए कपाल क्रिया के माध्यम से इसे संपूर्ण रूप से बाहर निकालने का विधान किया जाता है,जिससे शरीर में पूर्व की कोई स्मृति शेष न रह जाए। इसे भौतिक शरीर का एंटीना भी कह सकते हैं।

इस ब्रह्मरंध्र का सबसे प्राचीन विज्ञान-सम्मत उल्लेख महाभारत में मिलता है। अश्वत्थामा जब पाण्डवों के वंशनाश के लिए अभिमन्यु की गर्भवती पत्नी उत्तरा के गर्भ पर ब्रह्मास्त्र छोड़ देते हैं,तब उत्तरा की कोख से मृत शिशु जन्मता है। परंतु कृष्ण जब उस शिशु को हथेलियों में लेते हैं,तो उन्हें उसमें जीवन का अनुभव होता है। वे तुरंत शिशु के मुख में अपने मुख से वायु प्रवाहित करते हैं। इससे श्वास नली में स्थित काकुली में ब्रह्मरंध्र अवरुद्ध हो गया था,,वह खुल गया और शिशु के प्राणों में चेतना लौट आई। ब्रह्मरंध्र तीव्र ध्वनि तरंगों के आवेग और क्रोध से अवरुद्ध हो जाता है। गंगा में अस्थियों के विसर्जन के पीछे भी विज्ञान सम्मत धारणा है। चूंकि अस्थियों में बड़ी मात्रा में फास्फोरस होता है,जो भूमि को उर्वरा बनाने का काम करता है। गंगा का प्रवाह आदिकाल से भूमि को उपजाऊ बनाए रखने के लिए उपयोगी रहा है। अतएव हड्डियों का गंगा में विसर्जन खाद का काम करता है। इससे तय होता है कि ऋषि-मुनियों ने अस्थियों में फास्फोरस उपलब्ध होने और उससे उपज अच्छी होने के महत्व को जान लिया था।

हिंदू धर्म में अंतिम संस्कार पुत्र से ही कराने की मान्यता है। दरअसल पुत्र चूंकि पिता के वीर्यांश से उत्पन्न है,अतएव वह पिता का प्रतिनिधित्व करने का वाहक भी है। ब्रह्मा ने बालक को पुत्र कहा है। मनुस्मृति में पुं नामक नरक से त्र त्राण दिलाने वाले प्राणी को पुत्र कहा है। इसी नाते पिंडदान एवं श्राद्धादि कर्म का दायित्व पुत्र पर है। हालांकि पुत्र नहीं होने पर पुत्री से भी ये संस्कार कराए जा सकते हैं। चूंकि हिंदु दर्शन मानता है कि मृत्यु के साथ मनुष्य का पूर्णतः अंत नहीं होता है। मृत्यु द्वारा आत्मा शरीर से पृथक हो जाती है और वायुमंडल में विचरण करती है। हालांकि यही आत्मा मनुष्य के जीवित रहते हुए भी स्वप्न-अवस्था में शरीर से अलग होकर भ्रमण करती है,लेकिन शरीर से उसका अंतर्संबंध बना रहता है। रुग्णावस्था में भी आत्मा और शरीर का अलगाव बना रहता है। लेकिन मृत्यु के बाद आत्मा पूर्णतः पृथक हो जाती है। ऋग्वेद में कहा भी गया है कि जीवात्मा अमर है और प्रत्यक्षतः नाशवान है। इसे ही और विस्तार से श्रीमद्भगवद्गीता में उल्लेखित करते हुए कहा है,आत्मा किसी भी काल में न तो जन्मती है और न ही मरती है। जिस तरह से मनुष्य पुराने वस्त्रों को त्याग कर नए वस्त्र धारण कर लेता है,उसी अनुरूप जीवात्मा मृत शरीर त्याग कर नए शरीर में प्रवेश कर जाती है।

लोहे का दाव

कस्बे के सबसे पुराने सिद्ध हनुमान मंदिर के मुख्य सिंहद्वार की सीढ़ियों के किनारे पत्थर के भारी खंभे के पास लोहे का एक पुराना और घिसा हुआ दाव पिछले बीस सालों से जमीन में गड़ा हुआ था। उसका भारी मुड़ा हुआ फल बरसों की रगड़ और बारिश की मार से मटमैला हो चुका था पर उसकी धार पर आज भी नारियल की सूखी जटाओं के रेशे लिपटे रहते थे। मंदिर के ट्रस्टियों ने उस लोहे के औजार के चारों तरफ पीले गेंदे के फूलों की एक ताजा माला लपेट दी थी। उस खंभे के ठीक बगल में फटी बोरी बिछाकर हर सुबह सात बजते ही सोमेश्वर काका अपनी लकड़ी की लाठी टेककर आकर बैठ जाते थे। सफेद खद्दर का धोती-कुर्ता पहने और आँखों पर गोल पीतल की कमानी का चश्मा चढ़ाए सोमेश्वर काका दिन भर उस लोहे के दाव को अपनी कांपती उँगलियों से सहलाते रहते थे। मंदिर में सुबह से ही दर्शनार्थियों की लंबी कतारें लग रही थीं, बड़े-बड़े सेठ सवा सौ नारियल फोड़ने की मन्नतें पूरी कर रहे थे और पुजारियों के मंत्रोच्चार से पूरा परिसर गूँज रहा था। उन नए श्रद्धालुओं और नारियल की मिठाई बाँटते व्यापारियों को उस कोने में गड़े लोहे के पुराने औजार से कोई सरोकार नहीं था। मंदिर का पुराना पानीवाला सुखिया जब भी पीतल की बाल्टी लेकर सीढ़ियाँ धोता तो काका की उस शांत मूरत को देखकर सहम जाता था। काका बहुत ही कांपती आवाज में उससे पूछते क्यों रे सुखिया आज नारियल दिवस के इस बड़े मेले में इस पुराने दाव से किसी किसान का सूखा जटादार नारियल छिला क्या या आज भी सिर्फ वीआईपी भक्तों की गाड़ियों पर ही प्रसाद चढ़ाया जा रहा है? सुखिया बस अपनी नजरें नीची कर लेता और एक ठंडी गहरी साँस भरकर चुपचाप आगे बढ़ जाता था। मंदिर प्रबंधन में हाल ही में राजधानी के बड़े धार्मिक न्यास बोर्ड से नए मुख्य प्रशासक के रूप में नियुक्त होकर आए साहब राघवेंद्र शर्मा बहुत ही कड़क, आधुनिक प्रबंधन के विशेषज्ञ और मंदिर के अनुशासन के पक्के अफसर माने जाते थे।



पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 27 सितंबर 2026 रविवार
सूर्योदय - 06:17 सूर्यास्त 18:27
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - एकम21:03 उपरांत द्वितीया
नक्षत्र- उत्रा भाद्रपद12:05 उपरांत रेवती
योग - वृद्धि13:14 उपरांत ध्रुव
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मीना मे रहेगा
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 14तारिख

मेष- कार्यक्षेत्र में नए अधिकार मिल सकते हैं। अधिकारियों से सराहना मिलेगी।
वृषभ- कारोबारी हैं तो व्यापार में नए सौदे फाइनल होने के योग हैं। जीवनसाथी के साथ रिश्ते में मिठास बढ़ेगी।
मिथुन- अटका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। अपने स्वास्थ्य को लेकर ऊजार्वान महसूस करेंगे।
कर्क- नौकरी में स्थान परिवर्तन या नई जिम्मेदारी के संकेत हैं। कारोबारी हैं तो मंद पड़े कारोबार में गति आएगी।
सिंह- जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग और प्यार मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा।
कन्या- संचित धन में वृद्धि होगी। मौसमी बीमारियों को लेकर सतर्क रहें। बजट बिगड़ने के आसार हैं।
तुला- कार्यक्षेत्र में टीम वर्क से बड़े लक्ष्य हासिल करने में सफलता मिलेगी। जोड़ों का दर्द परेशान कर सकता है।
वृश्चिक- कारोबार में क्लाइंट्स के साथ महत्वपूर्ण बातचीत सफल रहेगी। प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी।
धनु- शादी की बात आगे बढ़ सकती है। रुका हुआ पैसा मिलने से आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।
मकर- कार्यस्थल पर किसी से बेवजह न उलझें, अपने काम पर ध्यान दें। थकान और कमजोरी महसूस हो सकती है।
कुंभ- कारोबार में नए काम की शुरूआत के लिए थोड़ा इंतजार करना बेहतर रहेगा। बजट बिगड़ने के आसार हैं।
मीन- लव पार्टनर आपकी भावनाओं को समझेगा। फिजूलखर्ची पर रोक लगाएं।

क्षमावाणी – घटना याद रखो पर उसका विष मत ढोओ

[प्रसंगवश 27 सितंबर: क्षमावाणी पर्व]

कुछ रिश्ते टूटते नहीं, बस उनके बीच अदृश्य दीवार खड़ी हो जाती है। उसकी ईंटें अक्सर दोनों तरफ के लोग रखते हैं–एक शब्द इधर से गया, जवाब उधर से आया, फिर चुप्पी और देखते-देखते दूरी बन गई। मनुष्य रिश्ते बनाता है, पर अपनी बात और अहं बचाने में ऊर्जा लगा देता है। यहीं क्षमावाणी कहती है–एक बार अपनी बात नहीं, अपने भीतर को देखो। वह आत्मा से पूछती है–क्या बचाकर रखा है हमने, पुरानी नाराजगी या कोई अपना? दिगंबर जैन परंपरा में यह आत्मावलोकन, क्षमा और संबंधों में जमी कठोरता को पिघलाने का अवसर है। इसे केवल धार्मिक परंपरा मानना इसके मानवीय अर्थ को सीमित करना होगा। आज मनुष्य को क्षमा से अधिक अपनी प्रतिक्रियाओं से मुक्ति की जरूरत है।



कृति आरके जैन,
(दैनिक अवन्तिका)

आज हमारे पास संवाद के साधन अधिक हैं, लेकिन सुनने का धैर्य लगातार कम होता जा रहा है। संदेश गलत समझा गया तो मन में गांठ, उत्तर देर से मिला तो शिकायत, प्रशंसा नहीं मिली तो खटास, बात काटी गई तो अहं को चोट और अपेक्षा अधूरी रही तो रिश्ता कटघरे में खड़ा हो गया। छोटी-छोटी घटनाएँ जुड़कर शिकायतों का अभिलेखागार बन जाती हैं, जिसे मिटाने के बजाय हम बार-बार खोलते रहते हैं। क्षमावाणी उसी पुराने अभिलेखागार को साफ करने का अवसर है। वह पूछती है–भीतर आखिर ऐसा क्या जमा है, जिसे हम छोड़ नहीं पा रहे? कई बार थकान परिस्थितियों से नहीं, वर्षों से ढोई जा रही भावनाओं से होती है।

क्षमा का अर्थ यह नहीं कि सामने वाला सही था, अन्याय उचित था या अपनी गरिमा छोड़ दी जाए। क्षमा का गहरा अर्थ है–मैं अपने भीतर किसी दूसरे के व्यवहार को हमेशा के लिए जगह नहीं दूँगा। चोट देने वाला जिम्मेदार था; उसे वर्षों तक ढोना हमारा अपना बोझ बन जाता है। कई बार शिकायत करने वाला आगे बढ़ चुका होता है, जबकि हम उसी घटना को बार-बार दोहराते रहते हैं। वह सामने नहीं होता, फिर भी उसकी कही बात हमारे वर्तमान को प्रभावित करती रहती है। क्षमावाणी पूछती है–क्या हर पुरानी शिकायत को आज भी अपने वर्तमान का हिस्सा बनाए रखना जरूरी है?

सबसे कठिन काम है मन से कहना–अब छोड़ भी दो। कहना सरल, करना कठिन। क्षमा माँगने के लिए अहम् को पीछे हटाना पड़ता है। ह्लमुझे क्षमा करेंह्व तभी सार्थक है, जब भीतर से निकले। ह्लमैंने तुम्हें क्षमा कियाह्व तभी अर्थपूर्ण है, जब बदले की इच्छा न हो। इसलिए क्षमावाणी केवल दो लोगों का संवाद नहीं, मनुष्य और उसके ह्यमैंह्व के बीच की बातचीत है। संघर्ष कई बार दूसरों से नहीं, अपने भीतर से होता है–मैं सही था, मुझे ही क्यों झुकना चाहिए? यहीं ह्यमैंह्व बड़ा हो जाता है। क्षमावाणी इस ह्यमैंह्व को मिटाती नहीं, छोटा करती है। ह्यमैंह्व छोटा होता है तो रिश्तों के लिए जगह बनती है।

हमारी स्मृति विचित्र है। सैकड़ों अच्छी बातें पीछे छूट जाती हैं, लेकिन एक कठोर वाक्य वर्षों तक याद रहता है। किसी की अच्छाई धुंधली पड़ सकती है, पर एक क्षण की कटुता निशान छोड़ जाती है। क्षमावाणी स्मृति मिटाने को नहीं कहती, बल्कि सिखाती है–घटना याद रखो, पर उसका विष मत ढोओ। भूल जाना हमेशा हमारे हाथ में नहीं, लेकिन उस स्मृति को वर्तमान पर शासन करने देना या नहीं, यह हमारे हाथ में है। अतीत नहीं बदल सकते, पर तय कर सकते हैं कि वह आज को कितना प्रभावित करे। क्षमा स्मृति के विरुद्ध नहीं, उस पर अपने अधिकार की घोषणा है। सामने वाला बदले या न बदले, यदि हम अपने भीतर बदलते हैं, तो क्षमा की शक्ति वहीं है।

संजा का दूसरा दिन

आज आसानी से उपलब्ध नहीं गाय का गोबर एवं जंगली फूल



संजा पर्व जब प्रारंभ हुआ, तब हर घर में गाय तो होती ही थी। अतः सखियों को गाय का गोबर आसानी से मिल जाता था। घर की लीपन की हुई दीवारों पर पूर्व से ही बेस रहता था। बस एक लीपन लीपकर गोबर की सहायता से माण्डने माण्डना होते थे। घर को लीपने का कार्य तकरीब सतत चलनेवाली प्रक्रिया थी। ऐसे में गोबर का लीपन एक सौरम लिए हुए रहता था। जबकि आजकल की लड़कियों को यदि कहा जाए कि वह सड़क से गोबर बीन ले संजा के माण्डना माण्डने हेतु तो वे नाक भौं सिकोड़ लगेंगी। तब लड़कियां घर के समीप ही जंगल मे जाकर जंगली फूल चुनकर लाया करती थी। आज से 20 वर्ष पूर्व तक यही परंपरा रही कि संजा के माण्डने,सूरज,चंद्रमा आदि को पैढ़ों की पत्तियों,फूलों की पंखुड़ियों से ही सजाया जाता था। जंगली फूलों में रंगों की विविधता रहती थी, अतः संजा के माण्डने आकर्षण लिए हुए रहते थे।

आज बनेगा पड़वा का पंखा

संजा पर्व के दूसरे दिन पढ़वा पर संजा की सखियां पंखा का माण्डना बनाएगी। यह माण्डना सेवा का प्रतिक माना जाता है। इस माण्डने के माध्यम से कुंवारी कन्याओं को बताया जाता है कि विवाह पूर्व परिवार के बुजूर्गो की तथा विवाह बाद ससुराल में पति एवं बुजूर्गो की सेवा ही मुख्य ध्येय होना चाहिए। यही संकल्प पंखा की आकृति दिलवाती थी। एक जमाना था जब परिवार के बुजूर्ग भोजन करते तो मां,पत्नि,बहन में से कोई भी पंखा झलने लगती थी,ताकि घर के कमानेवाले लोग भोजन तो शांति से कर सकें। इस बहाने सेवा भी हो जाती थी। यही सीख संजा के माण्डने से मिलती थी।

आज का गीत


संजा तू थारे घर जा...
कि थारी मां मारेगी, के कूटेगी,
के डेली में दचकेगी...
चांद गयो गुजरात, हीरण का बड़ा बड़ा दांत
छोरा-छोरी डरपेगा भई डरपेगा

■ श्रीमती स्वाति अंकित जैन

धर्म-आस्था

पितृ पक्षः पूर्वजों को तर्पण ही नहीं, उनके संस्कारों को जीवन देने का पर्व

आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से शुरू होने वाला पितृ पक्ष भारतीय परंपरा में अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। सामान्यतः इसे श्राद्ध पक्ष भी कहा जाता है। इन दिनों परिवार अपने दिवंगत पूर्वजों का स्मरण करते हुए तर्पण, श्राद्ध, पिंडदान और अन्नदान जैसी परंपराएं निभाते हैं। लेकिन पितृ पक्ष का अर्थ केवल विधि-विधान पूरा करना नहीं है। इसके भीतर एक गहरा सामाजिक संदेश भी छिपा है–जिस परिवार और समाज ने हमें बनाया, उसके प्रति हमारी जिम्मेदारी क्या है और हम आने वाली पीढ़ी के लिए कैसी विरासत छोड़ रहे हैं? भारतीय चिंतन में मनुष्य को देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण से जुड़ा माना गया है। पितृ ऋण का भाव हमें यह याद दिलाता है कि हमारा अस्तित्व केवल हमारे व्यक्तिगत प्रयासों का परिणाम नहीं है। हमारे माता-पिता, दादा-दादी और उनसे पहले की पीढ़ियों ने अपने संघर्ष, त्याग और संस्कारों से हमारे जीवन की नींव तैयार की है।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

इसलिए पितृ पक्ष सबसे पहले कृतज्ञता का पर्व है।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इन दिनों पितरों का स्मरण कर उन्हें जल अर्पित किया जाता है और अन्न का दान किया जाता है। तर्पण और श्राद्ध के माध्यम से पूर्वजों के प्रति सम्मान व्यक्त किया जाता है। धार्मिक मान्यताएं अपनी जगह हैं, लेकिन सामाजिक दृष्टि से देखें तो यह परंपरा हमें अपनी जड़ों से जोड़ने का काम करती है। पितृ पक्ष का सबसे बड़ा सामाजिक संदेश शायद यही है कि जिस पीढ़ी ने हमारे लिए जीवनभर दिया, उसके प्रति हमारी जिम्मेदारी केवल मृत्यु के बाद शुरू नहीं होनी चाहिए।

आज परिवार छोटे हो रहे हैं। बच्चे शिक्षा और रोजगार के लिए दूसरे शहरों और देशों में चले जाते हैं। कई घरों में बुजुर्ग अकेले रह जाते हैं। ऐसे समय में पितृ पक्ष हमें एक महत्वपूर्ण प्रश्न पूछता है–यदि हम अपने दिवंगत पूर्वजों के लिए श्राद्ध कर सकते हैं, तो क्या अपने जीवित माता-पिता और बुजुर्गों के लिए समय नहीं निकाल सकते? पितरों के नाम पर तर्पण करने से पहले जीवित बुजुर्गों की जरूरतों को समझना भी हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। उनके साथ बैठना, उनकी बातें सुनना, उन्हें सम्मान देना, समय पर दवा और भोजन की चिंता करना, उनके अनुभवों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना–यह सब किसी भी कर्मकांड से कम महत्वपूर्ण नहीं हो सकता।

पितृ पक्ष हमें दान और सेवा की परंपरा से भी जोड़ता है। अन्नदान इसकी प्रमुख परंपराओं में है। आज इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए जरूरतमंद परिवारों को भोजन, वस्त्र, शिक्षा सामग्री या आवश्यक सहायता दी जा सकती है। किसी भूखे व्यक्ति को भोजन मिल जाए, किसी गरीब बच्चे की पढ़ाई जारी रह सके या किसी बुजुर्ग को सहारा मिल जाए, तो पूर्वजों की स्मृति सामाजिक सेवा का माध्यम बन सकती है।

इसी तरह पितृ पक्ष पर्यावरण संरक्षण से भी जोड़ा जा सकता है। पूर्वजों की स्मृति में पौधारोपण करना, जलस्रोतों की सफाई करना, पेड़ों की देखभाल करना या किसी सार्वजनिक स्थान को स्वच्छ रखना आने वाली पीढ़ी के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक हो सकता है। आखिर हमारे पूर्वजों ने जो प्रकृति हमें सौंपी थी, उसे अगली पीढ़ी तक सुरक्षित पहुंचाना भी हमारी जिम्मेदारी है। पितृ पक्ष का एक और महत्वपूर्ण सामाजिक पक्ष है–पारिवारिक इतिहास और संस्कारों का संरक्षण।

आज कई बच्चों को अपने दादा-दादी का पूरा नाम, उनके गांव का नाम, उनके जीवन का संघर्ष या परिवार की पुरानी परंपराओं की जानकारी तक नहीं होती। पितृ पक्ष परिवार में बैठकर पुरानी पीढ़ी की बातें सुनने का अवसर बन सकता है। बच्चों को बताया जा सकता है कि उनके पूर्वजों ने कठिन परिस्थितियों में परिवार को कैसे संभाला, शिक्षा के लिए क्या संघर्ष किया और समाज के लिए क्या योगदान दिया। किसी परिवार की वास्तविक संपत्ति केवल मकान, जमीन या बैंक में जमा धन नहीं होती। उसकी सबसे बड़ी संपत्ति उसके संस्कार और जीवन मूल्य होते हैं। महाभारत के अनुशासन पर्व में भीष्म पितामह द्वारा युधिष्ठिर को श्राद्ध के महत्व के बारे में बताए जाने का प्रसंग मिलता है। महर्षि निमि से जुड़ी पौराणिक कथा भी श्राद्ध परंपरा की शुरूआत से जोड़ी जाती है।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6700 विशाल 6400 से 6525 डंकी चना 5800 से 6200 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 8200 से 8400 महाराष्ट्र लाल 8500 से 8800 कर्नाटक 8700 से 8900 निमाड़ी तुअर 6500 से 7900 मूंग बेस्ट गर्मी 7500 से 7700 मूंग बेस्ट बोल्ड 7800 से 7900 मोगर 5500 से 6700 उड़द बोल्ड 9200 से 9500 उड़द गर्मी 8800 से 9200 ग्रेविटी क्लीन 9500 से 9900 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6400 से 6600 बिटकी 6000 से 6200 सरसों निमाड़ी 8000 से 8200 रायडा 7000 से 7200 सोयाबीन 5700 टोली 5600 से 5800 गेहूं मिल क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से 3000 मालवराज 2850 से 2900 मक्का 2500 से 2525 चना दाल 7800 से 7900 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 8500 से 8800 तुअर दाल 7900 से 8000 मीडियम 7900 से 8000 बेस्ट 10300 से 10600 एक्स्ट्रा बेस्ट 11400 से 11600 ब्रांडेड 13000 मूंग दाल 9100 से 9200 बेस्ट 9300 से 9400 मूंग मोगर 11100 से 11200 बेस्ट 11300 से 11400 उड़द दाल 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 11400 से 11800 बेस्ट 12000 से 12200 मसूर दाल 7750 से 7850 बेस्ट 7950 से 8050 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली-10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,50,500 रवा- 1,50,000 चांदी-टंच- 2,33,000 पाट- 2,31,500।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

मक्सी में चलती ट्रेन से गिरा यात्री जिला अस्पताल में भर्ती

शाजापुर। शाजापुर के मक्सी रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार को पंचवली एक्सप्रेस से गिरने से एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रेन इंदौर से सीहोर जा रही थी। हादसे के बाद मक्सी जीआरपी और स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को मक्सी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। शुरूआती इलाज के बाद उसे शाजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल की पहचान मंदसौर निवासी हिमांशु गौर (32) के रूप में हुई है। बताया गया कि ट्रेन के मक्सी स्टेशन के पास पहुंचने के दौरान हिमांशु अचानक नीचे गिर गया। जीआरपी की शुरूआती जांच में माना जा रहा है कि युवक ट्रेन के गेट पर खड़ा था और झटके से नीचे गिर गया। घटना के असली कारणों की जांच की जा रही है। जीआरपी ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान ट्रेन के गेट पर खड़े या बैठे न रहें और सुरक्षा नियमों का पालन करें।

30 सितंबर को होगा ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन

शुजालपुर। चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर मीडिया के माध्यम से सामने आई रिपोर्ट के बाद कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। कांग्रेस का आरोप है कि चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची से जुड़े मामलों में गंभीर आपत्तियां सामने आई हैं। इसी के विरोध में 30 सितंबर को शाजापुर जिला मुख्यालय पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया जाएगा। कांग्रेस की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे के साथ मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग भी की जाएगी। कांग्रेस नेता हसन रजा कुरैशी ने बताया कि प्रदर्शन में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी द्वारा चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग को लेकर यह प्रदर्शन किया जा रहा है।

अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा, महिला की मौत

शाजापुर। नेशनल हाईवे-52 पर शुक्रवार शाम एक सड़क हादसा हो गया। मझानिया के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार 35 साल की महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बाइक पर सवार एक युवक और एक बच्ची घायल हो गए। वहीं चालक वाहन लेकर फरार हो गया है। जानकारी के मुताबिक, अयोध्या बस्ती की रहने वाली राधा बाई (35) युवक दीपक और एक छोटी बच्ची के साथ बाइक से शाजापुर लौट रही थीं। वे उमरिया ताज से आ रहे थे। मझानिया के पास पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

लोडिंग से टकराकर गिरा टैंकर, हजारों लीटर दूध बहा

देवास। देवास के सियापुरा में शनिवार सुबह करीब 5:30 बजे एक हादसा हुआ। दूध के पैकेटों से भरे लोडिंग वाहन को पीछे से आ रहे दूध के टैंकर ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद टैंकर लोडिंग वाहन को घसीटता हुआ कुछ दूर तक ले गया। इसके बाद वह डिवाइडर से टकराकर पलट गया। टैंकर का ढक्कन खुलने से उसमें भरा करीब 20 हजार लीटर दूध सड़क पर बह गया। लोडिंग वाहन में करीब 400 कैरेट दूध के पैकेट थे। उसका चालक सियापुरा के पास वाहन खड़ा करके पंचर ठीक कराने गया था। तभी पीछे से आए टैंकर ने उसे टक्कर मार दी।

ढोल.ताशों के बीच दी गणपति बप्पा को विदाई,घाटों पर रही विशेष निगरानी

दस दिनों की स्तुति के बाद निकले विसर्जन जुलूस, गण-पति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ से गूंजा शहर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



दस दिनों तक भगवान गणेश की आराधना और स्तुतिगान के बाद शुक्रवार को गणपति प्रतिमाओं का पारंपरिक रूप से विसर्जन किया गया। सुबह से ही शहर में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला शुरू हो गया था। विभिन्न गणेश उत्सव समितियों के पंडालों में हवन-पूजन और अन्य धार्मिक आयोजन हुए। इसके बाद सार्वजनिक समितियों ने ढोल-ताशों और बैंड.बाजों के साथ चल समारोह निकाले। चल समारोह के दौरान श्रद्धालु गणपति बप्पा की स्तुति करते हुए और गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े।

शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित गणेश प्रतिमाओं को चल समारोह के रूप में विसर्जन स्थलों तक ले जाया गया। इस दौरान श्रद्धालु रंग-गुलाल से सराबोर नजर आए। कई स्थानों पर प्रसादी का वितरण भी किया गया। शहर के दोनों नदी क्षेत्रों सहित निर्धारित विसर्जन स्थलों पर प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। स्थानीय पुलिस बल के साथ अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात रहा।

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर सुबह से ही शहर में धार्मिक गतिविधियां दिखाई दीं। अलग-अलग समितियों की ओर से पंडालों में हवन एवं पूजा-अर्चना के बाद महाआरती की गई। इसके बाद प्रतिमाओं को वाहनों में सुसज्जित कर चल समारोह निकाले गए। शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकले इन जुलूसों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। विसर्जन को लेकर नगर पालिका ने भी व्यवस्थाएं की थीं। नदी के अलावा अन्य निर्धारित स्थानों पर भी प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्था की गई। प्रतिमाओं के संग्रहण के लिए पाइंट बनाए गए तथा नदी में विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था रही। विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस बल तैनात किया गया।

अनंत चतुर्दशी पर्व को देखते हुए प्रशासन ने शहर के प्रमुख मार्गों और विसर्जन स्थलों पर विशेष निगरानी रखी। चल समारोह के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी पुलिस बल की तैनाती की गई। देर शाम तक विभिन्न समितियों के चल समारोह विसर्जन स्थलों तक पहुंचते रहे और श्रद्धालुओं ने विधि.विधान से गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन कर अगले वर्ष फिर आने की कामना की।

डीजे के बिना निकले चल समारोह को सराहा

इस बार प्रशासन की अपील और निर्धारित व्यवस्थाओं के अनुरूप विसर्जन चल समारोह में डीजे का उपयोग नहीं किया गया। अधिकांश नागरिकों ने इसे सकारात्मक पहल बताते हुए सराहा। नागरिकों का कहना था कि धार्मिक आयोजनों में पारंपरिक ढोल-ताशे और बैंड के साथ उत्सव मनाने से श्रद्धालुओं का उत्साह भी बना रहता है और आसपास के रहवासियों को तेज ध्वनि से होने वाली परेशानी से भी राहत मिलती है। डीजे संचालकों की ओर से भी प्रशासनिक निर्देशों और आयोजन समितियों के सहयोग के अनुरूप व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया गया।



दीनदयाल जयंती पर उद्यान का लोकार्पण:मंत्री परमार ने 3 फीट प्रतिमा का अनावरण किया

अकोदिया। अकोदिया में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर शुक्रवार संजय कॉलोनी में कई विकास कार्य हुए। उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने पं. दीनदयाल उपाध्याय उद्यान का लोकार्पण के साथ उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय की 3 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण भी किया। इसी के साथ वार्ड नंबर 4 संजय कॉलोनी में आंगनवाड़ी भवन के निर्माण के लिए भूमि पूजन भी किया गया। नए बने उद्यान में बच्चों के लिए खेल मैदान, झूले और जिम जैसी सुविधाएं हैं। यह उद्यान सुबह और शाम चार-चार घंटे आम लोगों के लिए खुला रहेगा। इससे कॉलोनी और आसपास के लोगों को अपने बच्चों के खेलने और युवाओं को व्यायाम करने की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान मंत्री इंदर सिंह परमार ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत तीन लोगों को 50-50 हजार रुपए के स्वीकृति पत्र दिए। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष रचना सचिन शर्मा, मंडल अध्यक्ष अरविंद परमार, भाजपा जिला अध्यक्ष रवि पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया और जिला महामंत्री विजय बेस सहित कई जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सचिन शर्मा ने किया। मंडल अध्यक्ष अरविंद परमार, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया और भाजपा जिला अध्यक्ष रवि पांडे ने भी लोगों को संबोधित किया। वक्ताओं ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, विचारों और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की उनकी सोच पर बात की।

अंत्योदय के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया

पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया नमन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



भारतीय जनसंघ के प्रमुख विचारक एवं संगठनकर्ता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा की ओर से स्थानीय पं. दीनदयाल उपाध्याय परिसर बस स्टैंड पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला एवं नगर मंडल पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने पं. उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया।

भाजपा मीडिया प्रभारी पं. प्रवीण जोशी ने बताया कि कार्यक्रम में जिला मंत्री एवं पार्षद अंजू रामसिंह खत्री, नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल, धन्नालाल पाटीदार, कृष्णा पाठक, चिरंजीलाल टेलर, मोहन जाटव, राजेंद्र जायसवाल, सीमित चौधरी, राकेश नायक, माखन सूर्यवंशी, योगेश बिंदल, लोकेश पुष्पद, भगवान सिंह यादव, नितेश मालवीय, राकेश परमार, दीपक मीणा, ओमप्रकाश कछवाय, रमेश कामरिया, संजय जायसवाल, शुभम पुष्पद, रमेश सेन, युवराज रामडिया, आदर्श कुशवाह एवं आशुतोष नेमा सहित वर्तमान एवं पूर्व पार्षद तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, सादगी, त्याग, तपस्या, संगठन क्षमता और राष्ट्रसेवा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पं. उपाध्याय ने समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान को केंद्र में रखते हुए अंत्योदय की अवधारणा को आगे बढ़ाया। भारतीय संस्कृति और जीवन.दृष्टि पर आधारित उनके एकात्म मानववाद के विचार आज भी समाज और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरणा देते हैं। वक्ताओं ने कहा कि पं. उपाध्याय के विचारों को केवल जयंती आयोजन तक सीमित न रखते हुए सेवाए संगठन और जनकल्याण के कार्यों में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान कार्यकताओं ने राष्ट्रहितए,सामाजिक सेवा और जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन योगेश शिवहरे व आभार अमित भैरवे ने माना।

मीडियन ओपनिंग पर पार्किंग, हादसों को न्योता

ब्रजनगर चौराहे पर सड़क पार करना हुआ खतरनाक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासन भले ही गंभीर नजर आ रहा हो, लेकिन जमीनी हालात तस्वीर कुछ और ही बयां कर रहे हैं। एक दिवस पूर्व हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर एवं समिति अध्यक्ष ऋतु बाफना ने शहरी क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इसके ठीक बीच शुजालपुर के सिटी मंडी फोरलेन मार्ग पर यू टर्न और सड़क के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में आवागमन के लिए बनाई गई मीडियन ओपनिंग ही वाहनों की पार्किंग का ठिकाना बन गई है।

इस तरह की स्थिति बस स्टेंड, एसडीएम बंगले के सामने, ब्रजनगर चौराहे सहित अन्य स्थानों पर बने मीडियन ओपनिंग पर देखी जा सकती है। लेकिन ब्रजनगर चौराहे स्थित मीडियन ओपनिंग की स्थिति ज्यादा घातक है यहां पर पिछले कुछ समय से वाहनों की स्थायी पार्किंग होने से यहां यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। यह स्थिति वाहन चालकों के लिए परेशानी के साथ हादसों का कारण भी बन रही है। ब्रजनगर कॉलोनी से मंडी की ओर जाने वाले चार पहिया व दो पहिया वाहन चालकों को फोरलेन पार करते समय सामने से आने वाले वाहन स्पष्ट दिखाई नहीं देते। मीडियन में खड़े वाहन दृश्यता को बाधित कर रहे हैं।

दूसरी ओर से आने वाले तेज रफ्तार वाहनों के बीच सड़क पार करना जोखिम भरा हो जाता है। मीडियन में खड़े वाहन सामने से आने वाले वाहनों की दृश्यता रोक देते हैं।

यू टर्न के लिए बनी जगह, बन गई पार्किंग

फोरलेन मार्ग पर मीडियन ओपनिंग का उद्देश्य वाहनों को सुरक्षित तरीके से यू टर्न लेने तथा एक ओर से दूसरी ओर जाने की सुविधा देना है। लेकिन ब्रजनगर चौराहे पर यही जगह अब पार्किंग में बदल गई है। कई बार स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि दो पहिया वाहन चालकों को भी मीडियन ओपनिंग से निकलने में परेशानी होती है।

महिला से अभद्रता की, बीच-बचाव में युवक घायल, देवास में कमेंट से जुड़ा मामला



देवास। देवास शहर के मुखर्जी नगर में गणेश पंडाल के पास गार्डन में एक महिला पर अश्लील कमेंट को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते चाकूबाजी और पथराव में बदल गया। महिला पर अश्लील टिप्पणी का विरोध करने पहुंचे उसके पति से विवाद के बाद आरोपी अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और हमला करने की कोशिश की। इसी दौरान बीच-बचाव करने आए कॉलोनी निवासी राहुल उर्फ सोनू पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए गए। पेट और सीने सहित शरीर पर चार से पांच वार लगने से सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया। घटना गुरुवार रात सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मुखर्जी नगर की है। जानकारी के अनुसार गणेश पंडाल के समीप गार्डन में महिलाएं मौजूद थीं। इसी दौरान ईश्वर बैरागी नामक युवक द्वारा महिला पर अश्लील टिप्पणी और कमेंट करने लगा। महिला के पति ने इसका विरोध किया तो दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि कुछ देर बाद ईश्वर बैरागी अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और महिला के पति से विवाद करने लगा। विवाद के दौरान महिला के पति पर हमला करने की कोशिश की गई। इसी बीच राहुल उर्फ सोनू ने बीच में आकर बचाने का प्रयास किया तो हमलावरों ने राहुल को निशाना बना लिया। आरोप है कि उस पर चार से पांच बार चाकू से वार किए गए। पेट और सीने में चाकू लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद आरोपियों की ओर से पथराव भी किया गया, जिसमें एक महिला के घायल होने की जानकारी है।

21 दिन ऑक्सीजन पर रहने के बाद नवजात ने जीती जिंदगी की जंग

जन्म के बाद सांस लेने में हो रही थी परेशानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में एक नवजात ने 27 दिन तक जिंदगी की जंग लड़ी और स्वस्थ होकर घर लौट गया। जन्म के समय उसका वजन सिर्फ 1 किलो 300 ग्राम था और उसे सांस लेने में दिक्कत थी।

बच्चे को करीब 21 दिन तक ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया। उसकी हालत देखकर एक निजी अस्पताल ने उसे इंदौर रेफर करने की सलाह दी थी। हालांकि, परिजन उसे देवास के जिला अस्पताल ले आए, जहां डॉक्टरों की टीम ने लगातार इलाज और निगरानी कर उसकी जान बचाई।

जानकारी के मुताबिक, वारसी नगर की मुस्कान पति कामरान को 29 अगस्त को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रसव के बाद जन्मे बच्चे की हालत ठीक नहीं थी। उसका वजन सिर्फ 1.3 किलो था और उसे सांस लेने में परेशानी हो रही थी। निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने बच्चे की नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे इंदौर रेफर करने की सलाह दी। इसके बाद परिजन बच्चे को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और उसे भर्ती कराया।

यहां नवजात का करीब 27 दिन तक इलाज चला। डॉक्टर अनुज चाचरे ने बताया कि बच्चे को लगभग 21 दिन तक ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया।

वंदेमातरम, राष्ट्रभाव से सराबोर हुआ सरस्वती शिशु मंदिर

नमामि भारतम् कार्यक्रम में विद्यार्थियों और नागरिकों ने किया सामूहिक वंदेमातरम् गायन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



विद्या भारती द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर संचालित नमामि भारतम कार्यक्रम के तहत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर, शुजालपुर मंडी में सामूहिक वंदेमातरम गायन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं नगर के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ. रजनीश त्रिवेदी ने वंदेमातरम की ऐतिहासिक यात्रा, इसके रचनाकार, स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान और राष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए संबोधन किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में शुजालपुर महाविद्यालय स्थापना समिति के अध्यक्ष रामगोविंद नेमा ने वंदेमातरम की वर्तमान समय में प्रासंगिकता तथा इससे संबंधित कानून एवं नियमों पर विचार व्यक्त किए। स्थानीय एसडीएम एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने भी संबोधित करते हुए विद्यार्थियों से वंदेमातरम से जुड़े प्रश्न पूछे। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर ऐसी संस्था है, जहां प्रतिदिन संपूर्ण वंदेमातरम का गायन किया जाता है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में ठीक सुबह 11 बजे उपस्थित जनों ने अनुशासन एवं राष्ट्रभाव के साथ सामूहिक रूप से वंदेमातरम का गायन किया। विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार ने अतिथियों का परिचय कराया। स्वागत हरबान सिंह मालवीय एवं हरिओम मेवाड़ा ने किया।

कार्यक्रम में अभिभावकों एवं पूर्व छात्रों, नगर के नागरिकों विद्यालय के पूर्व आचार्यों तथा शुजालपुर महाविद्यालय स्थापना समिति के सदस्यों की सहभागिता रही। संचालन संध्या यादव ने किया तथा आभार समिति कोषाध्यक्ष हरबान सिंह मालवीय ने माना।

अनंत चतुर्दशी पर निकला गणपति विसर्जन जुलूस, नदी में किया प्रतिमा का विसर्जन



सुसनेर। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर शुक्रवार को महाराष्ट्रीयन समाज सुसनेर द्वारा गणपति विसर्जन जुलूस निकाला गया। जुलूस नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ मेले ग्राउंड स्थित नदी तट पर पहुंचा, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान एवं भक्ति भाव के साथ भगवान गणपति की प्रतिमा का विसर्जन किया। वहीं पिपलिया नानकार तालाब पर भी प्रशासन द्वारा गणपति प्रतिमा विसर्जन के लिए व्यवस्थाएं की गई थीं। यहां भी श्रद्धालुओं ने पहुंचकर गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन किया। विसर्जन को लेकर पुलिस, नगर परिषद एवं ग्राम पंचायत की ओर से सुरक्षा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। इस दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल रहा।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री नितिन पिता दिलीपजी जैन, जाति जैन, निवासी 262, जवाहर मार्ग, नागदा, जिला उज्जैन (म.प्र.) के एकांकी स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम सरसाना, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन में स्थित कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 386/2/1 रकबा 0.18 हे0, सर्वे क्रमांक 387/2/1/1 रकबा 0.17 हे०, कुल किता 02, कुल रकबा 0.35 हे0 में से रकबा 0.11 हे0 कृषि भूमि, जो मेन रोड पर 60 फीट फ्रंट वाली है, को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का अनुबंध कर लिया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है, सिर्फ शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन कराना बाकी है।

अतः उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी बैंक, पेढ़ी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, अथवा उक्त कृषि भूमि में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा, सुखाधिकार, दावा या अधिकार हो अथवा इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे, ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित कृषि भूमि का विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेंगे तथा किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 26-09-2026, स्थान उज्जैन

गौरव गौदावत (जैन), एडव्होकेट
दुकान नंबर- डीएफ-7, भरतपुरी शॉपिंग कॉम्पलेक्स, देवास रोड, उज्जैन मोबाईल नंबर 99260-68606

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने मोहम्मद हारून पिता मोहम्मद शब्बीर, निवासी उज्जैन के एकांकी स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 75 जो कि इन्द्रालय हायलेण्डस' कॉलोनी ग्राम नानाखेडा उज्जैन म.प्र. में अंदर की ओर स्थित होकर आवासीय उपयोग का है, जिसका कुल एरिया 840.45 वर्गफीट अर्थात 78.08 वर्गमीटर है। जिसे मय तल व हवाई हक सहित मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दी है। अब विक्रय पत्र का संपादन कराना शेष है। उक्त भूखण्ड की पैमाइश, चर्तुःसीमा निम्नानुसार है अनुबंधित भूखण्ड की चर्तुःसीमा पूर्व की ओर भूखण्ड क्रमाक 54, पश्चिम की ओर रास्ता कालोनी का उत्तर की ओर भूखण्ड क्रमांक 74, दक्षिण की ओर : भूखण्ड क्रमांक 76 पैमाईश लंबाई पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण समान 1280 मीटर। चौडाई उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम समान 6.10 मीटर।

अतः उक्त वर्णित भूखण्ड पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूखण्ड में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाधत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 5 (पांच) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूखण्ड का विधिवत विकय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी।

सूचित हो। इति दिनांक 25-09-2026 स्थान उज्जैन

श्याम गुप्ता एडवोकेट
दुकान नंबर सीएपा-8, भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन मोबाईल नंबर 99264 66157

बिजली कर्मचारी परस्पर सहकारी साख संस्था (मर्यादित)
जिला उज्जैन (म.प्र.)
सहकार भवन, मक्सी रोड, पॉवर हाउस प्रांगण
पंजीयन क्रमांक एआर/यूजेएन/467 दिनांक 29 जुलाई 1980

साधारण सम्मेलन की सूचना

महोदय,

बिजली कर्मचारी परस्पर सहकारी साख संस्था मर्यादित जिला उज्जैन के सदस्यों की वार्षिक साधारण सम्मिलन दिनांक 27-09-2026 रविवार को संस्था कार्यालय सहकार भवन मक्सी रोड पॉवर हाउस प्रांगण फीगंज उज्जैन पर प्रातः 11.30 बजे आयोजित की गई है, जिसमें समस्त सदस्यों को समय पर उपस्थित होना है । बैठक की सूचना एवं विषय सूची पत्रिका डाक द्वारा प्रथक से समस्त सदस्यों को भेजी जा चुकी है। यदि किसी सदस्य को सूचना प्राप्त नहीं हुई हो तो कृपया इसे ही सूचना मानते हुवे साधारण सम्मेलन की बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करें ।

(सुधीर तावसे)
अध्यक्ष
प्रबन्ध कार्यकारिणी समिति की आज्ञा से

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 01-विष्णुकुंवर पिता छतरसिंह 02-फूलकुंवर पिता छतरसिंह 03-रूद्रावरसिंह पिता छतरसिंह 04-कमलसिंह पिता छतरसिंह 05-कालुसिंह पिता छतरसिंह 06-हरिसिंह पिता छतरसिंह समस्त निवासीगण कृषक ग्राम भाटीसुडा तहसील नागदा जिला उज्जैन म.प्र. के द्वारा अपने हक एवं हिस्से की भूमि सर्वे नम्बर 158/1 रकबा 0.35 हैक्टर एंव सर्वे नम्बर 158/2 रकबा 0.20 हैक्टर एंव सर्वे नम्बर 158/3 रकबा 0.20 हैक्टर एंव सर्वे नम्बर 158/4 रकबा 0.20 हैक्टर एंव सर्वे नम्बर 158/5 रकबा 0.20 हैक्टर में से विक्रीत रकबा 0.16 हैक्टर कुल किता 05 कुल रकबा 1.11 हैक्टर भूमि सिंचित जो लगानी बरूऐरेट स्थित ग्राम भाटीसुडा तहसील नागदा जिला उज्जैन म.प्र. में होकर उक्त भूमि का विक्रय/अनुबंध पत्र/सौदा चिट्ठी संपादित करवा कर टोकन बनाया राशि भी मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है। यह कि उपरोक्त भूमि विक्रय मे यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने मे किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत संस्था बैंक, निकाय, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्था या स्थानिय शासन का कोई ऋण भार या बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार मे कोई आपत्तिहो तो वह मय प्रमाण के मुझ से इस जाहीर सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालयिन समय मे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे । अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्तिमेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक 24 सितंम्बर 2026

बिंदु (सर्विस प्रोवाईडर)
पता -आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज सुरासा उज्जैन
मोबाईल नम्बर 6267959254

प्रेमानंदजी का शिष्य चौथी मंजिल से कूदा-मौत

मथुरा। वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज के 25 साल के शिष्य ने चौथी मंजिल से कूदकर जान दे दी। उनके प्राइवेट पार्ट से खून बह रहा था। कमरे में एक ग्राइंडर मिला है, जिस पर खून लगा था। आशंका है कि शिष्य ने ग्राइंडर से प्राइवेट पार्ट को नुकसान पहुंचाया था। शिष्य का नाम रसिक दुलारी शरण था। सीओ संदीप सिंह ने कहा- जांच में एक मिला है, इसमें रसिक दुलारी शरण बिल्डिंग से कूदते नजर आ रहे हैं। उन्होंने सुसाइड क्यों किया। इसकी जांच की जा रही है। घटना वाराह घाट इलाके के 4 मंजिला गुरु कृपा कुंज बिल्डिंग की है। बिल्डिंग प्रेमानंद महाराज के ट्रस्ट केली कुंज की है। इसमें प्रेमानंदजी के आश्रम से जुडे 50 से ज्यादा शिष्य और सेवादार रहते हैं। यह बिल्डिंग प्रेमानंद के पुराने केली गुंज आश्रम से 500 मीटर दूर है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार सुबह 11 बजे के करीब रसिक दुलारी शरण इसी बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर गए। कुछ देर वहां बैठे और फिर छलांग लगा दी। गंभीर हालत में उन्हें सर्वोदय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि आधे घंटे तक वह वहीं पड़े रहे। बाद में नजर पड़ी तो प्रेमानंद के शिष्य उन्हें अस्पताल ले गए। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से पुलिस को सूचना दी गई। रसिक का परिवार मथुरा पहुंच गया है। पोस्टमॉर्टम हाउस में शव देखकर रसिक की मां-बहन फूट-फूटकर रोईं। दो साल पहले बेटे से आखिरी बार बात हुई थी। सूचना मिली कि बेटा गिर गया है। हम आनन-फानन में यहां आए। पहले भी मिलने आए थे, लेकिन मुलाकात नहीं होने दी गई थी। भगवान दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। हम बेटे का यहीं पर अंतिम संस्कार करने की सोच रहे हैं। सूत्रों से यह भी पता चला है कि रसिक दुलारी ने जान देने से 1 दिन पहले यानी गुरुवार को ही प्राइवेट पार्ट काटा था। साथी उन्हें अस्पताल ले गए थे। वहां से इलाज कराके वापस लौट आए थे। पिछले कुछ दिनों से वह डिप्रेशन में थे। हालांकि, इस बारे में कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं मिल पाई है। प्रेमानंद के आश्रम ने इस बारे में कोई बयान जारी नहीं किया।

एमपी में महापौर-नपा अध्यक्ष का चुनाव लड़ाना महंगा

भोपाल। अगले साल होने वाले नगरीय निकाय चुनाव से पहले मध्यप्रदेश सरकार ने चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए नियम बदल दिए हैं। महापौर और नगरपालिका अध्यक्ष का चुनाव लड़ने के लिए अब 60 ज्यादा जमानत राशि जमा करनी होगी। महापौर की जमानत राशि 20 हजार से बढ़ाकर 32 हजार और नपा अध्यक्ष की 15 हजार से बढ़ाकर 24 हजार कर दी गई है। 2022 के नगरीय निकाय चुनाव में दोनों पदों के लिए यही पुरानी राशि लागू थी। इसके साथ ही महापौर, नगरपालिका और नगर परिषद अध्यक्ष तथा पार्षद पद के उम्मीदवारों के चुनावी खर्च के लिए अलग और स्वतंत्र बैंक खाता जरूरी होगा। चुनाव से संबंधित सभी प्राप्तियों और खर्च का रिकॉर्ड इसी खाते के माध्यम से रखना होगा। नामांकन-पत्र पेश करते समय उम्मीदवार को इस खाते की जानकारी रिटर्निंग ऑफिसर को देनी होगी। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने मध्यप्रदेश नगरपालिका निर्वाचन नियम, 1994 में संशोधन किया है। राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर महापौर, नगरपालिका अध्यक्ष और नगर परिषद अध्यक्ष के निर्वाचन, नामांकन, जमानत राशि, चुनावी खर्च और पद से वापस बुलाने की प्रक्रिया से जुड़े नियमों में बदलाव किया है।

योगी दिल्ली पहुंचे, मोदी से की मुलाकात

लखनऊ/दिल्ली। सीएम योगी ने दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की। उन्होंने पीएम को गणेश भगवान की प्रतिमा दी। सीएम योगी दिल्ली दौरे पर हैं। उन्होंने शनिवार दोपहर साढ़े 12 बजे पीएम मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। सीएम ने उन्हें भगवान गणेश की मूर्ति भेंट की। सूत्रों के मुताबिक, सीएम ने यूपी में होने वाले पीएम के कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। सीएम यूपी में आने वाले दिनों में जिन परियोजनाओं का पीएम के हाथों उद्घाटन और शिलान्यास होना है, उनकी लिस्ट भी लेकर पहुंचे थे। मुलाकात के बाद सीएम ने ङ्क पर लिखा- आपका मार्गदर्शन नए यूपी के निर्माण के लिए मुझे नई ऊर्जा देता है। अमूल्य समय प्रदान करने के लिए आपका आभार। सीएम ने केंद्रीय मंत्री जेपी नेड्डा से भी मुलाकात की। उन्हें भी भगवान गणेश की मूर्ति भेंट की। अब सीएम भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, वह राज्यसभा और चुनाव को लेकर चर्चा कर सकते हैं। 6 सीटों पर प्रत्याशी तय होने हैं। संभावित प्रत्याशियों के नामों पर भी सीएम चर्चा कर सकते हैं।

जयपुर की पहली महिला डिप्टी मेयर बनी सरोज कंवर

जयपुर। जयपुर, जोधपुर और कोटा नगर निगम में भाजपा के डिप्टी मेयर बन गए हैं। जयपुर नगर निगम में भाजपा की सरोज कंवर पहली महिला डिप्टी मेयर बनी हैं। उन्होंने कांग्रेस के सलमान मंसूरी को 31 वोट से हराया। सरोज कंवर को 89 वोट और सलमान मंसूरी को 58 वोट मिले। 150 में से 149 पार्षदों ने वोट दिया था। जोधपुर में भी भाजपा के विजय सिंह पंवार डिप्टी मेयर बने हैं। उन्होंने कांग्रेस के प्रत्याशी अब्दुल करीम जॉनी को 4 वोट से हराया। विजय सिंह पंवार को 52 वोट और अब्दुल करीम जॉनी को 48 वोट मिले। कोटा में डिप्टी मेयर के चुनाव में भाजपा के विवेक राजवंशी की निर्विरोध जीते। जीत से पहले ही उनके समर्थकों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया था और डांस करते हुए नोट उडाए थे। इस दौरान विवेक भी डांस कर रहे थे। यहां कांग्रेस ने उम्मीदवार नहीं उतारा था। 1 दिन पहले हुए मेयर चुनाव में यहां कांग्रेस पार्षदों ने क्रॉस वोटिंग की थी। सीकर की खाटूश्यामजी नगर पालिका में पालिकाध्यक्ष के चुनाव में कांग्रेस की विनीता ने भाजपा की प्रेमदेवी को 1 वोट से हराया। कोटा की सुकेत नगर पालिका में उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा के विकास चौहान ने ने कांग्रेस के अब्दुल इस्लाम को 1 वोट से हराया।

ईदगाह बाड़ी पनरिया नदी पर छोटी पुलिया का भूमिपूजन किया गया

दैनिक अवन्तिका » गुना

शहर की वार्ड क्रमांक 07 ईदगाह बाड़ी पनरिया नदी पर पुलिया निर्माण को लेकर शनिवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी, जनप्रतिनिधि और नपाध्यक्ष करीब 38 लाख रुपए की लागत से प्रस्तावित छोटी पुलिया का भूमि पूजन करने पहुंचे। मौके पर मौजूद वार्डवासियों और स्थानीय लोगों ने इसका विरोध करते हुए छोटी पुलिया निर्माण के बजाय बड़े ब्रिज की मांग रखी।

इस संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि पनरिया नदी पर वर्तमान में बनी पुलिया में छोटे-छोटे पाइप लगाए गए हैं। बारिश के दौरान इनमें कचरा, गंदगी और पेड़ आदि फंसने से पानी का बहाव रुक जाता है और कई बार पुलिया क्षतिग्रस्त होने के साथ बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है। इस बार भी यही स्थिति बनने से पुलिया डैमेज हो गई है जिससे लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में यदि दोबारा इसी तरह की छोटी पुलिया बनाई गई तो आने वाले समय में समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाएगा।



स्थानीय लोगों ने कहा—छोटी पुलिया नहीं बड़ा ब्रिज बनाएं

मीडिया द्वारा जब वार्ड पार्षद एवं स्थानीय लोगों से इस संबंध में चर्चा की गई तो उन्होंने स्पष्ट रूप से बड़े ब्रिज के निर्माण की मांग रखी। उनका कहना है कि ऐसा ब्रिज बनाया जाना चाहिए, जिससे भविष्य में बारिश और बाढ़ के दौरान पानी का पर्याप्त निकास हो सके और वार्डवासियों को बार-बार होने वाली परेशानी से निजात मिले। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि जब क्षेत्र की जरूरत बड़े ब्रिज की है तो छोटी पुलिया के निर्माण पर राशि खर्च करने का क्या औचित्य है।

नपाध्यक्ष ने भी माना, मांग के अनुसार शासन से मांगी जाएगी राशि



वहीं नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने कहा कि वार्डवासियों की मांग के अनुसार बड़े ब्रिज के निर्माण के लिए शासन से राशि की मांग की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जब बड़े ब्रिज की मांग सामने आ रही है, तो फिलहाल प्रस्तावित छोटी पुलिया का भूमि पूजन करने का कोई औचित्य नहीं है। भूमि पूजन के दौरान स्थानीय लोगों के विरोध के बाद अब यह मामला नगर पालिका और शासन के सामने पहुंच गया है। सवाल यह है कि क्या 38 लाख रुपए की छोटी पुलिया पर खर्च करने के बजाय भविष्य की जरूरत को देखते हुए बड़ा और स्थायी ब्रिज बनाया जाएगा? अब देखना होगा कि नगर पालिका इस मामले में आगे कब तक क्या निर्णय लेती है।

दिल की बीमारी के कुछ और नये दुश्मन

दैनिक अवन्तिका » उज्जैन

27 सितम्बर को दुनिया भर में विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। उसका मुख्य उद्देश्य की दिल की बिमारियां जो तेजी से फैल रही है उसकी रोकथाम एवं उसके बारे में जागरूकता लाना। ऐसे तो शक्कर की बीमारी (डायबिटीज), उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर), बड़ा हुआ कॉलेस्ट्रॉल, वंशानुगत, सिगरेट, तम्बाकू का सेवन मुख्य कारण है परन्तु अब दैनिक उपयोग में आने वाला प्रचुर मात्रा में प्लास्टिक भी एक कारण मालूम पड़ रहा है। प्लास्टिक का उपयोग हम लोग किचन एवं अन्य जगहों में सामान रखने के लिए, बर्तनों का साफ करने में, पेय पदार्थ का सेवन करने में, कैंट फूड्स में, खाना खाने के चम्मच और ग्लास बहुतायत से आज कल चलन में आ गया है। संभाग के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय गर्ग कहते है कि ये माईक्रो प्लास्टिक धीरे-धीरे हमारे शरीर की धमनियों में जमा हो रहे है जो कि दिल के दौरे एवं लकवे का कारण बनता जा रहा है।

मोटापा आजकल हर उम्र में तेजी से फैल रहा है, इसका मुख्य कारण हमारी जीवनशैली एवं फास्ट फूड है। हमको इस पर लगाम लगाना जरूरी है, क्योंकि यह हमे डायबीटीज, ब्लडप्रेशर, खर्राट, दिल की बीमारी का मुख्य कारण हो रहा है।

जिस प्रकार तेजी से शहरीकरण हो रहा है फैक्ट्रीयां और मकान बनते जा रहे है, वाहनों का धुंआ वायु प्रदूषण कर रहा है जो कि एक कारण हो रहा है। हम लोग लगातार दो से तीन घंटे से ज्यादा कम्प्यूटर एवं मोबाईल पर बैठे रहते है, चाहे वह बच्चे हो, बूढ़े हो या फिर महिला हो।

डॉ. विजय गर्ग कहते हैं कि पिछले 25 सालों में दिल की बीमारियों का अनुपात दुनिया में 62 करोड़ हो गया है जो कि दुगना है एवं दो करोड लोग प्रतिवर्ष स्वर्ग सिधार रहें है। हम हमारे नगर उज् जै का लें तो करीब एक लाख लोग दिल की विभिन्न बीमारियों से ग्रसित है एवं तीन से चार लोगों की अकस्मात मृत्यु हो रही है। इस में 25 प्रतिशत लोग 40 वर्ष से कम में ग्रसित है।

क्या करें और कैसे बचें हम 80 प्रतिशत बीमारी से बाय-बाय कर सकते हैं

1.दिल की बीमारियों होने के पहले पहचानने के लिए आजकल कॉरोनॉरी कैल्शियम सिटी स्कैन से मालूम कर सकते है साथ में सिटीएन्जियों से हम ये भी मालूम कर सकते है कि दिल की बीमारी कौन सी है कितनी भयंकर है और क्या इलाज संभव है। कार्डिएकसिटी से हम ये भी मालूम कर सकते है कि दिल की कोई जन्मजात बीमारी तो नही है, दिल की मांसपेशियों में कोई खराबी तो नही है एवं अन्य बात। हमकों शरीर में कॉलेस्ट्रॉल के अलावा एल.पी.ए. एवं (एच.एस.) सी.आर.पी. भी कराना चाहिए।

खाने के सफेद जहर नमक, शक्कर, सफेद चावल, मैदा, घी का कम से कम सेवन। इनका उपयोग टेबल स्पून की जगह टी स्पून के रूप में करें। रोज हंसना, परिवार एवं दोस्तों के साथ समय बिताना, गाना गाना, प्राणायाम करना, अच्छी नींद लेना, धूप में बैठना, कमर की चौडाई 80 सेमी. से ज्यादा नहीं रखना, 80 बार ताली बजाना, सूर्य नमस्कार करना, खाने की जरुरत हो उसका 80 प्रतिशत सेवन करना, रात को 8 बजे के पहले खाना खाना, एक मिनिट में 80 कदम चलना, प्रतिदिन थाली के आधे भाग को हरी सब्जी, फल, दाल, बीज से भरना मुख्य है, तीन घंटे में लगातार बैठने पर 5 मिनिट उठना या चलना, शंख बजाना, पैक्ट पेय पदाथ का सेवन कम करना, 8 घंटे अच्छी नींद लेना, ब्लड प्रेशर नीचे वाला 80 से ज्यादा नहीं, रक्त में शक्कर 80 से ज्यादा नहीं, दिल की धड़कन 80 से ज्यादा नहीं, बुरा कॉलेस्ट्रॉल 80 से ज्यादा नहीं। 4. हर आदमी को प्रतिवर्ष अपने पारिवारिक चिकित्सक से जांच कराना चाहिए। डॉ. विजय गर्ग कहते है कि पुराने मैदानी खेलकूद एवं पुराना दादी-नानी का खाना और संयुक्त परिवार को अपनाने का समय पुन: आ गया है। यह बड़े-बड़े देशों में जैसे अमेरिका, ब्रिटेन व अन्य देशों में चालू भी हो गया है। आप उपरोक्त जीवनशैली से 80 प्रतिशत दिल की बीमारियों से बच सकते हैं।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया के निर्देश पर शिविर आयोजित

गुना। केंद्रीय दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देश पर डाक विभाग द्वारा स्थानीय सांसद जनसंपर्क कार्यालय पर दो दिवसीय विशेष आधार कार्ड शिविर लगाया गया जिसमें लोगों ने आधार कार्ड से संबंधित समस्याओं का निस्तारण कराया। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गुना में आयोजित इस दो दिवसीय शिविर में आधार नामांकन, मोबाइल नंबर अपडेट, पता अपडेट, फोटो अपडेट सहित आधार से जुड़ी अन्य आवश्यक सेवाओं की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी।

जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है था इस विशेष शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और आधार से संबंधित अपने आवश्यक कार्य सुविधाजनक रूप से पूर्ण कराएं, उनके मार्गदर्शन में डाक विभाग की विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाओं एवं योजनाओं को समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

शिविर में लगभग 117 लोगों ने शिविर में पहुंचकर आधार नामांकन, मोबाइल नंबर अपडेट, पता अपडेट, फोटो अपडेट सहित आधार से जुड़ी अन्य आवश्यक सेवाओं की सुविधा का लाभ उठाया।

नशामुक्ति जनजागरण यात्रा में संतों ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ

गुना। भारत माता मंदिर निर्माण समिति द्वारा आयोजित नशामुक्ति जनजागरण यात्रा शुक्रवार को श्रद्धा, जनजागरूकता और सामाजिक सहभागिता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यात्रा में सैकड़ों लोगों ने सहभागिता करते हुए नशे के विरुद्ध जागरूकता का संदेश दिया और नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

नशामुक्ति जनजागरण यात्रा का शुभारंभ निर्माणाधीन भारत माता मंदिर, भुल्लनपुरा बायपास से हुआ। यात्रा में भारत माता मंदिर निर्माण के दो प्रचार रथ, नशामुक्ति जनजागरण यात्रा का रथ, संत श्रीश्री 1008 रूपराम महाराज की सवारी तथा लाउडस्पीकर वाहन शामिल रहे। इनके साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, युवा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आम नागरिक यात्रा में शामिल हुए।

यात्रा भुल्लनपुरा बायपास से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौराहा, सदर बाजार, हाट रोड, हनुमान चौराहा एवं अंबेडकर चौराहा होते हुए शुभ विदाई गार्डन पहुंची। मार्ग में लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया तथा युवाओं और समाज से नशे से दूर रहने का आह्वान किया गया। यात्रा के समापन स्थल शुभ विदाई गार्डन में सभा का आयोजन किया गया। सभा में संतों एवं उपस्थित अतिथियों ने नशे के कारण परिवार, स्वास्थ्य और समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के विषय में लोगों को जागरूक किया तथा युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, संस्कार, मेहनत और सकारात्मक जीवन की ओर आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान संत श्री श्री 1008 रूपराम महाराज द्वारा उपस्थित लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। उपस्थित लोगों ने नशे से स्वयं दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूज्य बौद्ध भंते जी एवं नाथूराम महाराज जी की भी उपस्थिति रही। संतों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक एवं सामाजिक संदेश प्रदान किया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत सपनों का भारत कार्यक्रम

आरोन। शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार सपनों का भारत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरजीत सिंह धाकड़ जो, की संकल्प यात्रा की प्रशासनिक व्यवस्था बैठक में व्यस्त होने के कारण मुझे निर्देश दिया गया। उपयुक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल कक्षा 6 से 12 तक के छात्र छात्राओं द्वारा सपनों के भारत कार्यक्रम में भाषण कला चित्रकला उत्कृष्ट प्रस्तुति प्रस्तुत की गई।

सेकंड-हैंड लैपटॉप से बनाया दुनिया को टक्कर देने वाला स्वदेशी एआई वनसुपरब्रेन

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

सीमित संसाधन कभी बड़े सपनों की राह नहीं रोक सकते, इस बात को देश के युवाओं की एक होनहार टीम ने सच कर दिखाया है, जिसमें शाजापुर के प्रसन्न नारेलिया भी एक अहम कड़ी के रूप में शामिल हैं। बिना किसी करोड़ों के निवेश या महंगे संसाधनों के वनसुपरब्रेन की शुरुआत करने वाले मुख्य संस्थापक मोहित दुबे सूरत, गुजरात और प्रेमराज कुंगर श्रीगोंदा, अहिल्यानगर, महाराष्ट्र ने अपने साथियों के साथ मिलकर महज 4 लाख रुपये के कर्ज और 16 जीबी रैम वाले एक पुराने सेकंड-हैंड लैपटॉप से इस स्वदेशी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कोडिंग एजेंट को तैयार किया है। आज यह स्वदेशी तकनीक दुनिया के दिग्गज विदेशी कोडिंग माध्यमों क्लॉड कोड और कोडेक्स को सीधी टक्कर दे रही है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की स्थापना और तकनीकी दिशा का नेतृत्व मुख्य संस्थापक व प्रमुख मोहित दुबे और प्रेमराज कुंगर कर रहे हैं। इस चार सदस्यीय मुख्य टीम में शाजापुर के प्रसन्न नारेलिया संस्थापक सदस्य के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, जबकि गोरखपुर उत्तर प्रदेश के अंशुमान शुक्ला भी टीम का प्रमुख हिस्सा हैं। शाजापुर के सहज पब्लिक स्कूल, ईटरनल स्कूल और एमजी कॉन्वेंट स्कूल से अपनी शुरुआती पढ़ाई पूरी करने वाले प्रसन्न की इस अंतरराष्ट्रीय स्तर की तकनीकी पहल में भागीदारी जिले के युवाओं के लिए बड़ी प्रेरणा बन गई है। वनसुपरब्रेन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह कोडिंग के दौरान लगभग 50 प्रतिशत कम टोकन का उपयोग करता है, जिससे कंपनियों के एआई खर्च में 30 से 40 प्रतिशत तक की सीधी बचत होती है। कम लागत के बावजूद इसकी सटीकता और क्षमता विश्वस्तरीय है। एसडब्ल्यूई-बेंच लाइट परीक्षण में इसने कम लागत और टोकन खपत के मामले में विदेशी तकनीकों की तुलना में बेहतर परिणाम दिए हैं, जिसके सभी नतीजे कंपनी की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।

जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विजयन्त गुप्ता पिता श्री हेमन्तकुमारजी गुप्ता जाति मोढ (महाजन) निवासी 143 लाला लाजपतराय मार्ग, बदनावर जिला धार के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य का मकान नगर पालिक निगम क्रमांक 8 स्थित जैन कालोनी मौलाना आजाद मार्ग (गौतमपुरा) उज्जैन में है जो एक मंजिला पक्का आर.सी.सी. का बना हुआ है जिसका कुल क्षेत्रफल 85.35 वर्गमीटर का है जिसकी चर्तु:सीमा पूर्व की ओर-मकान कमांक 9, पश्चिम की ओर- मकान कमांक 7, उत्तर की ओर-सडक कालोनी की, दक्षिण की ओर-मकान क्रमांक 5 का तथा पेमाईश-लम्बाई-उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व 12.20 मीटर व बतरफ पश्चिम 9.15 मीटर चौडाई-पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर 8.35 मीटर व बतरफ दक्षिण 7.62 मीटर का है, उपरोक्त वर्णित मकान को क्रय करने का अनुबंध किया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। यदि उपरोक्त मकान पर किसी भी व्यक्ति का कोई हित, अधिकार हो या मकान कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, किया हुआ हो या किसी बैंक अथवा पेढी में मार्गेज किया हो अथवा मकान के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो या मकान विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 26-9-2026 स्थान उज्जैन

राजेन्द्रकुमार जैन (पालरेचा)
एडवोकेट व नोटरी 51, दादाभाई नोरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन
मो. 9425091124, 8959999299

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सत्यनारायण पिता स्व. श्री फकीरचंद गोयल 17/1, सखीपुरा उज्जैन द्वारा उनके पुत्र शैलेन्द्र पिता श्री सत्यनारायण गोयल को परिवार एवं सम्पत्ति से प्रथक (अलग) कर दिया गया है। मेरे पक्षकार के पुत्र शैलेन्द्र गोयल का मेरे पक्षकार अथवा उसके परिवार के सदस्यों से कोई संबंध अथवा सरोकार नही रहा है। साथ ही मेरे पक्षकार ने व उसके परिवार वालो ने मेरे पक्षकार के पुत्र शैलेन्द्र गोयल को उसके हिस्से की संपत्ति कि किमत की राशि पूर्व में नगद भी दे दी है, जिसे शैलेन्द्र गोयल ने खर्च भी कर दी है। इस कारण से मेरे पक्षकार द्वारा अपने पुत्र शैलेन्द्र गोयल को अपनी सम्पूर्ण चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया गया है। अब मेरे पक्षकार के पुत्र शैलेन्द्र गोयल का मेरे पक्षकार की किसी भी चल व अचल संपत्ति में कोई स्वत्व, हित व अधिकार नही है। यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय अथवा निजी द्वारा मेरे पक्षकार के पुत्र शैलेन्द्र गोयल से कोई भी संव्यवहार एवं रूपयो का लेन देन आदि किया जाता है तो इसके लिये वे व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी रहेगें जिससे मेरे पक्षकार व उसके परिवार का कोई संबंध अथवा सरोकार नही होगा। कृपया सूचित हो।

दिनांक- 26/09/2026

विजय शर्मा अभिभाषक
3/2, द्रविड़ मार्ग की गली, बहादुरगंज, उज्जैन
फोन - 9893696299

जाहिर सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अब्दुल जाकिर वल्द अब्दुल सलाम निवासी -हमजाह स्कूल के पास अमरपुरा उज्जैन मोबाईल नम्बर-99072-09834 से प्राप्त जानकारी अनुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने उसके पुत्र मोहम्मद असलम वल्द अब्दुल जाकिर निवासी अमरपुरा उज्जैन को-उसके गलत आचरण व्यवहार एव उसकी गलत संगत एव आदतों के कारण अपनी संपूर्ण चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरे पक्षकार के पुत्र के शराबी एवं नशा प्रवृत्ति का होने से एवं उसके द्वारा कोई कामकाज नहीं करने से रूपये पैसे की मांगनी करना उसका रोज का शगून हो गया है जबकि मेरे पक्षकार द्वारा अपने पुत्र को उसके हिस्से की समस्त चल-अचल संपत्ति दी जा चुकी है अब उसका कोई हिस्सा शेष नही है। इस जाहिर सूचना के माध्यम से सभी आमजन को सूचित किया जाता है कि कोई भी मेरे पक्षकार के पुत्र से किसी भी प्रकार का संव्यहवार लेन-देन आदि नहीं करे यदि किसी भी व्यक्ति या आमजन द्वारा मेरे पक्षकार के पुत्र से कोई संव्यवहार एवं लेन-देन आदि किया जाता है तो ऐसा किया गया संव्यवहार उसकी स्वयं की जिम्मेदारी पर होगा उक्त व्यवहार से मेरे पक्षकार का कोई संबंध व सरोकार नहीं होगा।

सूचित हो, दिनांक26/09/2026

शेख गुलाम रसूल (शहजादा) एडव्होकेट
आफीस-न्यु हरिफाटक महाकाल मार्ग बेगमबाग चौराहा
उज्जैन म.प्र., मो. 92295-65313

जाहिर सूचना

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा 1. श्रीमती मायाबाई पति श्री पर्वतसिंह, 2. राहलसिंह पिता श्री पर्वतसिंह, 3. भारतसिंह पिता श्री भुवानसिंह जी, सर्वगण जाति राजपुत, निवासीगण ग्राम खेड़ाखजुरिया, तहसील महिदपुर जिला उज्जैन व 4. लोकेन्द्रसिंह पिता श्री पर्वतसिंह, जाति राजपुत निवासी ग्राम जामोदी, तहसील सांवेर जिला इन्दौर के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य का कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 677 रकबा 1.0600 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 681 रकबा 0. 6300 हेक्टेयर, कुल कीता 2 कुल रकबा 1.6900 हेक्टेयर जो कि ग्राम मुंडलीदोत्रू, तहसील झारडा, जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार ने टोकन राशि अदा विक्रेतागण से किया है एवं अनुबंध में उल्लेखित शर्त अनुसार विक्रय पुत्र का संपादन मेरे पक्षकार अपने पक्ष में करवा लेंगे। उपरोक्त उल्लेखित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति अथवा वित्तदायी संस्था का कोई हित-अधिकार स्वत्व कब्जा, इत्यादी अथवा किसी बैंक या वित्तदायी संस्था का कोई भार-बोझ हो अथवा उक्त संपत्ति पर किसी न्यायालय या कार्यालय में कोई कार्यवाही विचाराधिन हो तो ऐसा व्यक्ति जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भितर मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय प्रात: 10 से संध्या 6 बजे के मध्य संपर्क कर मय दस्तावेजी प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करा देवे। बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा मेरे पक्षकार विक्रय पत्र का संपादन अपने पक्ष में कराने हेतु स्वतंत्र हो जावेंगे। सूचित हो।

दिनांक 26.09.2026

कलीम एहमद खान,एड्व्होकेट
कार्यालय 123 सी-21 रेस्कोम, फस्ट फ्लोर
नानाखेड़ा, उज्जैन

न्यूज-कॉलम

केशव सत्संग भवन में दिव्य चातुर्मास अध्यात्म सत्संग का भव्य समापन

मन्दसौर। श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा में परम पूज्यपाद 1008 स्वामी श्री सनिष्ठानंद जी महाराज के सानिध्य में आयोजित दिव्य चातुर्मास अध्यात्म सत्संग का शनिवार को समापन हुआ। समापन पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए स्वामी श्री सनिष्ठानंद जी महाराज ने श्रद्धालुओं का आह्वान किया कि वे दो माह तक सुने गए सत्संग विचारों को अपने आचरण में ढालें। उन्होंने दुष्विचारों का त्याग कर जीवन में सकारात्मकता अपनाने की बात कही, जिससे जीवन खुशहाली की ओर बढ़े। उन्होंने धर्म और कर्म के प्रति सजग रहने का संदेश देते हुए कहा कि सत्संग सुनने के बाद भी यदि मन में धन या ज्ञान का अभिमान रहे, तो सत्संग का मूल उद्देश्य निष्फल हो जाता है। ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीश चंद्र सेठिया ने कहा कि स्वामी जी ने दो माह तक श्रद्धालुओं को शिवमहापुराण के गूढ़ रहस्यों से अवगत कराया है। इस अवसर पर ट्रस्टियों ने स्वामी जी का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया। सचिव कारूलाल सोनी ने आभार व्यक्त किया। इस भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

करमदी तालाब में डूबने से युवक की मौत

रतलाम। शहर के माणक चौक थाना क्षेत्र अंतर्गत करमदी (करौंदी) स्थित सूरजमल जैन तालाब में गणेश विसर्जन के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। गहरे पानी में जाने और पैर फिसलने की वजह से सालाखेड़ी निवासी 21 वर्षीय महेश पिता रामा गरवाल की डूबने से मौत हो गई। इस दुखद घटना के बीच जहां एक ओर आमजन संवेदनहीन बने रहे, वहीं होमगार्ड के जवान ने तत्परता दिखाते हुए इंसानियत का फर्ज निभाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महेश मूल रूप से रानीसिंह के पास ग्राम गरवाड़ा का रहने वाला था और वर्तमान में सालाखेड़ी स्थित एक निजी वेयरहाउस में परिजनों के साथ रहता था। शुक्रवार को वह अपने साथी विकास, सुमित और अन्य दोस्तों के साथ गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए करमदी तालाब पहुंचा था। पुलिस और प्रशासन द्वारा सुरक्षा के लिहाज से तालाब पर कम गहराई वाला स्थान चिह्नित किया गया था, जहां टीआई विक्रमसिंह चौहान के नेतृत्व में बल और गोताखोर तैनात थे। हालांकि, महेश और उसके साथी तय स्थान से अलग तालाब के गहरे हिस्से की ओर चले गए, जहां पैर फिसलने से महेश डूबने लगा।

सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले 5 लोगों पर प्रकरण दर्ज

रतलाम, । शहर में शांति और सौहार्द का माहौल बनाए रखने के लिए रतलाम पुलिस पूरी तरह से सतर्क और मुस्तैद है। विशेष रूप से संवेदनशील जावरा शहर में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया है। इसके साथ ही, पुलिस सोशल मीडिया पर भी अपनी पैनी नजर बनाए हुए है। जावरा शहर थाने में सोशल मीडिया पर भड़काऊ व आपत्तिजनक पोस्ट शेयर करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए 5 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। गणेश विसर्जन पर्व, झांकियों और अखाड़ों के जुलूस को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जावरा में संवेदनशील क्षेत्रों और कर्बला मैदान जैसे स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहकर स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में रखे हुए है।

ममता, पोषण और संस्कार के आंगन में पहुंचे मंत्री शाह

खंडवा/आशापुर। सेवा ही संकल्प अभियान के अंतर्गत चल रहे च्आंगन मिलन सेवा अभियानज के तहत मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री एवं हरसूद विधायक डॉ. कुंवर विजय शाह ने शनिवार को मुहालखारी के आंगनबाड़ी केंद्र का दौरा किया। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनकी गतिविधियों की जानकारी ली तथा आंगनबाड़ी कार्यकताओं से केंद्र में संचालित गतिविधियों और बच्चों को मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि देश के साथ खंडवा जिले में भी प्रधानमंत्री के सफलतम 25 वर्ष सेवा कार्य के पूर्ण होने पर उनके जन्म दिवस 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया गया।

पहली मर्तबा गणेश विसर्जन चल समारोह तनाव के बाद भी निकाला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा



नगर में पहली मर्तबा गणेश विसर्जन चल समारोह पैलेस मैदान से निकलने के निर्णय ने नगर में पिछले चार-पांच दिनों से तनाव पैदा कर दिया ।संवेदनशील स्थिति को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने माकूल इंतजाम किए ।पैलेस मैदान को दो दिन पूर्व ही बेरी कैट लगाकर आना-जाना बंद कर दिया था ।शुक्रवार की सुबह से ही प्रशासन अलर्ट मोड पर होकर शहर के कई हिस्सों पर बैरिकेडिंग कर आवाजाही रोकी। शुक्रवार होने से नमाज भी शांतिपूर्ण पढ़ी गई ।पुलिस का जबरदस्त इंतजाम के बीच गणेश विसर्जन चल समारोह पैलेस मैदान से ही निकला। उल्लेखनीय है कि जैसे ही सामूहिक विसर्जन चल समारोह पेलेस मेदान से निकालने की बात चली तो दोनों पक्षों में कई दिनों से विवाद उत्पन्न हो गया ।मुस्लिम समाज ने पैलेस मैदान से चल समारोह निकलने पर आपत्ति जताई थी ।

डीआईजी निमिष अग्रवाल कलेक्टर अजय कटे सरिया पुलिस अधीक्षक अमित कुमार अन्य अधिकारी लगातार चचाएं कर रहे थे ।हर पहलू पर विचार विमर्श किया जा रहा था। आखिरकार प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के बीच गणेश विसर्जन करवाने का निर्णय लिया ।

शुक्रवार शाम को 7.30 बजे पैलेस मैदान पर गणेश विसर्जन हेतु पहुंचे तो पहले वहां आरती हुई फिर सभी एक कतार से नगर भ्रमण पर निकले ।विसर्जन समारोह का नगर में जगह-जगह मंच बनाकर स्वागत किया गया कई जगह पीने के पानी फल फ्रूट एवं अन्य सामान भी वितरित किया गया। इस दौरान कड़ी नाकाबंदी और सशस्त्र पहरेदारी के बीच हजारों की संख्या में श्रद्धालु आए ।साधु संत गण उपस्थित थे। वहीं गायिका शहनाज अख्तर ने भजनों से माहौल को भक्ति में बनाया।

उक्त तनाव के कारण शुक्रवार को नगर में जनजीवन पर असर देखने को मिला दोनों पक्षों की अधिकांश दुकानें बंद रही ।जगह-जगह बेरी कटिंग के कारण लोगों को आवाजाही में बड़ी परेशानी उठानी पड़ी।

डीआईजी अग्रवाल कलेक्टर कटे सरिया एसपी अमित कुमार अन्य अधिकारी व पुलिस बल नगर में तैनात रहा।

16 आकर्षक झांकियों और 7 अखाड़ों ने मोहा मन, अनंत चतुदर्शी पर निकला चल समारोह



दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर मंदसौर शहर में 62वां भव्य विसर्जन चल समारोह धूमधाम से निकाला गया। इस चल समारोह में 16 आकर्षक झांकियां और 7 अखाड़े शामिल हुए। झांकियों में श्री कृष्णा रासलीला, सांवलिया सेठ की महिमा और बाबा रामदेव जन्मोत्सव जैसे धार्मिक प्रसंगों का सुंदर चित्रण किया गया था, जिन्हें देखने के लिए हजारों की संख्या में जनसैलाब उमड़ा। चल समारोह के दौरान युवाओं और बच्चों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों द्वारा जगह-जगह प्रसादी का वितरण भी किया गया।

यह भव्य चल समारोह महाराणा प्रताप चौराहा से प्रारंभ होकर बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा, बस स्टैंड, घंटाघर और सदर बाजार से होते हुए शनिवार सुबह पशुपतिनाथ मंदिर परिसर पहुंचा। इससे पूर्व कलेक्टर दिव्यांक सिंह और एसपी विनोद कुमार मीना ने श्री द्विमुखी चिंताहरण गणपति मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर समारोह का शुभारंभ कराया था। आयोजन को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ-साथ पूरे मार्ग पर वॉच टावरों के माध्यम से सतत निगरानी रखी गई।

यूज वाटर प्रबंधन पर स्टाफ का क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन के मार्गदर्शन में नगरीय निकायों में कार्यरत डी-सिल्जिंग स्टाफ के लिए यूज वाटर प्रबंधन विषय पर क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन अलकापुरी सभागृह रतलाम में किया गया ।कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य डी-सिल्जिंग कर्मियों को सेप्टिक टैंक एवं फीकल स्लज के सुरक्षित प्रबंधन, डी-सिल्जिंग की मानक प्रक्रिया, कार्यस्थल पर सुरक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) के उचित उपयोग तथा स्लज के सुरक्षित परिवहन एवं निपटान के संबंध में तकनीकी एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना रहा। निगम आयुक्त अनिल भाना ने कहा कि क्षमता संवर्धन कार्यक्रम से डी-सिल्जिंग कर्मियों की तकनीकी दक्षता बढ़ने के साथ-साथ सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्य वातावरण सुनिश्चित होगा तथा नगरीय क्षेत्रों में यूज वाटर एवं फीकल स्लज के सुरक्षित एवं वैज्ञानिक प्रबंधन किए जाएंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सेप्टिक टैंक की डी-सिल्जिंग एम्प्टींग प्रक्रिया, मैनुअल एवं मैकेनिकल सफाई, फीकल स्लज की सुरक्षित हैंडलिंग, परिवहन एवं सुरक्षित निपटान के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। साथ ही कार्य के दौरान होने वाले संभावित जोखिमों तथा दुर्घटनाओं से बचाव के लिए आवश्यक सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई।



लखमा खेड़ी में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

मंदसौर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत लखमा खेड़ी आंगनवाड़ी केंद्र पर च्आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम; का शुभारंभ प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके समुचित पालन-पोषण में माता के साथ-साथ पिता और पूरे परिवार की अहम भूमिका होती है। बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए माताओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है ।कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने कहा कि आंगनवाड़ियां बच्चों की देखभाल और सुपोषण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकताओं, सहायिकाओं, लाडली बहनों और पोषण सखियों को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम के दौरान परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जहां टीबी रोगियों को निक्षय मित्र किट बांटे गए। प्रभारी मंत्री ने आंगनवाड़ी केंद्र परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस दौरान जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

विकसित और सशक्त भारत के निर्माण में नई पीढ़ी का संकल्प सराहनीय- प्रभारी मंत्री भूरिया

जिला स्तरीय चित्रकला प्रदर्शनी का अतिथियों ने किया अवलोकन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर में स्कूली बच्चों द्वारा तैयार की गई च्मेरे सपनों का भारतज जिला स्तरीय सेवा चित्र प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा जिला प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, संगठन महामंत्री अजय जामवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रों और महिला बाल विकास विभाग की पोषण आहार प्रदर्शनी का अवलोकन कर उनकी प्रतिभा की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन महामंत्री श्री जामवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है। बच्चों द्वारा बनाए गए चित्र दशार्ते हैं कि आगामी पीढ़ी संस्कारवान होकर देश को और अधिक विकसित तथा शक्तिशाली बनाने के लिए तत्पर है।

प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य और सुपोषण की जिम्मेदारी पूरे समाज की है। शासन इस दिशा में संकल्पित होकर कार्य कर रहा है। राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर ने कहा कि चित्रों के माध्यम से स्पष्ट होता है कि नई पीढ़ी विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने का संकल्प ले चुकी है।

कार्यक्रम में विधायक चंदरसिंह सिसोदिया एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने भी अपने विचार रखे। उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए, जिसके पश्चात उत्कृष्ट प्रतिभागी विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

लगातार बारिश से खेतों में अभी भी भरा पानी,सोयाबीन फसल में भारी नुकसान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलीया मंडी



लगातार बारिश से क्षेत्र में कई जगह खेतों में अभी भी पानी भरा रहने से एवं नमी के चलते सोयाबीन की फसल को भारी नुकसान हुवा है,जड़े सड़ने लगी है ।शनिवार को जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा, कांग्रेस नेता रामचन्द्र करुण, बाबुखा मेवाती,अजित कुमठ, राहुल अहीर,दिनेश गुप्ता काचरिया, भेरूपप्पू गुर्जर,अनिल मुलासिया आदि ने खेतो में पहुंचकर सोयाबीन,एवं उड़द उत्पादक किसानों से चर्चा की।

किसानो ने बताया कि खरीब की फसल से थोड़ी बहुत उम्मीद थी देन-लेंन व्यवस्थित होजायेगा ओर सामाजिक कार्य भी अच्छे से होजाएंगे, लेकिन पहले बारिश की लंबी खेंच से अधिकांश किसानों को महंगा खाद,बीज लाकर दोबारा तथा तीसरी बार भी महंगे भाव की सोयाबीन,उड़द एवं मूंगफली की बुवाई करनी पड़ी थी ।उसके बाद जैसे तैसे फसल बड़ी हुई और बारिश भी होने लगी तो हमारे चेहरे खिलखिला उठे लेकिन फिर अचानक लगातार बारिश ने मुंह आया निवाला छीन लिया सोयाबीन एवं उड़द की फसल को पिलामोजक नामक बीमारी से अफलन की स्थिति

एवं इल्लियों के प्रकोप से फसल चौपट होने लगी कई किसानों ने तो रोटावेटर चलाकर इस फसल को नष्ट भी किया।

जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने कहा कि हम लगातार किसानों की फसल पर पिलामोजक,अफलन,घोडारोज (रोजड़ो) जैसी गम्भीर समस्याओं को लगातार शासन,प्रशासन को धरने,ज्ञापनो के माध्यम से उठाकर इस गूँगीबहरी सरकार व कुम्भकर्ण की नींद सोए प्रशासन को जगाने का कार्य कर मुआवजे एवं बीमे की मांग कर रहे है लेकिन किसान विरोधी इस सरकार व प्रशासन के कानों पर अभी तक जु तक नही रेंगी है ।शर्मा ने कहा कि प्रशासन कृषि विभाग का बहाना बनाना बंद करे और राजस्व विभाग की टीम को गठित कर सोयाबीन,उड़द की फसल में हुवे भारी नुकासानी का बगैर पक्षपात के सर्वे करवाकर किसानों को पर्याप्त मुआवजा एवं बीमा राशि दे।

सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ सामूहिक वंदे मातरम गायन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा



नमामि भारतम अभियान में सरस्वती शिशु मंदिर सरस्वती पुरम पहाड़िया रोड पर सामूहिक वन्दे मातरम गायन संपन्न हुआ। विवेक भारतीय शिक्षण समिति के सदस्योंछात्र-छात्राओं अनुसांगिक संगठन के पदाधिकारी अभिभावकों पूर्व छात्रों एवं समाज के लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूज्य अर्चन से की गई । एक स्वर एक ताल में सभी ने वंदे मातरम गाया यह कार्यक्रम विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के मार्गदर्शन में राष्ट्रभावना एवं देशभक्ति की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से च्नमामि भारतम्ज राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया अभियान के अंतर्गत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 1 करोड़ भारतीयों द्वारा एक साथ, एक लय में सामूहिक वन्दे मातरम गायन किया गया

इस राष्ट्रीय अभियान का उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रप्रेम, एकता और राष्ट्रीय चेतना की भावना को और अधिक मजबूत करना है। विद्या भारती द्वारा सभी विद्यालयों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समाज के नागरिकों से इस राष्ट्रव्यापी अभियान में सहभागिता करने का आह्वान किया गया था ।

नमामि भारतम राष्ट्र वंदना एक स्वर, एक भारत के संदेश के साथ आयोजित इस अभियान ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रति समर्पण का संदेश दिया इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व व्यवस्थापक कान सिंह चौहान एवं न्यायाधीश गरिमा अलावा सोलंकी ने छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन दिया । चौहान ने वंदे मातरम के इतिहास को छात्र-छात्राओं को बताया एवं कहा कि आप सभी बहुत भाग्यशाली है कि इस पल के साक्षी बनने जा रहे हैं।

न्यायाधीश गरिमा अलावा सोलंकी ने छात्र-छात्राओं को वंदे मातरम गीत के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपने माता-पिता गुरु का सम्मान करते हुए राष्ट्र की सेवा करने को कहा आपने कहा कि इस गीत से ही आजादी की प्रेरणा मिली है ।

प्राचार्य रेनू बाला शर्मा अध्यक्ष अजीत चतर उपाध्यक्ष राधेश्याम पोरवाल सचिव तन्मय सोनी कोषाध्यक्ष शीतल चोरडिया पार्षद शिवेंद्र माथुर मयंक अग्रवाल सहित समस्त विद्यालय परिवार मौजूद थे।

न्यूज कालम



युवाओं को नशे से दूर रखना समाज की बड़ी जिम्मेदारी

वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे आयोजित हुआ जागरूकता अभियान

मंदसौर। वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे के उपलक्ष्य में एम पी फार्मासिस्ट एसोसिएशन मंदसौर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मिथुन वप्ता ने च्नशे से दूरी, फार्मासिस्ट है जरूरी का संदेश देते हुए कहा कि आज युवाओं को नशे के जाल से बचाना संपूर्ण समाज का दायित्व है और इस दिशा में फार्मासिस्ट वर्ग अत्यंत प्रभावी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने फार्मासिस्ट साथियों से अपील की कि वे अनैतिक रूप से नशे के कारोबार से पूरी तरह दूर रहें ।कार्यक्रम के दौरान एसोसिएशन के संरक्षक नरेंद्र त्रिवेदी ने फामेर्सी छात्रों को करियर मार्गदर्शन देते हुए विभिन्न रोजगार अवसरों, कौशल विकास तथा रजिस्ट्रेशन-रिन्यूअल प्रक्रिया से अवगत कराया। संगठन के सचिव दीपक राठौर ने संगठनात्मक एकजुटता पर विचार रखे। विनोद पाटीदार ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा जनजागरूकता पोस्टर वितरित किए गए। संचालन जिला उपाध्यक्ष कपिल गौड ने किया एवं आभार सीमा कटारिया ने माना। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी, कॉलेज शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद थे।

साबाखेड़ा में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगन मिलन संपन्न



मंदसौर। साबाखेड़ा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्र. 1, 2 और 3 में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत सरपंच परमानंद धनगर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न इस कार्यक्रम के प्रथम दिन बाल स्वास्थ्य और बच्चों के सर्वांगीण विकास से जुड़ी विभिन्न आनंदमयी गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान ग्राम सरपंच द्वारा क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकताओं कल्पना चावड़ा, भावना सुनार्थी, ललिता ननामा और सहायिकाओं के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य और पोषण से संबंधित विस्तृत जानकारियां दी गईं। इस अवसर पर एएनएम शैलू चौहान, आशा कार्यकर्ता, मातृ सहयोगिनी समिति की सदस्य, ग्रामीण महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

आर्यन ग्रुप द्वारा गणेश उत्सव की भव्य प्रतिमा स्थापित कर किया पूजन

नीमच। विगत एक दशक से अधिक समय से विजेता की चौराहा पर आर्यन ग्रुप द्वारा गणेश उत्सव की भव्य प्रतिमा स्थापित कर गणेश उत्सव का आयोजन प्रतिदिन पूजा अर्चना के साथ किया जाता रहा है। इस वर्ष भी यहां भव्य आयोजन किया गया। वही अनंत चतुर्दशी के अवसर पर शुक्रवार रात आर्यन ग्रुप द्वारा भगवान श्री गणेश का भव्य विसर्जन चल समारोह निकाला गया। विजय टॉकीज चौराहे से शुरू हुआ चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए देर रात चल्दू नदी पहुंचा, जहां विधि-विधान से पूजा के बाद गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विजय टॉकीज चौराहे पर आर्यन ग्रुप द्वारा प्रतिवर्ष भगवान श्री गणेश की विशाल प्रतिमा विराजित की जाती है। दस दिनों तक यहां विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी के साथ गणेशोत्सव का समापन हुआ। इसी क्रम में रात को आर्यन ग्रुप ने विसर्जन चल समारोह का आयोजन किया। चल समारोह में सबसे आगे डीजे और बैंड पर भगवान गणेश के भजनों की स्वर लहरियां गूंज के साथ ग्रुप के सदस्य और युवा तोलिया नृत्य करते हुए गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।

न पा नीमच ने संजीवनी के पास सुरक्षितगणेश प्रतिमा विसर्जन करवाया



नीमच। प्रति वषार्नुसार नगर पालिका नीमच द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर मूर्ति संग्रह केंद्र स्थापित किए गए द्य साथ ही मूर्तियों के सुरक्षित और सुलभता से विसर्जन हेतु संजीवनी तालाब ग्वालटोली तालाब नीलकंठ महादेव आदि पर विसर्जन व्यवस्थाएं की गई द्य यहां अपने घरों में विराजित श्री गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन हेतु लाया गया जहां से पूरे विधि विधान और सम्मान के साथ प्रतिमाओं का देना टीम द्वारा प्रतिमा विसर्जन किया गया।

दिगंबर जैन समाज का महापर्व जारी

नीमच । स्थानीय दिगंबर जैन मंदिर नीमच में 10 लक्षण महापर्व श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है, 16 से 25 सितंबर (अनंत चतुर्दशी) तक चलने वाले इस उत्सव के अष्टम दिवस पर श्रद्धालुओं ने उत्तम आकिंचन्य धर्म की विशेष आराधना की प्रातः काल मूलनायक भगवान के अभिषेक व शांति धारा के बाद 10 लक्षण विधान पूजा प्रारंभ हुई ।महिला मंडल ने मंगलाचरण एवं भजनो की सुंदर प्रस्तुतियां दी । सुबह से ही जैन मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, इसमें बड़ी संख्या में समाज जनों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया।

गजानंद युवा मंडल के आयोजन में जनप्रतिनिधियों ने की सहभागिता

खाचरौद। उज्जैन दरवाजा क्षेत्र में गजानंद युवा मंडल द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में पूर्व विधायक दिलीप सिंह गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद भरावा, उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना सहित सभी पार्षद साथी उपस्थित हुए। आयोजन के दौरान भगवान श्री गणेश जी की विधिवत आरती एवं सुंदरकांड पाठ सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए। श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक आयोजन में सहभागिता की और भगवान श्री गणेश जी से नगर एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की मंगलकामना की। इस अवसर पर आयोजन के संरक्षक जितेंद्र पंचाल द्वारा सभी अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। आयोजन में गजानंद युवा मंडल के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती मनाई



भौरासा। भाजपा के प्रेरणा स्त्रोत एवं भारतीय जन संघ के संस्थापक दीनदयाल उपाध्याय जी की 110वीं जयंती मनाई गई बुथ क्रमांक 218 पर जिसमें मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष अनिल चावड़ा नगर पंचायत उपाध्यक्ष जय सिंह राणा वरिष्ठ भाजपा नेता मांगीलाल पटेल एल्डरमैन प्रदीप मंत्री नरबत यादव मनोहर माली दीपक डोडिया जितेन्द्र पांचाल संदीप प्रजापत रोहित माली आभार बुथ अध्यक्ष नरेंद्र माली ने माना उक्त जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी प्रेमचंद सेठी ने दी

श्रीमती अन्नपूर्णाबाई शर्मा का निधन



बडौद। नगर के प्रतिष्ठित विद्वान पंडित मदन लाल शर्मा की धर्मपत्नी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता और जिला संयोजक भाजपा आगर एवं सुसनेर मंडल प्रभारी और एल्डरमेन की पूज्यनीय माताजी श्रीमती अन्नपूर्णाबाई शर्मा का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। आप अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए है। जिनकी अन्तिम यात्रा शनिवार को प्रातः उनके निवास से पुराने मुक्तिधाम बस स्टेण्ड पर ले जाई गई।

किसान और एससी मोर्चा के पदाधिकारियों का स्वागत

ब्यावरा। राजगढ़ भाजपा जिला उपाध्यक्ष के द्वारा नवनियुक्त किसान मोर्चा और एससी मोर्चा के पदाधिकारियों का स्वागत हुआ, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि इन्दरसिंह लववंशी जनपद सदस्य के द्वारा कल्पना भवन ब्यावरा में पधारने पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षगणों का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीगणेश जी के पूजन एवं आरती से हुआ। तत्पश्चात नवदायित्व प्राप्त सभी साथियों का तिलक, साफा, पार्टी का अंगवस्त्र एवं पुष्पवर्षा कर आत्मीय अभिनंदन किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके नवीन दायित्व के लिए हर्ष व्यक्त करते हुए मंगल कामना की

पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई

सारंगपुर। भारतीय जनता पार्टी मंडल सारंगपुर द्वारा भाजपा के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल उपस्थित रहे, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति में कार्यकर्ताओं ने पंडित उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। यह कार्यक्रम सारंगपुर के दीनदयाल चौराहा शगुन विहार कॉलोनी में संपन्ना हुआ। कार्यक्रम में राज्य मंत्री टेटवाल ने संबोधित करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

10 दिनों के आतिथ्य के बाद गजानन को दी गई विदाई

अगले बरस तू जल्दी आ... ढोल नगाड़े, डीजे के साथ गणपति बप्पा को किया विदा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

सुखकर्ता और दुखहर्ता कहे जाने वाले प्रथम पूज्य गणपति बप्पा की 10 दिन की आवभगत के बाद शुक्रवार सुबह से लेकर शाम तक विदाई का दौर चल रहा रहा। गणेश चतुर्थी से प्रारंभ हुए गणेश उत्सव का गुरूवार को समापन हुआ और शुक्रवार को विसर्जन हुआ।। गणेश भक्त गणपति बप्पा मोरया... और अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ गजानन को विदाई दी गई।

सारंगपुर में स्थापित प्रतिमाओं का विसर्जन नदी-तालाबों में किया जाता है। ढोल-नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालुओं की टोलियां दोपहर बाद से अपने बप्पा को विदाई देने के लिए निकल पड़ीं। ऐसे में सडकों पर ढोल नगाडों के साथ रंग गुलाल उड़ाते हुए श्रद्धालू नजर आ रहे हैं। वहीं कई स्थानों पर भगवान गणेश का विधिवत पूजन अर्चन कर उन्हें वाहनों में विराजमान कर उन्हें विसर्जन स्थल ले जाया गया। यहां विसर्जन के साथ ही भक्तों ने अगले साल वापस आने की कामना की।

उल्लेखनीय है कि दस दिवसीय गणेशोत्सव का आखिरी दिन रहा। गणेश चतुर्थी से भक्त पूरे दस दिन तक गणपति बप्पा का विधि-विधान से पूजा करके अनंत चतुर्दशी पर गणेश जी की प्रतिमाओं का विसर्जन करते हैं। इसी कडी में सारंगपुर में भी भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। जिसमें भक्त गणपति बप्पा को अंतिम विदाई देते हुए नजर आए।

बड़नगर

दस दिन तक भक्तों के घर-घर विराजे विघ्नहर्ता गणपति बप्पा को शुक्रवार को नम आंखों से विदाई दी गई। गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ नगर में भव्य विसर्जन चल समारोह निकाला गया। शहर के विभिन्न गणेश पंडालों से भगवान गणेशजी झांकियां ट्रैक्टर-ट्रालियों पर सजाकर विसर्जन स्थल तक ले जाई गईं। डीजे, बैंड व ढोल ढमाको की धुन पर युवा जमकर थिरके। जगह-जगह समाजजनों द्वारा पुष्प वर्षा कर आरती की गई।



नगर पालिका द्वारा विसर्जन स्थल लोहना रोड स्थित चला नदी की छोटी रपट पर साफ सफाई एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। वही नदी पर स्वच्छ पानी का एक छोटा तालाब निर्मित किया था जिसमें गणेश जी की छोटी प्रतिमाएं विसर्जित की जा रही थी एवं बड़ी प्रतिमा नदी में विसर्जित की गई। गोताखोर, क्रेन एवं लाइट की व्यवस्था रही। देर रात तक शांतिपूर्ण तरीके से विसर्जन संपन्न हुआ।

मुकाबला हुआ आमने-सामने का

सुसनेर नगर सरकार के इस महामुकाबले में मुकाबला पूरी तरह सीधा और स्पष्ट है। एक तरफ भाजपा के प्रदीप सोनी अपने 5 महीने के कार्यकाल और जनता के बीच सतत उपस्थिति के दम पर मतदाताओं का विश्वास जीत रहे हैं, तो दूसरी तरफ कांग्रेस के विष्णु प्रसाद पाटीदार भी अपनी पूरी सांगठनिक ताकत के साथ मैदान में डटे हैं। आचार संहिता की मयार्दाओं के भीतर चल रही यह शांत चुनावी जंग अब अपने अंतिम चरण में है। आगामी 29 सितंबर को होने वाले मतदान में सुसनेर की जागरूक जनता विकास और सादगी के इस तराजू पर अपना अंतिम फैसला सुनाएगी।



कवि सम्मेलन सम्पन्न देर रात्रि तक बही हास्य-व्यंग्य,ओज व श्रंगार की सरिता

ब्यावरा। गणेशोत्सव के अवसर पर बीती रात्रि को नगर की राजन सिटी कॉलोनी में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में काव्य रसिकों, साहित्यप्रेमियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर हास्य-व्यंग्य, ओज व श्रंगार रस से सराबोर काव्य रचनाओं का आनंद लिया। कवि सम्मेलन की शुरूआत कवयित्री कु.ऋचा गौड़ ने समधुर स्वरों में प्रस्तुत सरस्वती वंदना से की. सूत्रधार कवि देवेन्द्र दाँगी कविराज ने पत्नी-चालीसा रचना सुनाकर श्रोताओं को खूब हँसाया. कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे नगर के सुप्रसिद्ध गीतकार कन्हैया ₹राजश्र ने अपनी श्रंगारिक रचना -' तेरी यादों को गाते रहेंगे, जब तलक दुनियादारी रहेगी...' से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. कवि सम्मेलन में प्रोफेसर शैलेन्द्र मेवाड़ा, मधुसूदन शर्मा छापीहेड़ा, रामेश्वर रोचक (माचलपुर) राजू धाकड़ आदि ने भी अपनी काव्य रचनाओं से श्रोताओं को हँसा हँसाकर लोटपोट कर दिया। देर रात्रि तक चले इस कवि सम्मेलन में राजन सिटी, स्वरूप नगर सहित वरिष्ठ नेता मोहन पंवार मित्रमंडल व गणमान्य नागरिकों, बुजुर्गों, महिलाओं की गरिमाममयी उपस्थिति रही. कवि सम्मेलन के अंत में नगर के वरिष्ठ व्यावसायी संपत मोदनी ने सभी का आभार व्यक्त किया गया।

नवनियुक्त किसान मोर्चा और एससी मोर्चा के पदाधिकारियों का स्वागत



ब्यावरा। राजगढ़ भाजपा जिला उपाध्यक्ष के द्वारा नवनियुक्त किसान मोर्चा और एससी मोर्चा के पदाधिकारियों का स्वागत हुआ, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि इन्दरसिंह लववंशी जनपद सदस्य के द्वारा कल्पना भवन ब्यावरा में पधारने पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षगणों का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीगणेश जी के पूजन एवं आरती से हुआ। तत्पश्चात नवदायित्व प्राप्त सभी साथियों का तिलक, साफा, पार्टी का अंगवस्त्र एवं पुष्पवर्षा कर आत्मीय अभिनंदन किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके नवीन दायित्व के लिए हर्ष व्यक्त करते हुए मंगल कामना की । विश्वास है कि आप सभी संगठन की विचारधारा, सेवा और जनहित के संकल्प को और अधिक मजबूती प्रदान करते हुए अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला प्रशिक्षण प्रभारी रामगोपाल दांगी, जिला प्रभारी आईटी लखन लोधी, पिपलहेला मंडल अध्यक्ष राधेश्याम दांगी, अजा मोर्चा जिला महामंत्री सोनू भदौरिया, जिला मंत्री हरीश शाक्यवार, जिला कोषाध्यक्ष शंकरलाल अहीरवार, सह कोषाध्यक्ष संदीप, अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष ब्यावरा गगन चौहान, मन की बात सह प्रभारी गोपाल गुर्जर एवं मलावर मंडल के कोषाध्यक्ष सुमन सहित सभी पदाधिकारियों का आत्मीय स्वागत किया ।

नमामि भारतम के अंतर्गत 1000 छात्र छात्राओं ने एक साथ गाया संपूर्ण वंदे मातरम



महिदपुर। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विद्या भारती द्वारा आयोजित नमामि भारतम कार्यक्रम के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर महिदपुर परिसर में छात्र-छात्राएं, अभिभावक समिति सदस्य एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर एक साथ संपूर्ण वंदे मातरम का गायन किया । उक्त कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जैनेंद्र खेमसरा ने वन्देमातरम की पृष्ठभूमि रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैलाश धनगर घोष संयोजक मालवा प्रांत, विशेष अतिथि विक्रम वर्मा, जवाहर डोसी, गिरधारीलाल उथरा, कोषाध्यक्ष विमलचंद मेहता, सहसचिव अंतरसिंह राजपूत, सदस्य अंकुर भटेवरा, शिवनारायण राठौड़ शासकीय मॉडल विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। साथ ही नगर के अन्य विद्यालय संस्कार पब्लिक स्कूल, दिशा विकास विद्यालय में भी उक्त कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उक्त जानकारी विद्यालय के प्राचार्य रामकृष्ण उपाध्याय ने दी।

विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ सामूहिक वंदे मातरम का आयोजन

महिदपुर रोड। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में वंदे मातरम गायन के डेढ़



सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शासकीय विद्यालय को शिक्षकों विभिन्न विभागों के कर्मचारियों अधिकारियों पत्रकारों तथा विभिन्न समाजों के प्रमुखों की उपस्थिति में सामूहिक वंदे मातरम का गायन कर नगर के शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन में इतिहास रच दिया गया। पूरे भारतवर्ष में एक साथ 11 बजे शुरू हुए सामूहिक वंदे मातरम के दौरान यहां भी सभी ने एक साथ सामूहिक वंदे मातरम का गायन किया। आयोजन में नगर के शासकीय कन्या विद्यालय के प्राचार्य अनिल सेठिया थाना प्रभारी राम सिंह भाभौर सहायक थाना प्रभारी रविंद्र सिंह बैस पत्रकार दिनेश मंडोवरा गोपाल उपाध्याय विद्यालय संचालन समिति के राजेश कांठेड़ कैलाश शर्मा दर्पण सोनी नरेंद्र कसेरा ग्राम पंचायत बरूखेडी के सरपंच भरत जाट निजी चिकित्सक बी सी राठौर राजेंद्र राठौड़ आदि अतिथियों ने सामूहिक वंदे मातरम का गायन किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य रामेश्वर परिवार ने किया अतिथियों ने

सरस्वती विद्या मंदिर बड़ौद में नमामि भारतम कार्यक्रम सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद

स्थानीय सरस्वती विद्या मन्दिर उ.मा.वि. बड़ौद में विद्या भारतीय अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित नमामि भारतम कार्यक्रम वंदे मातरम के 150 वें वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक वंदे मातरम गान का विश्व कीर्तिमान रचने हेतु एक समय, एक स्वर, एक लय में गायन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती एवं भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेन्द्र जोशी (विभाग समन्वयक , विभाग शाजापुर), विशेष अतिथि अनिल दामके (प्राचार्य सादीपनी शा.उ.मा.वि. बड़ौद), संस्था प्राचार्य नारायणसिंह मल्डावदिया एवं अध्यक्षता विजयकुमार जैन ने की। अतिथि परिचय वरिष्ठ आचार्य मुकेशराव धुले ने कराया। अतिथि स्वागत दिनेश भावसार एवं रविन्द्र पोरवाल ने किया । पश्चात 11बजे सामूहिक वंदे मातरम् का गायन उपस्थित छात्र/बहिन , अतिथि , गणमान्य , समाज सेवी , पत्रकार बंधु, अभिभावक गण एवं मातृशक्ति द्वारा किया गया। जिसमें विद्यालय केशव सभाग्रह में 1555 भैंया/ छात्राएं, आचार्य परिवार, अभिभावक , गणमान्य नागरिक, मातृशक्ति , समाजसेवी, पूर्व छात्र, समिति परिवार उपस्थित रहे। वंदेमातरम गायन के पश्चात मुख्य अतिथि सुरेन्द्र जोशी द्वारा अपने उद्बोधन में वंदेमातरम की रचना एवं जन-जन तक वंदेमातरम के भाव को पहुचाने के मुख्य नायको पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर हंसवाहिनी शिक्षा समिति के सदस्य, समाजसेवी , पत्रकार बन्धु, मातृशक्ति उपस्थित रही।



सिटी सेंटर परिसर में गणेशोत्सव का समापन, महाआरती पश्चात हुआ भंडारा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा



महात्मा गांधी मार्ग स्थित सिटी सेंटर कॉम्प्लेक्स परिसर में व्यापारियों द्वारा आयोजित 10 दिवसीय गणेश उत्सव का अनंत चतुर्दशी पर धार्मिक आयोजन के साथ समापन हुआ। गणेश चतुर्थी से परिसर में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कर प्रतिदिन पूजा-अर्चना, महाआरती एवं प्रसादी का आयोजन किया जा रहा था।

शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर व्यापारियों ने भगवान गजानन की विधिवत पूजा-अर्चना कर महाआरती की। इसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें परिसर के व्यापारियों, कर्मचारियों एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसादी ग्रहण की।

सिटी सेंटर परिसर में पिछले 10 वर्षों से अधिक समय से गणेश प्रतिमा स्थापित कर उत्सव मनाने की परंपरा निरंतर जारी है। आयोजन में परिसर के व्यापारियों एवं कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर श्यामसिंह रघुवंशी, राजेंद्र पोरवाल, ताकत नरेंद्र जैन, गौरव शाह, महेश पोरवाल, संजय गोखरू, कोदेश पोरवाल, राहुल राठौर, अर्जुन राठौर सहित अन्य व्यापारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

नौ दिवसीय प्रखर गायत्री साधना शिविर

आराधना, योग-प्राणायाम, स्वाध्याय की गतिविधियां रहीं आकर्षण का केंद्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा

गायत्री रचनात्मक परिवार, नागदा के तत्वावधान में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज की नियमावली के अनुसार आयोजित नौ दिवसीय प्रखर गायत्री साधना शिविर का समापन गायत्री माता एवं महामृत्युंजय मंत्रों के साथ यज्ञ में आहुतियां समर्पित कर किया गया। शिविर के दौरान साधना, आराधना, स्वाध्याय, योग-प्राणायाम, सात्विक आहार, कुटुंब प्रबोधन एवं भजन-संगीत सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं।

शिविर के प्रथम दिवस योगाचार्य एवं वैद्य अग्निवेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। साथ ही प्रभावी एवं सात्विक भोजन के महत्व की जानकारी देते हुए स्वस्थ जीवनशैली के लिए संतुलित आहार को आवश्यक बताया गया।

नौ दिन तक चला शिविर

नौ दिनों तक चले शिविर में साधना-आराधना के साथ स्वास्थ्य, संस्कार, स्वाध्याय एवं पारिवारिक जीवन से जुड़े विषयों पर गतिविधियां आयोजित की गईं। समापन अवसर पर यज्ञ में गायत्री माता एवं महामृत्युंजय मंत्रों के साथ आहुतियां समर्पित कर शिविर का विधिवत समापन हुआ। शिविर में गायत्री परिवार के परिजनों एवं साधकों ने सहभागिता की।

वडोदरा के ख्यातनाम हड्डी रोग विशेषज्ञ देंगे सेवाएं

परमार्थ मानव सेवा संस्थान द्वारा 27 सितम्बर को उन्नीसवां निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

मानव सेवा और परोपकार के संकल्प के साथ कार्यरत परमार्थ मानव सेवा संस्थान, बड़नगर द्वारा आगामी 27 सितम्बर 2026 (रविवार) को 19वां विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। नयापुरा स्थित शांति वाटिका में आयोजित होने वाले इस शिविर में मुख्य रूप से हड्डी के असाध्य रोग , कमर दर्द एवं रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्याओं की जांच व परामर्श दिया जाएगा।

शिविर की तैयारियों को लेकर एक बैठक संस्थापक अध्यक्ष संजय शर्मा, व अध्यक्ष राकेश जैन (किलोली) की उपस्थिति में रखी गई जिसमें शिविर संबंधित संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई साथ ही बताया कि इस बार शिविर में वडोदरा (गुजरात) के प्रसिद्ध 'वायरॉक' ऑथोपेंडिक हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सकों का दल अपनी सेवाएं देगा। इनमें 25 हजार से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण व जटिल फ्रैक्चर सर्जरी का अनुभव रखने वाले जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. ब्रजेश भाई शाह, रोबोटिक नी व हिप रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ डॉ. चिंतन परमार ,तथा कंसलटेंट ऑथोपेंडिक एवं स्पाइन सर्जन डॉ. प्रतीक पटेल, डॉ प्रकाश चौधरी,डॉ. जेकी पटेल व प्रकाश भाई सालुंके शामिल हैं। इसके साथ ही ऑक्यूपेशनल एवं फिजियोथेरेपी परामर्श हेतु रतलाम से डॉ. ईश्वर पाटीदार तथा स्थानीय चिकित्सक डॉ. के.एम. शर्मा, डॉ. बतुल बुरहानी अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर के लिए पंजीयन प्रातः 10:00 बजे से शुरू होगा तथा स्वास्थ्य परीक्षण प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। शिविर में व्यवस्था शुल्क मात्र 20 रुपये रखा गया है,

कल्याण दिवस पर निर्वाण लाडू चढ़ाया एवं वेदीजी का चल समारोह निकाला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

दिगंबर जैन समाज में इन दिनों पर्यूषण पर्व के साथ दशलक्षण महापर्व की धूम है। शुक्रवार को महाराणा प्रताप चौक स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भक्ति और धर्म आराधना का माहौल में 12 वें तीर्थकर वासुपूज्य भगवान का मोक्ष कल्याण दिवस पर निर्वाण लाडू चढाया एवं दोपहर में अनंत चतुर्दशी पर बेदीजी का चल समारोह हजारीबाग पार्श्वनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर पूरे नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ शांतिनाथ दि.जैन मंदिर पहुंचा। इस दौरान समाजजनों ने सफेद वस्त्र धारण कर बेदी जी को कंधों पर उठाया। जैन भजनों और अहिंसा के जयकारों से वातावरण धर्ममय हो गया। श्रीजी का मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना, अभिषेक, शांतिधारा का आयोजन किया गया।

कालेज में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सम्पन्न

सारंगपुर। स्थानीय स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में यल सितंबर से चल रहे हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संगीता गुप्ता के निर्देशन में प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। संचालन डॉ फारूक पठान द्वारा किया गया। जिसमे डॉ अरुणा सोलंकी एवं डॉ वसीम शेख का विशेष सहयोग रहा।

सरस्वती विद्या मंदिर में गूंजा वन्दे मातरम, राष्ट्रभाव से सराबोर हुआ परिसर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

वन्दे मातरम के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में विद्या भारती के देशव्यापी अभियान ह्यनमामि भारतम के तहत शुक्रवार को सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि., बड़नगर के शिक्षक कॉलोनी परिसर में सामूहिक वन्दे मातरम गायन हुआ। ठीक सुबह 11 बजे विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों, पूर्व विद्यार्थियों और समाजजनों ने एक समय-एक स्वर-एक लय में सम्पूर्ण वन्दे मातरम का गायन किया। सामूहिक स्वर से विद्यालय परिसर राष्ट्रभाव से गुंजायमान हो उठा।

विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम देशभर में 25 हजार से अधिक स्थानों पर एक साथ हुए नमामि भारतम अभियान की कड़ी रहा। अभियान में एक करोड़ से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं नागरिकों की सहभागिता का लक्ष्य रखा गया। आयोजकों के अनुसार सर्वाधिक विद्यार्थियों एवं जनसमुदाय द्वारा एक साथ वन्दे मातरम गायन के इस अभियान को एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रमाणीकरण के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक जितेन्द्र उदय सिंह पंड्या, विशिष्ट अतिथि अनुविभागीय अधिकारी धीरेन्द्र पाराशर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महेंद्र सिंह परमार, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राहुल विश्वकर्मा, कार्यक्रम के साक्षी के रूप में सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य कृष्णदास बैरागी, महिला एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक गोधा, सराफा व्यवसायी मुख्य वक्ता राजकुमार पोरवाल, कार्यक्रम संयोजक संस्था सचिव आशीष शुक्ला, बीआरसी प्रवीण शर्मा,संस्था प्राचार्य देवेन्द्रप्रसाद शर्मा मंचासीन थे।



मुख्य अतिथि विधायक पंड्या ने वन्दे मातरम के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस गीत ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में देशवासियों में राष्ट्रीय चेतना और मातृभूमि के प्रति समर्पण का भाव जगाया।

छात्रों के साथ समाज जन भी हुए शामिल

कार्यक्रम में महिला एवं बाल कल्याण समिति के अरविन्द माहेश्वरी, प्रो. लक्ष्मण चेलाणी, सत्यनारायण पांचाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष नवीन राठौड़, रवि हिंडोलिया, थाना प्रभारी कमलेश सिंघार, पूर्व छात्र डॉ. मधुसूदन सिंह राजावत, संकुल प्राचार्य राधेश्याम परमार सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, पूर्व विद्यार्थी और गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

'जय श्री राम' के नारों से गूंजी महफिल

रणबीर कपूर की 'रामायण' के प्रमोशन में पहुंचे मशहूर यूट्यूबर मिस्टर बीस्ट

भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे महत्वाकांक्षी और बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' के प्रचार अभियान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हलचल मचा दी है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक नितेश तिवारी और निमार्ता नमित मल्होत्रा के संयोजन में बन रही इस महाकाव्य फिल्म के भव्य प्रमोशनल कार्यक्रम में उस वक्त रोमांच अपने चरम पर पहुंच गया, जब मंच पर मुख्य अभिनेता रणबीर कपूर और अभिनेत्री साई पल्लवी के साथ दुनिया के सबसे बड़े यूट्यूब कंटेंट क्रिएटर मिस्टर बीस्ट (जिमी डोनाल्डसन) विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। मायानगरी मुंबई में आयोजित इस खास शाम ने बॉलीवुड और वैश्विक डिजिटल दुनिया के अभूतपूर्व संगम के साथ दुनिया भर के सिनेमा प्रेमियों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है।

जब मिस्टर बीस्ट ने लगाया 'जय श्री राम' का उद्घोष कार्यक्रम का सबसे चर्चित और वायरल क्षण तब सामने आया जब मिस्टर बीस्ट के मंच पर कदम रखते ही हॉल में मौजूद दर्शकों और मीडियाकर्मियों ने पूरे जोश के साथ 'जय श्री राम' के नारे लगाने शुरू कर दिए। अचानक हुए इस भारी उद्घोष से विदेशी मेहमान मिस्टर बीस्ट कुछ पलों के लिए असमंजस में नजर आए। परिस्थिति को भांपते हुए मंच पर मौजूद रणबीर कपूर तुरंत उनके पास पहुंचे और उन्होंने बेहद आत्मीयता से इस उद्घोष का अर्थ और महत्व समझाया। इसके बाद रणबीर ने उन्हें यह बोलना सिखाया। मिस्टर बीस्ट ने जैसे ही पूरे उत्साह और मुस्कुराहट के साथ माइक पर 'जय श्री राम' दोहराया, पूरा सभागार तालियों और नारों की गूंज से दहल उठा। यह वीडियो कुछ ही मिनटों में सोशल मीडिया पर वैश्विक स्तर पर ट्रेंड करने लगा। रणबीर ने वैश्विक मंच पर समझाया 'मयार्दा पुरुषोत्तम' का मर्म फिल्म में भगवान श्री राम की केंद्रीय भूमिका निभा रहे अभिनेता रणबीर कपूर ने मिस्टर बीस्ट का भारत में आदरपूर्वक स्वागत किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मीडिया के समक्ष 'रामायण' के शाश्वत संदेश को साझा करते हुए कहा, ₹भगवान राम हमारे लिए केवल एक चरित्र नहीं, बल्कि मयार्दा पुरुषोत्तम हैं। वे एक ऐसे आदर्श राजा, पुत्र और भाई हैं जिन्होंने अपने पिता के दिए वचन और अपने 'धर्म' यानी नैतिक कर्तव्य की रक्षा के लिए राजपाट और सुख-सुविधाओं का त्याग कर चौदह वर्षों का वनवास स्वीकार किया।₹ रणबीर ने विश्वास व्यक्त किया कि अत्याधुनिक विजुअल तकनीक और सनातन मूल्यों के संगम से बनी यह फिल्म भारतीय संस्कृति की समृद्ध जड़ों को पश्चिमी और वैश्विक दर्शकों तक बेहद प्रामाणिक ढंग से पहुंचाएगी।



मंच पर शिव धनुष का भावुक दृश्य

इवेंट का एक और यादगार दृश्य वह था जब मंच पर महाकाव्य से जुड़े प्रतीकों को प्रदर्शित किया गया। रणबीर कपूर ने मंच पर रखे प्रतीकात्मक 'शिव धनुष' को पूरी श्रद्धा के साथ उठाया और उसे पुनः स्थापित करते हुए नतमस्तक होकर प्रणाम किया। इस पल ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। वहीं माता सीता की भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री साई पल्लवी ने भारतीय नारी के त्याग, गरिमा, धैर्य और आंतरिक शक्ति पर अपने विचार व्यक्त किए।



रावण के किरदार के लिए पहली और आखिरी पसंद थे यशः नमित मल्होत्रा

फिल्म के निमार्ता नमित मल्होत्रा ने बातचीत के दौरान कास्टिंग को लेकर एक बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि लंकेश (रावण) के शक्तिशाली और जटिल किरदार के लिए पैन-इंडिया सुपरस्टार यश ही उनकी पहली और इकलौती पसंद थे। मल्होत्रा ने कहा, ₹जब हमने इस प्रोजेक्ट की रूपरेखा बनाई, तभी तय कर लिया था कि रावण की गरिमा, शक्ति, अहंकार और प्रकांड ज्ञान को पर्दे पर यश से बेहतर कोई दूसरा अभिनेता नहीं उतार सकता। उनके बिना यह महाकाव्य यात्रा पूरी तरह अधूरी रहती।₹ गौरतलब है कि यश इस फिल्म में अभिनय करने के साथ-साथ सह-निमार्ता के रूप में भी जुड़े हैं।

अभूतपूर्व स्टारकास्ट और अंतरराष्ट्रीय तकनीक का मेल

दो भागों में बनाई जा रही इस भव्य फिल्म में भारतीय सिनेमा की दिग्गज स्टारकास्ट शामिल है। इसमें सनी देओल भगवान हनुमान के रूप में, रवि दुबे लक्ष्मण, लारा दत्ता कैकेयी और टीवी के ऐतिहासिक राम रहे अरुण गोविल राजा दशरथ की भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म के विजुअल इफेक्ट्स का जिम्मा ऑस्कर विजेता वीएफएक्स स्टूडियो डीएनईजी (उ०एक्स) संभाल रहा है, जबकि संगीत की कमान हॉलीवुड के दिग्गज संगीतकार हंस ज़िमर और ऑस्कर विजेता ए.आर. रहमान के पास है।

इस मेगा इवेंट ने यह स्पष्ट संकेत दे दिया है कि 'रामायण' केवल एक भारतीय फिल्म नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत का वह अंतरराष्ट्रीय सिनेमाई आख्यान बनने जा रही है जो वैश्विक मंच पर नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।



सीधे 'स्त्री 3' से जुड़ेगी कहानी..

श्रद्धा ने किया फिल्म 'छोटी स्त्री' का बड़ा ऐलान

बॉलीवुड के मशहूर मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स में एक नया और अनोखा अध्याय जुड़ने जा रहा है। लोकप्रिय फ्रेंचाइजी की मुख्य अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने अपनी हिट फिल्म पर आधारित एक नई एनिमेटेड थिएट्रिकल फिल्म 'छोटी स्त्री' की आधिकारिक घोषणा की है। यह बड़ा ऐलान हाल ही में मैडॉक फिल्म्स की आगामी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'थामा' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान किया गया, जहां निमार्ता दिनेश विजान और अभिनेता आयुष्मान खुराना भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

श्रद्धा कपूर ने इस अवसर पर कहा कि यह एनिमेटेड फिल्म मुख्य रूप से बच्चों और उनके परिवारों को ध्यान में रखकर तैयार की जा रही है, जिसका लुत्फ हर उम्र के दर्शक सिनेमाघरों में उठा सकेंगे। उन्होंने इसे भारतीय एनिमेशन जगत के लिए एक बेहद रोमांचक कदम बताया और कहा कि इस यूनिवर्स का हिस्सा बनना उनके लिए बेहद शानदार अनुभव है।

इस नए प्रोजेक्ट के बारे में अधिक जानकारी देते हुए निमार्ता दिनेश विजान ने फैंस का उत्साह और बढ़ा दिया।

उन्होंने खुलासा किया कि 'छोटी स्त्री' की कहानी को अमर कौशिक और निरेन भट्ट ने कांसेप्चुलाइज किया है।



इस एनिमेटेड फिल्म का सबसे बड़ा सरप्राइज इसका क्लाइमैक्स होगा। फिल्म अपने अंत में एक लाइव-एक्शन दृश्य में तब्दील हो जाएगी, जो सीधे तौर पर आगामी और बहुप्रतीक्षित फिल्म 'स्त्री 3' की कहानी से जाकर जुड़ेगा।



भारतीय महिला कबड्डी टीम का स्वर्णिम पंच

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आइची-नागोया

2026 एशियन गेम्स में भारतीय एथलीट्स का शानदार प्रदर्शन जारी है। इसी कड़ी में भारतीय महिला कबड्डी टीम ने एक बार फिर अपना वर्चस्व साबित करते हुए देश की झोली में एक और स्वर्ण पदक डाल दिया है। आइची-नागोया में खेले गए बेहद रोमांचक और सांसें रोक देने वाले फाइनल मुकाबले में भारत ने अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी ईरान को 37-34 के करीबी अंतर से मात दी। यह एशियन गेम्स के इतिहास में भारतीय महिला टीम की लगातार दूसरी स्वर्ण पदक जीत है, जिसने पूरे देश में जश्न का माहौल बना दिया है।



खिताबी मुकाबले की शुरूआत से ही दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। ईरान की टीम ने पहले हाफ में बेहद आक्रामक और रणनीतिक खेल दिखाया। ईरानी रेडरों ने अपनी फुर्ती और ताकत का इस्तेमाल करते हुए भारतीय डिफेंस पर भारी दबाव बनाया। एक समय ऐसा लग रहा था कि मैच भारत के हाथ से फिसल सकता है। हालांकि, भारतीय टीम ने अपना धैर्य नहीं खोया। भारतीय रेडरों ने चुस्ती दिखाते हुए बोनस अंक और टच पॉइंट के जरिए स्कोर बोर्ड को लगातार चलायमान रखा, जिससे पहले हाफ की समाप्ति तक दोनों टीमों के बीच फासला बेहद कम रहा।

दूसरे हाफ का खेल और भी अधिक तनावपूर्ण हो गया। दोनों टीमों के बीच एक-एक अंक के लिए जद्दोजहद देखने को मिली। मैच के अंतिम पांच मिनटों में जब स्कोर 30-30 की बराबरी पर था, तब स्टेडियम में बैठे हर दर्शक की सांसें थमी हुई थीं। इसी दौरान भारतीय डिफेंस ने अपनी असली ताकत दिखाई। दबाव के इन क्षणों में भारतीय टीम ने एकजुट होकर ईरान के मुख्य रेडर का शानदार 'सुपर टैकल' किया, जिसने मैच का रुख भारत की ओर मोड़ दिया। इसके बाद अंतिम पलों में 'डू-ऑर-डाई' रेड में भारत ने संयम से काम लेते हुए महत्वपूर्ण अंक बटोरे और अंततः 37-34 के स्कोर के साथ स्वर्णिम सफलता हासिल कर ली।

भारत और ईरान के बीच कबड्डी का यह मुकाबला सालों पुरानी प्रतिद्वंद्विता का एक और शानदार अध्याय था। गौरतलब है कि भारत ने पिछले एशियन गेम्स (हांगझोऊ 2022) में भी स्वर्ण पदक जीता था और इस जीत के साथ टीम ने अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया है।

मैच के बाद भावुक नजर आ रही भारतीय कप्तान ने कहा, ₹यह जीत हमारे महीनों के कड़े प्रशिक्षण, पसीने और अनुशासन का नतीजा है। ईरान एक बहुत मजबूत टीम है और उन्होंने हमें अंत तक कड़ी चुनौती दी। लेकिन हमें खुद पर और अपनी रणनीति पर पूरा भरोसा था। यह स्वर्ण पदक पूरे भारतवर्ष और हमारा समर्थन करने वाले हर प्रशंसक का है।

नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में फिर जीता स्वर्ण

नागोया: भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ाया है। एशियन गेम्स 2026 के रोमांचक फाइनल मुकाबले में नीरज ने अपने दूसरे ही प्रयास में 89.45 मीटर की दूरी नापते हुए लगातार दूसरा एशियाई स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। पूरे मुकाबले के दौरान नीरज का दबदबा कायम रहा और कोई भी प्रतिद्वंद्वी उनके इस थ्रो के करीब नहीं पहुंच सका। प्रतिद्वंद्वी एथलीटों को पछाड़ते हुए नीरज ने पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ उन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह बड़े मंचों के बेताज बादशाह हैं।

जमीन बेचना है

ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।

संपर्क करें
940 6801069

किराए से देना है

ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी

संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

प्रॉपर्टी बेचना है

प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस

संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

दुकान बेचना है

प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट

मोबाइल
8518800456
9981310034

किराए से देना है

शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त

6267735937

मकान बेचना है

साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है

पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोनः 7869850570
9827832632

आवश्यकता है

दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।

संपर्क करें
9575555715,
9425094114

प्रवेश प्रारंभ

आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओं की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदनः 23-06-2026

सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बरः-2557390

आवश्यकता

अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह

राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

खरीदना / किराए से चाहिए

उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहिए

संपर्क
9893374872

बेचना है

अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान-नागझिरी, उज्जैन

संपर्क
9111328540

रद्दी बेचना है

अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है

संपर्क
7773077762

आवश्यकता

छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।

संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

नैनो न्यूज

- **विंडीज खिलाड़ियों की सैलरी घटी**
  क्रिकेट बोर्ड ने खराब आर्थिक स्थिति के कारण पच्चीस प्रतिशत वेतन काटा।
- **भारतीय क्रिकेट टीम नागोया पहुंची**
  एशियन गेम्स क्वार्टर फाइनल में अफगानिस्तान से सीधे टक्कर लेने उतरेगी टीम।
- **प्राची चौधरी ने कांस्य जीता**
  एथलेटिक्स महिला चार सौ मीटर दौड़ में भारत को एक पदक मिला।
- **शॉटपुट में तेजिंदरपाल को सिल्वर**
  शानदार प्रदर्शन करते हुए इस एथलीट ने देश के लिए रजत जीता।
- **महिला शूटिंग टीम को रजत**
  पचास मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा में भारतीय तिकड़ी ने पदक पाया।
- **गुलवीर और यूनुस फाइनल में**
  दोनों धावकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताबी दौड़ में जगह बनाई।

सावन बरवाल ने रचा इतिहास...

मैराथन में 44 साल बाद भारत को मिला रजत पदक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागोया

जापान के आइची-नागोया में आयोजित 20वें एशियन गेम्स में भारतीय धावक सावन बरवाल ने इतिहास रच दिया है। शनिवार को हुई पुरुष मैराथन स्पर्धा में 28 वर्षीय सावन ने शानदार दौड़ लगाते हुए रजत पदक अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही एशियन गेम्स की पुरुष मैराथन में भारत का 44 साल लंबा पदक का इंतजार खत्म हो गया है। भारत ने इस स्पर्धा में आखिरी बार 1982 के दिल्ली एशियन गेम्स में होसुर कुक्कप्पा सीथारण के कांस्य पदक के रूप में मेडल जीता था।

हिमाचल प्रदेश के मंडी (जोगेंद्रनगर) के रहने वाले और भारतीय सेना के जवान सावन ने 42.195 किलोमीटर की दूरी 2 घंटे 11 मिनट 37 सेकंड में पूरी की। इसके साथ ही उन्होंने अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बेहतर कर लिया है। स्पर्धा का स्वर्ण पदक जापान के इचिटाका यामाशिता ने 2 घंटे 10 मिनट 49 सेकंड के समय के साथ जीता, जबकि चीन के पियौ फेंग (2:12:13) ने कांस्य पदक हासिल किया। विदेशी धरती पर एशियन गेम्स मैराथन में भारत को मिला यह पहला पदक है।



सावन मुख्य रूप से 5000 और 10,000 मीटर के ट्रैक धावक रहे हैं और यह उनके करियर की केवल दूसरी फुल मैराथन थी।

इसी साल अप्रैल में रॉटरडैम में अपने डेब्यू मैराथन में उन्होंने शिवनाथ सिंह का 48 साल पुराना (1978 में बना) राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था। नागोया में रेस के दौरान सावन ने शुरूआत से ही अग्रणी समूह में अपनी जगह बनाए रखी और आखिरी किलोमीटर तक जापानी धावक को कड़ी टक्कर दी।

न्यूज कॉलम

ग्रामीण से 1.28 लाख रुपये की धोखाधड़ी

धार। धार जिले में ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। दिलावरा गांव के एक व्यक्ति से अज्ञात आरोपी ने 1 लाख 28 हजार 707 रुपए की धोखाधड़ी की। दिलावरा निवासी लखन पिता जमनालाल जाट के साथ 19 सितंबर को यह ठगी हुई। उन्होंने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। 25 सितंबर को अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज हुआ। साइबर क्राइम और कोतवाली पुलिस जांच कर रही है।

ट्रॉला की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

झाबुआ। इंदौर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर झाबुआ जिले के कालीदेवी थाना क्षेत्र में शनिवार को एक सड़क हादसा हुआ। हादसे में कालीदेवी बस स्टैंड के पास एक ट्राले ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान भेरू (45) पिता तोलिया निवासी गोला बड़ी के रूप में हुई है। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इससे कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हुआ। सूचना मिलने पर कालीदेवी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति संभाली।

नर्स पर प्रसूता के परिजन से पैसे मांगने का आरोप

झाबुआ। पेटलावद सिविल अस्पताल की एक स्टाफ नर्स का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है। झाबुआ के पेटलावद का यह वीडियो गुरुवार का है जो आज शुक्रवार को सामने आया है। वीडियो के मुताबिक एक नर्स पर प्रसूता के परिजन से डिलीवरी के नाम पर पैसे मांगने का आरोप लगाया जा रहा है। हालांकि, अस्पताल के बीएमओ डॉ. अंकित सोलंकी ने संबंधित स्टाफ से बातचीत का हवाला देते हुए पैसे लिए जाने से इनकार किया है। मामला मोहनपुरा क्षेत्र से लाई गई एक प्रसूता के अस्पताल में भर्ती होने और इलाज के दौरान का है।

पति को पीट-पीटकर मार डाला, शव जलाया



धुआं बाहर न निकले, इसलिए ड्रम से ढका अधजले अंगों को रेत में दफना दिया

आलीराजपुर। आलीराजपुर में चरित्र शंका और रोज-रोज के विवाद से परेशान 47 वर्षीय नहजुबाई ने अपने पति रामा (50) की लट्ठ से पीट-पीटकर हत्या कर दी। वारदात छिपाने के लिए महिला ने घर में शव जलाने की कोशिश की। शव के पूरी तरह नहीं जलने पर उसके सिर, हाथ और पैर के अधजले अवशेष रेत में दबा दिए। 17 दिन बाद गुजरात से बड़ा बेटा घर लौटा तो पूछताछ में महिला ने हत्या की बात कबूल कर ली। घर में रेत खोदने पर रामा के अवशेष मिले। घटना उदयगढ़ थाना क्षेत्र के तांबी आम्बा गांव के पुजारा फलिया की है। उदयगढ़ थाना प्रभारी ब्रजभूषण हिरवे ने बताया कि करीब 17 दिन पहले विवाद के दौरान नहजुबाई ने रामा पर लट्ठ से हमला किया था। इससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद महिला ने शव को ड्रम से ढककर घर में जलाया, ताकि धुआं बाहर न निकले। शव पूरी तरह नहीं जल सका तो महिला ने उसके अधजले अवशेष रेत में दबा दिए। उसने पति के पहचान पत्र, फोटो और अन्य दस्तावेज भी जला दिए, ताकि उसकी पहचान से जुड़े सुराग मिटाए जा सकें।

नैनो न्यूज

- **उद्योग विस्तार को मिली नई जमीन-** डीएंडएच इंडिया ने इंदौर में करीब 7 हेक्टेयर औद्योगिक जमीन 18 करोड़ रुपए में खरीदी है, कंपनी विस्तार करेगी।
- **हेटिच ने लगाया बड़ा निवेश-** हेटिच इंडिया ने इंदौर की नई फैक्टरी में 700 करोड़ रुपए निवेश किए हैं। संयंत्र से घरेलू और विदेशी बाजारों को आपूर्ति होगी।
- **एयरपोर्ट पर नया स्टोर खुला-** ट्राइब आम्रपाली ने इंदौर एयरपोर्ट के डोमेस्टिक डिपार्चर टर्मिनल पर अपना नया स्टोर शुरू किया है। यह कंपनी का 38वां स्टोर है।
- **यूपीआई शुल्क पर व्यापारी मुखर-** इंदौर के व्यापारियों ने प्रस्तावित 0.4 प्रतिशत एमडीआर के विरोध में नो-यूपीआई डे मनाया। कई बाजारों में क्यूआर कोड ढके गए।
- **बैंक हड़ताल से कारोबार प्रभावित-** 28 से 30 सितंबर प्रस्तावित बैंक हड़ताल के चलते व्यापारियों और कारोबारियों को जरूरी बैंकिंग काम पहले निपटाने की सलाह दी गई है।
- **एटीएम व्यवस्था पर विशेष जोर-** बैंक हड़ताल से पहले एटीएम में पर्याप्त नकदी रखने के निर्देश दिए गए हैं। डिजिटल बैंकिंग सेवाएं जारी रहने की संभावना है।
- **इंदौर में आईटी विस्तार की तैयारी-** इंफोसिस के इंदौर डेवलपमेंट सेंटर के विस्तार की योजना पर बाजार की नजर बनी हुई है। इससे आईटी क्षेत्र में गतिविधियां बढ़ सकती हैं।
- **एयरपोर्ट कारोबार को मिलेगा विस्तार-** इंदौर एयरपोर्ट पर नए रिटेल आउटलेट के विस्तार से यात्रियों के बीच ब्रांडेड उत्पादों के कारोबार को नया बाजार मिल रहा है।

आधी रात मंत्री कैलाश ने गाया भजन, पूछा-विधायक और एकलव्य नहीं दिखे

12 घंटे 22 से ज्यादा झांकियां...सारी रात जागा इंदौर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अनंत चतुर्दशी का पारंपरिक चल समारोह इस बार भी रातभर जोश और उल्लास के बीच चलता रहा। करीब 12 घंटे तक शहर की सड़कों पर 22 से ज्यादा नयनाभिराम झांकियां और 65 अखाड़ों का कारवां निकला। हजारों लोग पूरी रात झांकियों, धार्मिक प्रसंगों और अखाड़ों के हैरतअंगेज करतब देखने के लिए डटे रहे।

झांकियों में राजकुमार मिल की भगवान विष्णु और असुर मधु-कैटभ के युद्ध पर आधारित झांकी को प्रथम स्थान मिला। मालवा मिल की मछली जल की रानी और हुकुमचंद मिल की भगवान गणेश द्वारा सिंदुरासुर वध की झांकी को संयुक्त रूप से दूसरा पुरस्कार मिला। कल्याण मिल और स्वदेशी मिल की झांकियों को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान दिया गया। होप टेक्सटाइल मिल की भगवान शिव की बारात वाली झांकी को विशेष पुरस्कार मिला।





चल समारोह के दौरान आधी रात मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी उत्साह के बीच नजर आए। उन्होंने देवा ओ देवा गणपति देवा भजन गाया और मौके पर मौजूद लोगों से संवाद किया। विधानसभा क्षेत्र-4 के विधायक और अपने बेटे एकलव्य विजयवर्गीय के बारे में पूछा कि वे दिखाई नहीं दे रहे हैं।

अखाड़ों के करतबों ने बांधे रखा

अखाड़ों और व्यायामशालाओं के कलाकारों ने गतका फरी और दो हाथ की बनेठी में शस्त्र कला का प्रदर्शन किया। चंद्रपाल उस्ताद व्यायामशाला को गतका फरी और श्री बिंदागुरू व्यायामशाला को दो हाथ की बनेठी में प्रथम स्थान मिला। महिला वर्ग में श्री रामनाथ गुरू व्यायामशाला प्रथम रही। बालक वर्ग में वीर राजपूत, जबकि बालिका वर्ग में राशि कुलपारे को प्रथम स्थान मिला। जिला प्रशासन ने अखाड़ों की विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं के लिए नगद पुरस्कारों की घोषणा भी की है।

इंदौर के सूर्यदेव नगर में 4 दिन पुराना शव मिला, बदबू आने पर हुआ खुलासा

घर के वॉशरूम में मिली महिला की डीकंपोज्ड बॉडी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सूर्यदेव नगर में शुक्रवार शाम 38 वर्षीय महिला की उसके घर के वॉशरूम में करीब चार दिन पुरानी डीकंपोज्ड बॉडी मिली। घर से तेज बदबू आने पर पड़ोसियों ने रिश्तेदारों को सूचना दी। इसके बाद रिश्तेदारों ने पुलिस को बुलाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर का ताला तोड़कर बाथरूम से अनुराधा एकतारे (38) का शव बरामद किया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

मां के निधन के बाद अकेली रह रही थी- रिश्तेदारों ने बताया कि अनुराधा की मां रंजना की पिछले साल मौत हो गई थी। इसके बाद से वह घर में अकेली रह रही थी। बताया गया कि अनुराधा अपनी निजी जिंदगी में किसी का दखल पसंद नहीं करती थी और अकेले रहना चाहती थी, इसलिए रिश्तेदारों ने भी उससे दूरी बना ली थी। हालांकि, उसके घर पर कुछ लोगों का आना-जाना बना रहता था।



बदबू आने पर पुलिस को दी सूचना- शुक्रवार को पड़ोसियों ने अनुराधा के घर से तेज बदबू आने पर रिश्तेदारों को फोन किया। रिश्तेदारों ने पुलिस को सूचना दी। शव पूरी तरह डीकंपोज हो चुका था, जिससे मौत कई दिन पहले होने का अनुमान है।

पोस्टमार्टम से साफ होगी मौत की वजह

पुलिस ने शुक्रवार शाम शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। शनिवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा। रिश्तेदारों ने फिलहाल किसी व्यक्ति पर शक नहीं जताया है। पुलिस हादसे समेत दूसरे पहलुओं पर जांच कर रही है। घर पर आने-जाने वाले लोगों से पूछताछ के बाद मौत की वजह और समय का पता चल सकेगा।

मजदूर ने घर का दरवाजा बंद कर लगाई फांसी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पीथमपुर के सागौर थाना क्षेत्र के खेड़ा गांव में शुक्रवार दोपहर एक मजदूर ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना करीब 2 से 3 बजे के बीच की है। मृतक की पहचान खंडवा निवासी सुभाष पिता राम प्रसाद डोहरिया के रूप में हुई है। वह पीथमपुर में मजदूरी करता था। घटना के समय सुभाष ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया था। काफी देर तक कमरे से कोई आवाज नहीं आई तो परिजनों ने खिड़की से अंदर देखा। सुभाष फांसी के फंदे पर लटका मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सागौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और मर्ग कायम किया। इसके बाद सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी प्रकाश सरोदे ने बताया कि सुभाष मूल रूप से खंडवा का रहने वाला था और पीथमपुर में मजदूरी करता था।

इंदौर में लाउडस्पीकर की तेज आवाज पर हाईकोर्ट सख्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में निर्धारित सीमा से अधिक तेज आवाज में बज रहे लाउडस्पीकर और बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने कहा चारों ओर से आ रहीं आवाजें अफसरों को सुनाई नहीं दे रहीं। जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और जस्टिस जय कुमार पिल्लई की डबल बेंच ने राज्य सरकार और पुलिस अधिकारियों को ध्वनि प्रदूषण से जुड़े नियमों का प्रभावी पालन कराने और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मामले में 22 सितंबर को सुनवाई हुई थी, जबकि कोर्ट ने गुरुवार को आदेश जारी किया। मामले की अगली सुनवाई 5 अक्टूबर 2026 को होगी।

कोर्ट ने आदेश में कहा कि पक्षकारों को विस्तार से सुनने के बाद याचिका का निराकरण किया जाना था, लेकिन रात के समय चारों दिशाओं से आ रही तेज आवाजों ने स्थिति बदल दी। बेंच ने कहा कि कोर्ट से घर लौटते समय रास्ते में कई जगह लाउडस्पीकर निर्धारित सीमा से कहीं अधिक तेज आवाज में बजते मिले। बेंच ने कहा कि इससे ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर किए जा रहे प्रयासों और जमीनी स्थिति के बीच अंतर दिखाई देता है। कोर्ट ने शासन के जवाब में किए गए उन दावों का भी उल्लेख किया, जिनमें ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने की बात कही गई थी। हाईकोर्ट ने एक समाचार रिपोर्ट का भी उल्लेख किया, जिसमें जुलूस के दौरान तेज आवाज में बज रहे स्पीकरों के कारण स्कूल में सात वर्षीय बच्चे की मौत होने की बात सामने आई थी।

जहरीली शराब से नहीं, अल्सर फटने से हुई युवक की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पीथमपुर के औद्योगिक नगर सागौर थाना क्षेत्र के दिग्ठान चौकी इलाके के रतवा गांव में दो दिन पहले युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। मृतक की पहचान नवीन चौधरी (30) के रूप में हुई थी। परिवार ने आरोप लगाया था कि युवक की मौत जहरीली शराब पीने से हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद अब मौत की वजह सामने आई है।

घटना के बाद धार जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर संवेदना जताई और पूरी घटना की जानकारी ली। युवक की अचानक हुई मौत के बाद इलाके में जहरीली शराब को लेकर तरह-तरह की बातें शुरू हो गई थीं। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक नवीन की मौत 'गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ब्लीडिंग' यानी पेट और आंतों में अल्सर फटने से ज्यादा खून बहने के कारण हुई है। शुरूआती जांच में जहरीली शराब की आशंका सामने नहीं आई है। मामले की जांच कर रही सागौर पुलिस टीम और धार जिला अस्पताल के आरएमओ डॉ. संजय जोशी ने बताया कि पोस्टमार्टम में जहरीली शराब से जुड़ा कोई लक्षण नहीं मिला है।

मानसून की विदाई से पहले इंदौर में गर्मी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में मानसून की विदाई से पहले मौसम का मिजाज बदल गया है। सितंबर के आखिरी दिनों में बारिश की उम्मीद कमजोर है और तेज धूप के कारण दिन का तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। इस साल सितंबर में अब तक करीब 4 इंच बारिश हुई है। मानसून की अधिकृत विदाई करीब 5 दिन बाद होने की संभावना है। इसके साथ ही सीजन की कुल बारिश करीब 23 इंच पर थमने की स्थिति में है।

इंदौर में इस साल सितंबर की बारिश करीब 4 इंच यानी लगभग 100 मिमी के आसपास रहने की स्थिति बन रही है। 2015 में सितंबर में सिर्फ 26.8 मिमी यानी करीब 1.3 इंच बारिश हुई थी। 2016 में भी सितंबर में करीब 3 इंच पानी बरसा था। इस लिहाज से इस साल का सितंबर पिछले 11 वर्षों में सबसे कमजोर रहा है।

पिछले वर्षों में सितंबर में अच्छी बारिश हुई थी। 2019 में 483.3 मिमी, 2021 में 482 मिमी और 2023 में 516 मिमी बारिश हुई थी। वहीं 2025 में सितंबर में करीब 13 इंच बारिश हुई थी। एक साल में सितंबर की बारिश में बड़ा अंतर इस बार की स्थिति को दिखाता है।

इस बार सिर्फ सितंबर में ही बारिश कम नहीं हुई, बल्कि पूरे मानसून सीजन में भी बारिश कम रही। करीब 23 इंच बारिश के साथ सीजन खत्म होने की स्थिति में है। उपलब्ध वर्षों के आंकड़ों की तुलना में यह करीब 26 साल बाद कमजोर मानसून वाले सीजन में शामिल हो सकता है।

अनंत चतुर्दशी जुलूस में क्राइम ब्रांच का एक्शन

हजारों लोगों की चेकिंग, 55 संदिग्ध पकड़े शराब-गांजा, चाकू सहित ई-सिगरेट जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अनंत चतुर्दशी चल समारोह-2026 के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इंदौर क्राइम ब्रांच ने व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। क्राइम ब्रांच के 137 अधिकारी-कर्मचारियों की 7 टीमों ने चल समारोह और आसपास के इलाकों में लगातार निगरानी, पेट्रोलिंग और संदिग्ध लोगों-वाहनों की जांच की।

पुलिस के मुताबिक इस दौरान करीब 1000 लोगों की चेकिंग की गई और विभिन्न मामलों में 55 संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार शराब, गांजा, चिलम, ई-सिगरेट और धारदार चाकू सहित अन्य सामग्री जब्त की गई। इसके अलावा मोबाइल स्केचिंग, शराब सेवन और भीड़ के बीच मोटरसाइकिल से रेस करने जैसी गतिविधियों पर भी कार्रवाई की गई।

क्राइम ब्रांच द्वारा जारी विवरण के अनुसार कार्रवाई की सूची में कुल 55 लोगों के नाम शामिल हैं। इनमें इंदौर के अलावा धार, देवास, भिंड, उत्तर प्रदेश और अन्य स्थानों के निवासी भी शामिल बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार कार्रवाई किए गए लोगों में 18 से लेकर 38 वर्ष तक की उम्र के व्यक्ति शामिल हैं। कई मामलों में संबंधित थाना पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की गई।



इन गतिविधियों पर की गई कार्रवाई

- शराब सेवन और शराब से संबंधित मामले
- गांजा और चिलम की बरामदगी
- ई-सिगरेट की जब्ती
- धारदार चाकू मिलने पर कार्रवाई
- मोबाइल स्केचिंग से संबंधित कार्रवाई
- भीड़ के बीच मोटरसाइकिल से रेस करने पर कार्रवाई
- संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच
- अन्य संदिग्ध गतिविधियों पर वैधानिक कार्रवाई

अतिशीघ्र आवश्यकता है
महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर
किराये से होम स्टे देना है
(नानाखेड़ा बस स्टैंड के पास अवंतिका होटल के सामने)
ब्रिजा कार (2022 मॉडल-45000किमी)
महाकाल इंजीनियरिंग सर्विसेस
20, सिद्धी विनायक, कॉम्प्लेक्स, शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9425091176 समय : 11:30 से 3 बजे तक

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संपर्क करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com